धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, गुरुवार

02.01.2025

* नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com


रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net

पौष, शुक्ल पक्ष, तृतीया, संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 172



12 उन्नत प्रौद्योगिकी से लैस होगी सेना : राजनाथ

## भारतीय वैज्ञानिकों को समुद्र में मिला खनिज का खजाना

**चेन्नई।** भारत के महत्वाकांक्षी डीप ओशन मिशन ने हिंद महासागर की सतह से 4,500 मीटर नीचे एक एक्टिव हाइड्रोथर्मल वेंट की खोज की है। यह महत्वपूर्ण खोज राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान के वैज्ञानिकों ने भारतीय समुद्र में की है। यह खोज मानवरहित अंडरवाटर व्हीकल के माध्यम से की गयी। यह गहरे समुद्र में खनन और वैज्ञानिक अनुसंधान में भारत की महत्वाकांक्षाओं के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। शोधकर्ताओं के अनुसार यह उपलब्धि भारतीय वैज्ञानिकों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और भविष्य में गहरे समुद्र में एक्सप्लोरेशन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

## धर्मस्थलों में पूजा-पाठ और प्रार्थना से नववर्ष 2025 की हुई शुरुआत



# नये साल के पहले दिन हादसों में गयी दस लोगों की जान

दर्दनाक/दुखद

### खूंटी और लातेहार में पांच लोगों ने गंवायी अपनी जान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/खूंटी/लातेहार।** खूंटी और लातेहार जिले में नये साल के पहले दिन बुधवार को सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गयी। पहली घटना में खूंटी जिले के मुरहू थाना क्षेत्र के पंजाबी कोठी पुल के मोड़ के पास दो बाइकों के बीच सीधी भिड़ंत में दो युवकों की मौत हो गयी। सोएब भुइयां (25) की घटनास्थल पर ही मौत हुई, जबकि दूसरे बाइक पर सवार सुधांशु कुमार जयसवाल (20) की मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गई। सोएब भुइयां पश्चिमी सिंहभूम के गुदड़ी प्रखंड के सिदमा सोनवा गांव का, जबकि सुधांशु गोड्डा जिले का रहने वाला था। हादसे में सुधांशु के साथ सवार कांटाटोली रांची निवासी विक्की कुमार और गोड्डा का आकाश कुमार महतो गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों का इलाज चल रहा है। उधर दूसरी घटना में लातेहार के मनिका थाना क्षेत्र के डिग्री कॉलेज के पास बाइक व बोलेरो की सीधी टक्कर में बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गयी। समाचार लिखे जाने तक मृत युवकों की पहचान नहीं हो पायी थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि घटनास्थल पर ही तीनों युवकों की मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस युवकों को अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।



### हजारीबाग में कुएं में डूबने से पांच की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले के चरही के चुरचू प्रखंड स्थित सरबहा गांव में बुधवार को कुएं में डूबने से पांच लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पारिवारिक विवाद में यह घटना हुई। एक युवक पत्नी से विवाद के बाद बाइक सहित कुएं में कूद गया, जिससे उसकी मौत हो गई। उसे बचाने के लिए चार अन्य लोग भी कुएं में उतरे और उनकी भी जान चली गई।

मृतकों में सुंदर करमाली, राहुल करमाली, सूरज भुइयां, विनय करमाली और पंकज करमाली हैं। विनय करमाली और पंकज करमाली सगे भाई हैं। सभी की उम्र 25 से 28 वर्ष के बीच की है। एक साथ पांच मौत होने से गांव में अफरा-तफरी मच गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शवों को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है।

## न्यूज डायरी

### डीजीपी ने नव प्रोन्नत को किया सम्मानित

**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता ने नव वर्ष के पहले दिन कार्यालय कक्ष में नव प्रोन्नत पुलिस महानिरीक्षक अनुप बिरथरे, पटेल मयूर कन्हैया लाल, पुलिस उप-महानिरीक्षक चन्दन कुमार झा और पुलिस उप महानिरीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा को बैज लगाकर सम्मानित किया।

### स्टील प्लांट में ब्लास्ट चार ठेकाकर्मी जिंदा जल मरे

**सूरत।** गुजरात के सूरत में हजीरा की आर्सेलर मित्तल कंपनी में विस्फोट की घटना में चार मजदूरों की जिंदा जल कर मौत हो गयी। बताया गया कि कोरेक्स आयरन स्मेल्टिंग प्लांट-2 में ब्लास्ट के बाद अचानक आग लग गयी और पास में लिफ्ट रिपेयरिंग का काम कर रहे चार ठेका कर्मचारियों की मौत हो गयी। कई कर्मचारी घायल हो गये हैं।

### नये साल के जश्न में फायरिंग, 10 की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के न्यू ऑरलियन्स शहर में बुधवार सुबह एक भयावह हादसे में 10 लोगों की मौत हो गयी जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हैं। नाइटलाइफ और सांस्कृतिक माहौल के लिए मशहूर बोरबन स्ट्रीट और आइबर्विल के चौराहे पर तेज रफ्तार ट्रक ने भीड़ को कुचल दिया। इसके बाद ट्रक का ड्राइवर बाहर निकला और लोगों पर गोलीबारी शुरू कर दी। दोनों हादसों में दस लोगों की मौत हो गयी।

### छोटी बचत की योजनाओं में ब्याज दरें यथावत

**नयी दिल्ली।** जनवरी-मार्च 2025 तिमाही के लिए छोटी बचत स्कीमों की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वित्त वर्ष 2024-25 की आखिरी तिमाही में मौजूदा ब्याज दरें यथावत रहेंगी। इन योजनाओं में पीपीएफ, सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम, सुकन्या समृद्धि योजना, नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट, महिला सम्मान बचत पत्र और पीओएमआईएस जैसी पोस्ट ऑफिस योजनाएं शामिल हैं। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने यह जानकारी दी।

## सीएम ने खरसावां गोलीकांड के अमर वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

# शहीदों और आंदोलनकारियों को भी मिलेगा सम्मान : हेमंत सोरेन

- आदिवासियों-मूलवासियों के संघर्ष और शहादत से ही आज हमारी पहचान
- आदिवासियों के प्रकृति के प्रति लगाव का अनुसरण कर रहे होते तो प्राकृतिक आपदाओं और पर्यावरण संरक्षण के लिए जद्दोजेहद नहीं करनी पड़ती



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को नव वर्ष के पहले दिन खरसावां गोलीकांड की 77वीं बरसी पर अमर वीर शहीदों को अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम ने कहा कि यह दिन खरसावां गोलीकांड के अमर वीर शहीदों के प्रति सम्मान और आदर के साथ उनके दिखाए पथ पर आगे बढ़ने के संकल्प लेने का दिन है। सीएम ने कहा कि सिंहभूम के गुआ में हुए गोलीकांड के शहीदों को उनकी सरकार ने सम्मान दिया है, उसी तरह खरसावां गोलीकांड के शहीदों और आंदोलनकारियों को राज्य सरकार ढूंढेगी और उनके परिजनों को नियुक्ति देकर सम्मानित करेगी। उन्होंने कहा कि आज अगर आदिवासियों के प्रकृति के प्रति लगाव का अनुसरण कर रहे होते तो आपदाओं और पर्यावरण संरक्षण के लिए इतनी जद्दोजेहद नहीं करनी पड़ती। मौके पर मंत्री दीपक बिरुवा, मंत्री रामदास सोरेन, सांसद जोबा मांझी, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक दशरथ गगराई, सुखराम उरांव, सविता महतो एवं जगत मांझी समेत अनेकों विशिष्ट जन तथा हजारों लोग मौजूद थे।

### शहादत की पहचान है यह शहीद स्थल

मुख्यमंत्री ने कहा कि खरसावां का शहीद स्मारक आदिवासी समुदाय के हक-अधिकार को लेकर किए गए संघर्ष और शहादत का प्रतीक है। हमारे आदिवासियों और मूलवासियों का जीवन हमेशा से संघर्षमय रहा है। इन्हीं के संघर्ष और शहादत की वजह से ही आज हमारी पहचान है। हमारे ये शहीद स्थल सदैव हमारे मार्गदर्शक रहेंगे।

### शहीद स्मारक का पूर्ण रूपेण होगा विकास

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार खरसावां गोलीकांड के शहीदों के सम्मान में निर्मित शहीद स्मारक के पूर्ण रूपेण विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। मंत्री, विधायक और उपायुक्त के साथ बैठक में उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं के विस्तार के साथ विकास की नई कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया।

### आदिवासियों का प्रकृति से रहा है गहरा जुड़ाव

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी समुदाय का हमेशा से प्रकृति के साथ गहरा जुड़ाव रहा है।। जल -जंगल और जमीन की रक्षा के लिए वे शुरू से संघर्ष करते रहे हैं। आज अगर प्रकृति के प्रति लगाव को लेकर आदिवासी समुदाय के पद चिन्हों पर चलते हुए उसका अनुसरण कर रहे होते तो प्राकृतिक आपदाओं तथा पर्यावरण संरक्षण की खातिर इतनी जद्दोजेहद नहीं करनी पड़ती।

## आत्मनिर्भर बनने की ओर अपना झारखंड

# नये साल में राज्य को मिलेगा 4000 मेगावाट का सुपर थर्मल पावर प्लांट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नए साल 2025 में झारखंड को 4000 मेगावाट का सुपर थर्मल पावर प्लांट मिलेगा। झारखंड बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो जाएगा। हालांकि 2024 में ही इस पावर प्लांट को शुरू किया जाना था। राज्य सरकार और एनटीपीसी के साथ समझौते के अनुसार 85 फीसदी बिजली राज्य सरकार को मिलेगी। केंद्र सरकार की ओर से कहा गया था कि जो भी सहयोग राज्य सरकार को चाहिए केंद्र की ओर से मिलेगा। केंद्र ने यह भी कहा था कि पावर प्लांट को प्राथमिकता के आधार पर शुरू कराने का प्रयास राज्य सरकार करें।

**पतरातू पावर प्लांट की पीएम ने की थी समीक्षा** : पीएम नरेंद्र मोदी ने 26 मई 2022 को पतरातू पावर प्लांट की ऑनलाइन समीक्षा की थी। इस दौरान झारखंड के मुख्य सचिव ने पीएम मोदी को बताया था कि वर्ष 2024 से पतरातू में निर्माणाधीन 4000 मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट से बिजली उत्पादन होने लगेगा। हालांकि अब 2025 में इससे बिजली उत्पादन होने लगेगा।

**जेबीवीएनएल और एनटीपीसी के बीच बनी ज्वाइंट वेंचर कंपनी**

वर्ष 2015 में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड और एनटीपीसी के बीच ज्वाइंट वेंचर कंपनी पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) बनी। वर्ष 2016 में कंपनी को एनटीपीसी हवाले किया गया। इसके बाद इस वर्ष जनवरी में भेल को इसका कायार्देश दिया गया।

**एनटीपीसी व जेबीवीयूएनएल 74:26 का शेयरधारक** : करार के अनुसार, एनटीपीसी 74 प्रतिशत व जेबीवीयूएनल 26 प्रतिशत का शेयर धारक है। जेबीवीयूएनएल पैसा नहीं लगाएगी। कंपनी जमीन, कोयला और पानी देगी। पैसा एनटीपीसी लगायेगी। एनटीपीसी बैंक से लोन लेकर पैसा लगाएगी और झारखंड सरकार का ऊर्जा विभाग इसकी मॉनिटरिंग करेगा।

## भारत और पाकिस्तान ने अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची एक-दूसरे को सौंपी

- दोनों देशों के बीच सूची का लगातार 34वां आदान-प्रदान



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान ने बुधवार को द्विपक्षीय समझौते के तहत अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया। यह समझौता दोनों देशों को एक-दूसरे के परमाणु ठिकानों पर हमला करने से रोकता है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत और पाकिस्तान ने आज नई दिल्ली और इस्लामाबाद में राजनयिक माध्यमों से एक साथ दोनों देशों के बीच परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं पर हमले के निषेध पर समझौते के अंतर्गत शामिल परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं की सूची एक-दूसरे को सौंपी।

बयान में कहा गया है कि 31 दिसंबर 1988 को हस्ताक्षरित और 27 जनवरी 1991 को लागू हुए इस समझौते में अन्य बातों के साथ-साथ यह भी प्रावधान है कि भारत और पाकिस्तान प्रत्येक कैलेंडर वर्ष की पहली जनवरी को समझौते के अंतर्गत आने वाले परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं के बारे में एक-दूसरे को सूचित करेंगे। यह दोनों देशों के बीच ऐसी सूचियों का लगातार 34वां आदान-प्रदान है। पहला आदान-प्रदान 1 जनवरी 1992 को हुआ था।

## नेपाल ने शुरू किया राष्ट्रव्यापी 'बाल विवाह मुक्त' अभियान

**नयी दिल्ली।** नवंबर 2024 में भारत द्वारा 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान शुरू करने के बाद नेपाल ने भी बाल विवाह को समाप्त करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू कर दक्षिण एशिया क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। नेपाल सरकार द्वारा शुरू किया गया 'बाल विवाह मुक्त नेपाल' अभियान में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) और बैकवर्ड एजुकेशन सोसायटी (बेस) नेपाल रणनीतिक भागीदार हैं। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के संस्थापक और प्रख्यात बाल अधिकार कार्यकर्ता भुवन ऋभु ने बताया कि अभियान का उद्घाटन मंगलवार को काठमांडू में एक कार्यक्रम में किया गया।

## न्यूनतम तापमान 6.1 डिग्री से. मौसम विभाग का पूर्वानुमान, अगले तीन दिनों तक राहत नहीं

# झारखंड में सर्दी का सितम, बर्फीली हवाओं के कारण चल रही शीतलहर

मौसम पूर्वानुमान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उत्तरी-पश्चिमी दिशा से पहुंच रही बर्फीली हवाओं ने झारखंड के तापमान को गिरा दिया है। इससे ठिठुरन बढ़ गयी है। वहीं कोहरे के कारण सुबह-शाम विजिविलिटी भी कम हो गयी है। मौसम विभाग के अनुसार आनेवाले दो-तीन दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा। विभाग के अनुसार बुधवार को झारखंड का सबसे कम न्यूनतम तापमान गुमला में 6.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सर्वाधिक उच्चतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में रहा। मौसम विभाग ने बताया कि बुधवार की सुबह सबसे कम विजिबिलिटी 1000 मीटर जमशेदपुर की रही। सुबह में हल्के दर्जे का कोहरा छाया रहा और पहाड़ों से आ रही सर्द हवाओं ने लोगों की दिनचर्या को प्रभावित किया।



**न्यूनतम तापमान में बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं** : मौसम विभाग ने कहा है कि अगले 2-3 दिन तक न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने के संकेत नहीं हैं। इसके बाद न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री तक बढ़ सकता है। यानी झारखंड के लोगों को रविवार से शीतलहर वाली सर्दी से राहत मिलने वाली है। गुरुवार की मौसम की बात करें, तो सुबह में हल्के दर्जे का कोहरा या धुंध छाया रह सकता है। फिर आसमान साफ हो जाएगा।

**रांची का अधिकतम और न्यूनतम तापमान 1 डिग्री बढ़ने की संभावना** : मौसम केंद्र रांची के एक मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि राजधानी रांची में अधिकतम और न्यूनमत तापमान में सामान्य वृद्धि होने का अनुमान है। 2 जनवरी को रांची का उच्चतम तापमान 22 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेंटीग्रेड रह सकता है। एक जनवरी को रांची का अधिकतम तापमान 21 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस रहा। झारखंड के लिए कोई मौसम चेतावनी जारी नहीं की गई है।

गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 71700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 90000 रु./प्रति किलो |




## केंद्र सरकार ने डीएपी फर्टिलाइजर के लिए अतिरिक्त सब्सिडी को दी मंजूरी

# नये साल में किसानों को तोहफा, खाद पर सब्सिडी बढ़ी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** नये साल में मोदी सरकार की पहली कैबिनेट की बैठक किसानों के नाम रही। साल के पहले दिन बुधवार को हुई बैठक में डीएपी फर्टिलाइजर के लिए स्पेशल पैकेज को मंजूरी दी गयी। कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार ने डीएपी फर्टिलाइजर के लिए 3,850 करोड़ रुपये का एकमुश्त पैकेज दिया है। किसानों को 1,350 रुपये प्रति 50 किलोग्राम की दर से डीएपी उर्वरक मिलता रहेगा। वहीं अतिरिक्त लागत सरकार वहन करेगी। केंद्र सरकार द्वारा यह सब्सिडी (स्पेशल पैकेज) 31 दिसंबर 2025 तक दी गई है।





**किसानों को डीएपी का 50 किलो का बैग 1,350 रुपये में मिलेगा** : केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को बताया कि किसानों को डीएपी का 50 किलो का बैग 1,350 रुपये में उपलब्ध कराया जाएगा। यह वन टाइम पैकेज काफी महत्वपूर्ण है। पड़ोस के देशों में डीएपी का 50 किलो का बैग तीन हजार रुपये से ज्यादा में मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि अंतरराष्ट्रीय मार्केट में भले ही कैसे भी स्थिति आ जाए हमें अपने किसानों को सुरक्षित करना है। उनके ऊपर बोझ नहीं डालना है। उन्होंने राज्य सरकारों से अपील की है कि डीएपी के नाम पर कुछ लोग किसानों को ठगने का प्रयास करेंगे। मैं उन्हें चेतावनी देता हूं कि अगर कोई ऐसा करते हैं तो उन पर कार्रवाई की जाएगी।

**पैकेज पर लगभग 3,850 करोड़ रुपये की लागत आयेगी** : उन्होंने बताया कि इस पैकेज पर लगभग 3,850 करोड़ रुपये की लागत आयेगी। साल 2014 से लेकर अब तक कोविड-19 का वह दौर भी आया जब स्थिति काफी खराब थी लेकिन, केंद्र सरकार ने सुनिश्चित किया है कि किसानों को बाजार के उतार-चढ़ाव का खामियाजा न उठाना पड़े। वित्त वर्ष 2014-24 तक उर्वरक सब्सिडी 11.9 लाख करोड़ रुपये थी जो 2004-14 के दौरान दी गई सब्सिडी से दोगुनी से भी अधिक है।

**मौसम आधारित फसल बीमा योजना को 2025-26 तक जारी रखने की मंजूरी** : कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को 2025-26 तक जारी रखने को मंजूरी दी। इस निर्णय से 2025-26 तक देश भर के किसानों के लिए न रोकी जा सकने वाली प्राकृतिक आपदाओं से फसलों के जोखिम कवरेज में मदद मिलेगी। इसके अलावा, योजना के क्रियान्वयन में बड़े पैमाने पर प्रौद्योगिकी के उपयोग से पारदर्शिता और दावा गणना और निपटान में वृद्धि होगी। इसके लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 824.77 करोड़ रुपये की राशि के साथ नवाचार और प्रौद्योगिकी कोष (एफआईएटी) के निर्माण को भी मंजूरी दी है।

## राज्यवासियों को नये साल की दी शुभकामनाएं

# सबके योगदान से झारखंड को अग्रणी राज्यों में करायेंगे शुमारः हेमंत सोरेन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने समस्त राज्य वासियों को नूतन वर्ष 2025 की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। श्री सोरेन ने कहा कि राज्यवासियों के योगदान से झारखंड को देश के अग्रणी राज्य में शुमार करायेंगे। मुख्यमंत्री ने सभी से राज्य के विकास में सहयोगी बनने की अपील की है। सीएम ने राज्यपाल से मुलाकात कर उन्हें नये साल की बधाई दी।

इधर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्य सचिव अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, डीजीपी अनुराग गुप्ता, ग्रामीण विकास सचिव के. श्रीनिवासन, आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा, निदेशक खान राहुल सिन्हा, आईजी अखिलेश झा, आईजी एसटीएफ अनूप बिरथरे, सिटी एसपी रांची राजकुमार मेहता ने मुलाकात कर उन्हें नये साल की बधाई दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की।



# झारखंड में बुनियादी बदलाव लाने का प्रयास करेगी राज्य सरकार : नगर विकास मंत्री

● हेमंत सोरेन सरकार न्यायालय के आदेशों का सम्मान करते हुए जनता को उनका जन प्रतिनिधित्व का अधिकार देने के लिए प्रतिबद्ध है



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नववर्ष 2025 के अवसर पर झारखंड के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने गिरिडिह में झारखंड के विकास और जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। मंत्री ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार न्यायालय के आदेशों का सम्मान करते हुए जनता को उनका जन प्रतिनिधित्व का अधिकार देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि तमाम अड़चनों को दूर कर निकाय चुनाव की दिशा में कदम बढ़ाएंगे। शहरी क्षेत्रों में जनता की अपेक्षाओं को पूरा करना और सुशासन का प्रशासन दिलाना सरकार की प्राथमिकता है।

### झारखंड में दिखेगा बुनियादी बदलाव

मंत्री ने कहा कि झारखंड की जनता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरना सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि पिछले 24 वर्षों में जनता की अपेक्षाओं का आंशिक रूप से ही समाधान हो पाया था। अबुआ राज का सपना साकार करने के लिए सरकार दृढ़ संकल्पित है। हमें पूरी उम्मीद है कि इस वर्ष में ही झारखंड के पुराने स्वरूप और वर्तमान स्वरूप में बुनियादी अंतर दिखेगा।

### नेशनल इंडिकेटर में सुधरेगा झारखंड का रैंक

मंत्री सुदिव्य ने कहा कि झारखंड को राष्ट्रीय सूचकांक में बेहतर रैंक दिलाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं को पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जो जवाबदेही सौंपी है, उसमें गुणात्मक परिवर्तन लाने की कोशिश की जाएगी।

### उच्च शिक्षा के क्षेत्र में होगा सुधार

झारखंड में उच्च और तकनीकी शिक्षा के विकास पर जोर देते हुए मंत्री सुदिव्य ने कहा कि राज्य के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक अवसर प्रदान करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गिरिडीह में सर जेसी बोस विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज और आरके महिला महाविद्यालय के विस्तारित कैंपस की आधारशिला रखी गई है। बतौर मंत्री, मेरी प्राथमिकता अब पूरे राज्य की योजनाओं को सफल बनाना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि गिरिडीह के बच्चों को अपने जिले में जल्द से जल्द यूनिवर्सिटी की सुविधाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण कार्य में लगने वाले समय को कम करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा

मंत्री ने कहा कि झारखंड में सुशासन सुनिश्चित करना सरकार का प्रमुख उद्देश्य है। हम समाज के अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों को पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नववर्ष के साथ झारखंड सरकार ने जनता को विकास की नई उम्मीदें दी हैं। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य को सुशासन और विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

# 2025 में झारखंड हाईकोर्ट को नये जज मिलने की उम्मीद

## हाईकोर्ट में 25 स्वीकृत पद, लेकिन जजों की संख्या सिर्फ 18

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** साल 2025 में झारखंड हाईकोर्ट को नये जज मिलने की उम्मीद है। हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 25 है। लेकिन फिलहाल 18 न्यायाधीश ही कार्यरत हैं। साल 2024 में जस्टिस रत्नाकर भेंगरा और जस्टिस सुभाष चंद रिटायर हो गये। वहीं अगले वर्ष (2025) की शुरुआत में एक और न्यायाधीश जस्टिस डॉ एसएन पाठक भी सेवानिवृत्त हो जायेंगे। जिसके बाद सीटिंग जजों की संख्या घटकर 17 हो जायेगी। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि अगले वर्ष झारखंड हाईकोर्ट में नये जजों की नियुक्ति की जायेगी।

**बार के अधिवक्ताओं को जजों की नियुक्ति में मिल सकती है जगह**



हाईकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार बताते हैं कि हाईकोर्ट में स्वीकृत जजों की संख्या 25 है। दो जजों के रिटायर होने के बाद जजों की संख्या में कमी आयी है और इसका असर लंबित मामलों की सुनवाई पर पड़ेगा। ऐसे में नये वर्ष में यह उम्मीद की जा रही है कि हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति शीघ्र करने पर विचार किया जायेगा, ताकि लंबित मामलों का तेजी से निपटारा हो। अधिवक्ता धीरज कुमार ने यह भी उम्मीद जतायी है कि अगले वर्ष हाईकोर्ट में होने वाली जजों की नियुक्ति में बार के अधिवक्ताओं को भी जगह मिलेगी।

**न्यायाधीश जस्टिस रत्नाकर भेंगरा 4 अक्टूबर 2024 में हुए सेवानिवृत्त**

बता दें कि 4 अक्टूबर 2024 को झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रत्नाकर भेंगरा सेवानिवृत्त हो गये। जस्टिस रत्नाकर भेंगरा ने वर्ष 1988 में न्यायिक क्षेत्र में वकील के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी। जिसके बाद वर्ष 2015 में उन्हें हाईकोर्ट का जज नियुक्त किया गया था। वर्ष 2017 में जस्टिस रत्नाकर भेंगरा को हाईकोर्ट का स्थायी जज नियुक्त किया गया था। वहीं इलाहाबाद हाईकोर्ट से झारखंड हाईकोर्ट आये जस्टिस सुभाष चंद इसी महीने की 20 तारीख को रिटायर हो गये हैं। इसके बाद अब हाईकोर्ट में फिलहाल चीफ जस्टिस समेत सिर्फ 18 जज ही कार्यरत हैं।

## शीतकालीन अवकाश के बाद आज से खुलेगा हाईकोर्ट और सिविल कोर्ट

**रांची।** सर्दियों की छुट्टी के बाद झारखंड हाईकोर्ट के साथ सिविल कोर्ट की कार्यवाही गुरुवार दो जनवरी से शुरू हो जाएगी। शीतकालीन अवकाश को लेकर हाईकोर्ट 21 दिसंबर से और सिविल कोर्ट 22 दिसंबर से 1 जनवरी तक बंद रहा। अवकाश के 12 दिनों बाद हाईकोर्ट नियमित रूप से बैठेगा। पहले दिन कई जनहित याचिकाएं समेत अन्य महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। वहीं, सिविल कोर्ट में भी कई महत्वपूर्ण याचिकाएं सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैं।

# खरसांवा गोली कांड के शहीदों को नमन

## हम किसी को सम्मान नहीं दे सकते तो हम सम्मान के हकदार भी नहीं है : अर्जुन मुंडा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** आजाद भारत के सबसे भीषण गोलीकांड खरसावां गोली कांड के शहीदों को पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व विधायक मंगल सिंह सोय, बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता जेबी तुबिद, पूर्व प्रत्याशी मीरा मुंडा, जिलाध्यक्ष भाजपा सरायकेला उदय सिंहदेव, विजय महतो पूर्व जिला अध्यक्ष एवं सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहीद बेदी पर पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अर्जुन मुंडा ने कहा कि आज ही के दिन 1 जनवरी 1948 को आजाद भारत में पहली गोली कांड की घटना इस स्थान पर घटित हुई थी और अनगिनत लोग मारे गए थे। उन्होंने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि यहां वर्षों से 1 जनवरी को श्रद्धांजलि अर्पित करने की परंपरा और स्थान की गरिमा को बनाए रखने के लिए हम सब ने प्रयास किया है। देश में कांग्रेस कालीन सरकार ने गोली चलवाई। धरती पुत्रों ने अपना बलिदान देकर इस स्थान को एक प्रेरणा स्थल के रूप में परिवर्तित कर दिया। लंबे कालखंड तक इस स्थान की महानता विभिन्न सरकारों ने नजर अंदाज किया। पूर्व में इस स्थान पर बाजार लगता था, जिससे शहीद स्थल की गरिमा धूमिल होती थी।

उन्होंने कहा कि जनता ने मुझे जब इस क्षेत्र का जनप्रतिनिधि चुना तो स्थान की गरिमा को बनाए रखने के लिए भरपूर कोशिश की। इस बात की खुशी है कि आज हजारों की तादाद में लोग श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए नए साल में आते हैं। आज समस्त देश शोक मना रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन के सम्मान में 7 दिनों का राजकीय शोक घोषित होने के बाद भी जगह-जगह विभिन्न राजनीतिक दलों के बैनर-पोस्टर लगे हैं। इसमें कहीं न कहीं प्रशासनिक विफलता परिलक्षित होती है। यह भी दर्शाता है कि उन राजनीतिक दलों को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉ मनमोहन सिंह के प्रति संवेदना नहीं है। राष्ट्रीय शोक के समय हमारा आचरण कैसा होना चाहिए। इसकी जानकारी राजनीतिक दलों एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों को होनी चाहिए। हम किसी को सम्मान नहीं दे सकते तो हम सम्मान के हकदार भी नहीं है। उन्होंने कहा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के मौके पर भारत सरकार ने देश भर के शहीदों को चिन्हित कर उन्हें सम्मान देने का निर्णय लिया है। उन्होंने राज्य सरकार से इसमें सहयोग करने की अपील की।

### नए साल में भी जनहित में हमारी सक्रियता बनी रहेगी : डॉ लंबोदर

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राज्यवासियों को नए वर्ष की बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि नए साल में हमारा जन सरोकार बना रहेगा। राज्यहित और जनहित में हमारी सक्रियता बनी रहेगी। लोगों के सुख-दुख का साथी बना रहूंगा। घर-घर से हमारा जुड़ाव बना रहे, इसको लेकर हमारा निरंतर प्रयास रहेगा। गोमिया विधानसभा क्षेत्र की जनता से हमारा अपनापन है, यह आगे भी बना रहेगा। क्षेत्र के लोगों का कल्याण हो, उन्नति, तरक्की व प्रगति हो, इसको लेकर भी हम निरंतर प्रयासरत रहेंगे। नये साल में क्षेत्र विकास के मामले में आगे रहे, इसको लेकर सकारात्मक प्रयास करते रहेंगे। राज्य व क्षेत्र से जुड़े विषयों को मुखरता से उठाएंगे। नए साल में लोग विकासपरक सोच के साथ आगे बढ़ें, सकारात्मक एवं सार्थक जनहित के कार्यों में भागीदारी निभाएं ,शांति व सद्भाव का वातावरण बना रहे, यह हमारी कामना है।

# गडकरी के पत्र के बाद आला अफसरों की खुली नींद

● सीएस ने बुलायी बैठक, लंबित हाइवे परियोजनाओं की होगी समीक्षा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के द्वारा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सड़क निर्माण कार्य में मांगे गये सहयोग के बाद राज्य सरकार के आला अधिकारी भी अब हरकत में आ गये हैं। मुख्य सचिव अलका तिवारी ने इस संबंध में सात जनवरी को एक उच्चस्तरीय बैठक बुलायी है। इसमें पथ निर्माण विभाग, भू-राजस्व विभाग, वन, पर्यावरण विभाग व पुलिस के भी आला अधिकारी शामिल होंगे। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में पथ निर्माण विभाग, सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार व एनएचएआई द्वारा क्रियान्वित परियोजनाओं की समीक्षा की जायेगी।

**विलंब के कारण लंबित परियोजनाओं की होगी समीक्षा**

इस बैठक में विशेष रूप से भू-अर्जन व वनभूमि आदि की प्रक्रियाओं में विलंब के कारण लंबित परियोजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जायेंगे। बैठक में वन भूमि क्लीयरेंस को लेकर वन सचिव से विशेष रूप से पहल करने को कहा जायेगा। वनभूमि के बदले गैर वन भूमि वन विभाग को ट्रांसफर करने की नियम की वजह से कई हाइवे परियोजना लटक रही है, एनएचएआई के पास इतनी गैर वन भूमि नहीं है जिसे वन विभाग को हस्तांतरित किया जा सके, ऐसे में बैठक में इसके निदान पर विशेष रूप से चर्चा की जायेगी। इसके अलावा भू-अर्जन व मुआवजा वितरण के 1380 करोड़ रुपये करने पर भी तेजी लाने को कहा जायेगा।

**सीएस से हर माह समीक्षा कराने का है अनुरोध**

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने हाइवे परियोजनाओं के क्रियान्वयन पर चिंता जतायी थी और राज्य के मुख्यमंत्री से विकास कार्यों में व्यक्तिगत पहल करने का अनुरोध भी किया था। गडकरी ने कहा था कि सीएम राज्य की मुख्य सचिव को यह निर्देशित करें कि वे हर माह सड़क परियोजनाओं की समीक्षा करें ताकि इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन में विलंब न हो। समय पर प्रोजेक्ट पूरे किए जा सके। बता दें कि अभी वाराणसी-कोलकाता हाइवे के सभी छह परियोजनाओं पर काम रूका हुआ है, इसके अलावा 19 अन्य चालू प्रोजेक्ट के काम में देरी हो रही है। जमीन अधिग्रहण, मुआवजा वितरण में देरी व कई जगह अतिक्रमण को हटाने में प्रशासन की सुस्ती को इसके लिए जिम्मेवार माना गया है।

# राज्य के 59 हजार पारा शिक्षकों को नये साल से मिलेगा बढ़ा मानदेय

● जनवरी से चार फीसदी बढ़ा हुआ मानदेय मिलेगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के 59 हजार पारा शिक्षकों (सहायक अध्यापकों) के लिए बड़ी खबर है। नये साल में जनवरी से उन्हें चार फीसदी बढ़ा हुआ मानदेय मिलेगा। स्कूली शिक्षा विभाग ने अगले तीन साल यानि 2027 तक के लिए बढ़ोत्तरी की राशि तय कर दी है।

**किसे कितना मिलेगा मानदेय**

- जनवरी 2025 से छठी से आठवीं में पढ़ाने वाले टेट पास पारा शिक्षकों को 25,200 रुपये मिलेंगे।
- जनवरी 2025 में वर्ग एक से पांचवीं तक पढ़ाने वाले टेट पास पारा शिक्षकों को 23,530 रुपये मिलेंगे।
- सिर्फ प्रशिक्षित शिक्षकों छठी से आठवीं तक को पढ़ाने वालों को 20,384 रुपये मिलेंगे।
- आकलन परीक्षा पास पारा शिक्षकों को 21,788 रुपये दिये जाएंगे।
- सिर्फ प्रशिक्षित वर्ग एक से पांच पारा शिक्षक को 18,816 रुपये दिये जाएंगे।
- इस कटेगरी में जो आकलन परीक्षा पास हैं, उन्हें 20,112 रुपये मिलेंगे।
- पारा शिक्षकों के मासिक मानदेय की गणना आकलन परीक्षा के परिणाम की तिथि 29 सितंबर 2023 के आधार पर की गई है।

**वर्तमान में कितना मिल रहा मानदेय**

- वर्तमान में जनवरी 2024 से छठी से 8वीं में पढ़ाने वाले टेट पास पारा शिक्षकों को 24,300 और पहली से 5वीं वाले टेट पास पारा शिक्षकों को 22,680 दिये जा रहे हैं।
- वर्तमान में प्रशिक्षित पारा शिक्षकों (वर्ग छह से आठ) को 19,656, जबकि आकलन पास के बाद 21,008 रुपये दिये जा रहे हैं।
- वर्तमान में सिर्फ प्रशिक्षित (वर्ग एक से पांच) पारा शिक्षकों को 18,144 रुपये और आकलन परीक्षा पास करने वाले को 19,392 दिये जा रहे हैं।

### दिशोम गुरु शिबू सोरेन से मिले बंधु तिर्की, लिया आशीर्वाद



**रांची।** नववर्ष 2025 के पहले दिन दिशोम गुरु शिबू सोरेन से पूर्व मंत्री और झारखड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने उनके आवास पर मुलाकात की। श्री तिर्की ने श्री सोरेन को पुष्पगुच्छ भेंट की और उनके दीघार्यु और स्वस्थ जीवन की कामना की। श्री तिर्की ने दिशोम गुरू शिबू सोरेन की पत्नी और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की माता रुपी सोरेन से भी भेंट कर उन्हें पुष्पगुच्छ दिया एवं नये साल की शुभकामनायें देते हुए स्वस्थ एवं लम्बी आयु की कामना की। सोरेन दंपति ने भी श्री तिर्की को आशीर्वाद दिया और नववर्ष की शुभकामनायें दी।

# नये साल में हेमंत सरकार के मंत्रियों को बंगला देने की तैयारी

● विधायकों के लिए भी तैयार किये जा रहे हैं आवासों की सूची

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के सभी 11 कैबिनेट मंत्रियों को बंगला देने की तैयारी तेज हो गयी है। एचईसी स्मार्ट सिटी में बंगला बनकर तैयार है, जिसे फिनिशंग टच दिया जा रहा है। अधिकारियों की मानें तो खरमास खत्म होने के साथ ही मंत्रियों को आवास अलॉट कर दिया जायेगा। इसी माह की 15 जनवरी तक मंत्रियों का गृह प्रवेश कराने की तैयारी चल रही है।

वहीं, दूसरी ओर राज्य के नवनिर्वाचित विधायकों को अब तक रहने के लिए आवास आवंटित नहीं किया गया है। उनके आवास के लिए फिलहाल सूची ही तैयार हो रही है।

अधिकारियों ने बताया कि कई विधायक ने एक ही आवास को लेने के लिए अपनी इच्छा जतायी है। यही कारण है कि आवंटन में थोड़ी परेशानी हो रही है। हालांकि पहले भी जो विधायक रहे थे वो अभी उस विधायक आवास पर जमे हैं, वहीं कुछ हारे हुए विधायकों को भी आवास में रहने देना है या नहीं, इस पर भी फिलहाल मंथन चल रहा है।

भवन निर्माण विभाग ने विधायक आवास की पूरी सूची और विधायकों की लिस्ट राज्य के मुख्यमंत्री के समक्ष भेजी है। वहीं, इसे अंतिम रूप दिया जायेगा।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आवासीय कार्यालय में मिले अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार



**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार ने मुलाकात कर उन्हें नववर्ष 2025 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने भी उन्हें अपनी ओर से नूतन वर्ष की हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएं दी।

### पूर्वी सिंहभूम के एसएसपी किशोर कौशल समेत 4 आईपीएस को मिला सिलेक्शन ग्रेड

**रांची।** पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के एसएसपी किशोर कौशल समेत झारखंड के चार आईपीएस को सिलेक्शन ग्रेड में प्रोन्नति दी गई है। इससे संबंधित अधिसूचना गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने मंगलवार की रात जारी की है। जिन आईपीएस अधिकाारियों को सिलेक्शन ग्रेड में प्रोन्नति मिली है, उनमें किशोर कौशल के अलावा अंजनी कुमार झा, मोहम्मद अर्शी और आनंद प्रकाश शामिल हैं।

**उपलब्धियों से भरा रहा झारखंड पुलिस का साल 2024**

# 4 नक्सली गिरफ्तार, एटीएस ने अलकायदा के चार आतंकवादियों को किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड पुलिस के लिए साल 2024 उपलब्धियां से भरा रहा। आईजी अभियान एवी होमकर, सीआईडी आईजी असीम विक्रांत मिंज और डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम ने मंगलवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय में एक प्रेसवार्ता आयोजन कर झारखंड पुलिस की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने इन एक सालों में झारखंड पुलिस द्वारा किये गये कार्यों और उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी।

**वर्ष 2024 में 244 नक्सली हुए गिरफ्तार :** साल 2024 में कुल 244 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें एक सैक सदस्य, दो जोनल कमांडर, छह सब जोनल कमांडर और छह एरिया कमांडर शामिल है। इसमें मुख्य रूप से जयादी उर्फ चिंता (सैक सदस्य), शंभु गंझू उर्फ रवि गंझू (जोनल कमांडर, 10 लाख का इनामी) और सीताराम रजवार उर्फ रमन रजवार (10 लाख का इनामी) शामिल है। इसके अलावा टीपीसी उग्रवादी आदेश कुमार गंझू, सबीता शर्मा उर्फ राजा जी उर्फ अभिषेक, शिवराज सिंह (पांच लाख का इनामी), नेशनल भुईंया (पांच लाख का इनामी), फेंकू भुइयां उर्फ सर्वनाश रंथु उरांव उर्फ गुरूचरण उरांव (पांच लाख का इनामी) और इरफान अंसारी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। इन गिरफ्तार नक्सलियों के खिलाफ राज्य सरकार ने कुल 36 लाख रुपए के इनाम की राशि घोषित की थी।

**24 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण :** साल 2024 में अब तक 24 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इनमें चार जोनल कमांडर, एक सब जोनल कमांडर, तीन एरिया कमांडर और एक सदस्य शामिल है। इसके अलावा वर्ष 2024 में पुलिस-उग्रवादी मुठभेड़ में नौ नक्सली मारे गये। वर्ष-2024 में अब तक नक्सलियों से कुल-123 हथियार बरामद किये गये, जिसमें पुलिस से लुटा गया 35 हथियार, सात रेगुलर हथियार और 81 देसी हथियार शामिल है। इसके अतिरिक्त 5234 गोली, 246.40 किग्रा विस्फोटक पदार्थ और 13.39 लाख रुपए लेवी की राशि की भी बरामदगी की गयी है। साथ ही झारखंड पुलिस ने नक्सलियों द्वारा बिछाये गये 239 आईईडी नष्ट किये।

**साइबर अपराध के 1295 मामले दर्ज :** साल 2024 में साइबर अपराध से जुड़े कुल 1295 मामले सामने आये इन मामलों में पुलिस ने 971 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### एटीएस ने संगठित गिरोह के 154 अपराधियों को एटीएस ने धर दबोचा

साल 2024 झारखंड में संगठित अपराध से संबंधित कुल 97 मामले दर्ज हुए। जिसमें संगठित गिरोह के कुल 154 अपराधियों को पकड़ा गया। पांडेय गिरोह के 41, अमन साव गिरोह के 43, प्रिंस खान गिरोह के चार, सुजित सिन्हा गिरोह के एक, अमन श्रीवास्तव गिरोह के तीन, अखिलेश सिंह गिरोह के चार और अन्य 58 अपराधियों को को गिरफ्तार किया गया। इनमें से एक महत्वपूर्ण गिरफ्तारी पांडे गिरोह के सेकेंड-इन-कमांड गोविंद राय की भी थी, जिसके ऊपर 25 हजार रुपये का इनाम था। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पांच हथियार, 67 गोली, एक देसी बम, नौ मोबाइल फोन, दो मोटरसाईकिल और 63 हजार रुपए बरामद किये गये।

इनके पास से पुलिस ने 2118 मोबाइल फोन, 2905 सिम कार्ड, 606 एटीएम कार्ड, 165 विभिन्न बैंकों की पासबुक, 45 चेकबुक, 52 लैपटॉप, 12 चार पहिया वाहन और 70 अन्य वाहन जब्त किये। इसके साथ ही 8.17 करोड़ रुपये नकद बरामद किये गये और खाते में 77.20 लाख रुपये फ्रिज किये गये।

साइबर अपराध की रोकथाम के लिए प्रतिबिंब एप भी कारगर साबित हुआ। इसके इस्तेमाल से राज्य के विभिन्न जिलों में 274 मामले दर्ज किये गये। इन मामलों में 898 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से पुलिस ने 2501 सिम कार्ड और 1774 मोबाइल फोन जब्त किये। इसके अलावा, खाते में 66.43 करोड़ रुपये फ्रीज किये और 3.27 करोड़ रुपये पीड़ितों को दिये।

**नशा कारोबार से जुड़े 1362 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार :** झारखंड पुलिस ने साल 2024 में मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाये। इस दौरान राज्य में कुल 788 मामले दर्ज हुए, जिनमें 1362 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने 1407.1 कि.ग्रा. अफीम, 18.290 कि.ग्रा. ब्राउन शुगर, 36.45 ग्राम हेरोइन, 4251.2 कि.ग्रा. गांजा, 55333.54 कि.ग्रा. डोडा, 7115 नशे की टैबलेट, 4434 कैप्सूल, 10222 बोतल कफ सिरप, 1720 इंजेक्शन और 1.82 करोड़ रुपये बरामद किये। इसके अलावा 3974.985 एकड़ जमीन पर लगी अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया।

**एटीएस ने अलकायदा के चार आतंकवादियों को किया गिरफ्तार :** राज्य की एंटी टेररिज्म स्क्वॉड (एटीएस) ने भी संयुक्त टीम के साथ मिलकर विभिन्न जिलों से अलकायदा के चार आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा, एटीएस ने झारखंड पर्यटन विकास निगम और झारखंड राज्य विद्युत कर्मचारी मास्टर ट्रस्ट से जुड़े मामलों में 7 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में 1.22 करोड़ रुपये के साथ करीब 15 लाख रुपये के आभूषण भी बरामद किये गये। साथ ही खाते में 47.20 करोड़ रुपये फ्रीज किये गये।

**पुलिस कर्मियों के कल्याण के लिए हुए कई अहम कार्य :** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने एक बोर्ड गठित कर अनुशंसा के आधार पर राज्य में कई पुलिसकर्मियों को पदोन्नति दी। 132 पुलिस अवर निरीक्षकों को पुलिस निरीक्षक के पद पर, 1203 सहायक अवर निरीक्षकों को पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर, और 2713 आरक्षियों को सहायक अवर निरीक्षक के पद पर प्रोन्नति दी गयी। इसके अलावा 1034 सहायक अवर निरीक्षकों और 260 पुलिस अवर निरीक्षकों को एसीपी और एमएसीपी का लाभ मिला।

आईआरबी के 90 वरीय हवलदारों को सहायक अवर निरीक्षक (स) के पद पर और जैप-01 के 57 हवलदारों को अवर निरीक्षक (स) के पद पर प्रोन्नति दी गयी। पुलिस मुख्यालय ने अनुकंपा समिति के तहत 4 बोर्ड का गठन किया, जिसमें 311 मामलों में से 109 बाल आरक्षी, 57 महिला आरक्षी और 155 सामान्य आरक्षी को स्वीकृति दी गयी। इसके अलावा, झारखंड पुलिस सहायता एवं कल्याण कोष के तहत 2 बोर्ड का गठन कर 1232 लाभान्वितों को 3.89 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया।

## लौहनगरी और आसपास के शहरवासियों ने धूमधाम से किया नये वर्ष का स्वागत




# टाटा स्टील यूआईएसएल ने केक कटिंग समारोह के साथ मनाया नववर्ष का जश्न

- नरेंद्रन, अत्रेई सान्याल और रितुराज सिन्हा ने यूनियन अध्यक्ष रघुनाथ पांडे के साथ काटा केक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल ने आज जुस्को ग्रीन में केक कटिंग समारोह आयोजित कर नये साल का स्वागत किया। इस समारोह में टाटा स्टील के सीईओ और प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन की उपस्थिति रही, जिन्होंने केक काटकर समारोह का नेतृत्व किया। उनके साथ अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे, जिनमें टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी, टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा, टाटा स्टील के मानव संसाधन प्रबंधन की उपाध्यक्ष अत्रेयी सान्याल और जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडे शामिल थे। यह समारोह एकता और सहयोग का प्रतीक था, जो सकारात्मक और समावेशी संगठनात्मक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए टाटा स्टील यूआईएसएल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। टाटा स्टील यूआईएसएल के एमडी श्री रितु राज सिन्हा ने कर्मचारियों के योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया और उन्हें आने वाले वर्ष की चुनौतियों का उत्साह और दृढ़ संकल्प के साथ सामना करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस समारोह में वरिष्ठ नेतृत्व टीम, कर्मचारियों और JUSCO श्रमिक यूनियन के सदस्यों ने भाग लिया, जिससे नये साल की शुरुआत हर्षोल्लास और यादगार रही।



नरेंद्रन, रघुनाथ, रितुराज, चाणक्य और अत्रेई सान्याल केक काटते हुए।

## स्पीड न्यूज

### खुंटी-तुलग्राम के जंगल में बाघ आने की सूचना

**चांडिल।** वन क्षेत्र चांडिल के खुंटी एवं तुलग्राम के जंगल में बाघ आने की खबर है। इस संबंध में चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी ने एक चिट्ठी जारी किया है। ग्रामीणों को सचेत रहने को कहा गया है। अधिकारियों को सुरक्षित गाड़ी से बाइकिंग कर ग्रामीणों को सचेत रहने को लेकर आदेश भी दिया गया है।

### नववर्ष पर चैंबर भवन में हुआ केक कटिंग

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में नववर्ष 2025 के आगमन पर बुधवार (1 जनवरी 2025) को शाम में केक कटिंग समारोह किया गया। इस दौरान अध्यक्ष विजय आनंद मूनका के अलावा पूर्व अध्यक्ष भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह जानकारी मानद महासचिव मानव केडिया ने दी। अध्यक्ष ने बताया कि सिंहभूम चैंबर की यह परंपरा रही है कि प्रत्येक वर्ष नये साल के आगमन पर केक कटिंग कर नववर्ष का उल्लासपूर्वक स्वागत किया जाता है और अपने सदस्यों के साथ-साथ कोल्हान के समस्त लोगों को शुभकामनाएं प्रेषित की जाती है। कामना की जाती है कि नववर्ष की शुरुआत खुशहाली और विकास की उम्मीद की एक नयी किरण के साथ हो और उनके व्यवसाय, उद्योग और जीवन अच्छे ढंग से व्यतीत हो।

### नीमडीह थाना क्षेत्र में विशेष जांच अभियान

**चांडिल।** नव वर्ष को लेकर नीमडीह थाना क्षेत्र के आदारडीह में पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने नव में सड़क पर हुड़दंग मचाने वाले पर भी नजर रख रही है। थाना प्रभारी संतन तिवारी ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ अभियान चलाया, जिसमें उन्होंने कार्रवाई करते हुए मुड्डु में नदी किनारे चल रहे दो अवैध देशी शराब की भट्टी को नष्ट किया तथा करीब दो सौ केजी जावा महुवा को नष्ट किया। आगामी नव वर्ष को लेकर लगातार वाहन चेकिंग अभियान जारी रहेगा।

### काला दिवस के रूप में मना नया साल : रविंद्र

**चांडिल।** आदिवासी समाज ने काला दिवस के रूप में साल का प्रथम दिन मनया। इस दिन एक जनवरी 1948 को आदिवासी समाज के हजारों लोगों पर खरसावां में पुलिस ने गोली चलायी थी। हजारों आदिवासियों ने बलिदान दिया है। आदिवासी भूमिज मुंडा युवा संगठन चांडिल के अध्यक्ष रविंद्र सरदार ने कहा बलिदानियों कि याद में काला दिवस मनाया जाता है।

### सड़क दुर्घटना में बाइक चालक घायल

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर थानांतर्गत सापडा-गम्हरिया मार्ग पर अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार सुदीप शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। मौजूद लोगों ने उसे एंबुलेंस से अस्पताल भेजवाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार काले रंग की एक्सयूवी कार ने उसे टक्कर मारी है। टक्कर मारने के बाद चालक गम्हरिया की ओर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना आदित्यपुर पुलिस को दे दी है।

# भारत में चीन सस्ती दर पर डंप कर रहा स्टील एंटी डंपिंग ड्यूटी बहुत ही जरूरी: टीवी नरेंद्रन

- टाटा स्टील के सीईओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन ने नववर्ष पर कंपनी की चुनौतियों पर चर्चा की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। टाटा स्टील के सीईओ और प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन ने बुधवार को कहा कि भारत में स्टील सेक्टर सालाना 8 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ रहा है। इस्पात की बढ़ती खपत को देखते हुए भारतीय स्टील सेक्टर हर साल 40000 करोड़ रु. से 50,000 करोड़ रुपये देश में निवेश कर रहा है, किन्तु चालू वित्तीय वर्ष में चीन ने भारत में सस्ती दर पर स्टील डंप कर टाटा स्टील समेत अन्य भारतीय स्टील कंपनियों का बाजा बजा दिया है। अगर भारत सरकार चीनी स्टील पर जल्द एंटी डंपिंग ड्यूटी लगाकर देशी कंपनियों को संरक्षण नहीं करती तो तेजी से बढ़ रहे भारतीय स्टील उद्योग पर संकट आ सकता है।



नववर्ष पर केक काटते बायें से वीपी चाणक्य चौधरी, पूर्व ज्वाइंट एमडी डा आरएन शर्मा और टीवी नरेंद्रन।

**खबर मन्त्र** ने जब टीवी नरेंद्रन से जानना चाहा कि चीन के सस्ते स्टील डंपिंग को लेकर क्या इंडियन स्टील एसोसिएशन और भारत सरकार के बीच ऐसी मैकेनिज्म डेवलप करने की जरुरत है ताकि समय रहते त्वरित तरीके से एंटी डंपिंग ड्यूटी लगायी जा सके? उन्होंने कहा,बिल्कुल ऐसे मैकेनिज्म की जरुरत अब महसूस की जा रही है। इंडियन स्टील एसोसिएशन भारत सरकार के साथ इस मामले में बात कर रहा है।

यहां सेंटर फॉर एक्सीलेंस परिसर में नए साल के केक काटने के कार्यक्रम में एक सभा को संबोधित करते हुए, नरेंद्रन ने कहा कि 2023 और 2024 वैश्विक स्तर पर इस क्षेत्र के लिए कठिन रहे हैं क्योंकि चीन में कोविड के चलते कई तरह के प्रतिबंध लगाये गए थे। साथ ही भारतीय स्टील कंपनियों को स्टील मार्जिन में कमी और मुनाफा कमाने के लिए निरंतर संघर्ष करना पड़ रहा है।


शहर के गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित करते टीवी नरेंद्रन।

वैश्विक संघर्षों पर उन्होंने कहा कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में होने वाली घटनाओं का भारत पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। हालांकि, देश के सामने सबसे बड़ी चुनौती चीन में मंदी है, जहां अभी तक सुधार नहीं हुआ है।

नरेंद्रन ने चीन की अनुचित प्रतिस्पर्धा पर चिंता व्यक्त करते हुए भारत सरकार से घरेलू उद्योगों की सुरक्षा के लिए कदम उठाने का आग्रह किया। इन चुनौतियों के बावजूद, उन्होंने आश्वासन दिया कि टाटा स्टील अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता और स्टील की बढ़ती मांग के कारण भारत में अच्छी स्थिति में है और लाभदायक है। यह दावा करते हुए कि अमेरिका, कनाडा और यूरोपीय देशों सहित कई देशों ने पहले से ही अपने उद्योगों की सुरक्षा के लिए उपाय किये हैं, नरेंद्रन ने भारत से चीन से अनुचित इस्पात आयात के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई करने का आह्वान किया, क्योंकि इस्पात क्षेत्र में धन और नौकरियां पैदा करने की महत्वपूर्ण क्षमता है।

हालांकि भारत में स्टील की मांग 8 फीसदी की दर से बढ़ रही है, नरेंद्रन ने बताया कि मार्जिन कम करना एक चुनौती बनी हुई है।

## एक नजर में

### पहाड़भागा में उमड़ी वनभोज करने वालों की भीड़





**जादूगोड़ा।** नरवा पहाड़ से सटे लोवाडीह गांव अंतर्गत पहाड़ भागा की खूबसूरती सैलानियों को नये साल पर खूब भाया। पहले दिन ही लाखों की भीड़ पर्यटन स्थल पहाड़ भागा गुलजार रहा। ज्यादातर सैलानी जमशेदपुर से 25 किलोमीटर दूर पोटका प्रखंड क्षेत्र के लोवाडीह गांव स्थित पहाड़भागा की खूबसूरत पहाड़ी, कलकल करता बहती नदी व प्राकृतिक की खूबसूरती देखने पहुंचे व गानों के धुन पर युवा खूब थिरके व पिकनिक का आंनद के साथ नए साल की मस्ती की। नरवा पहाड़ पहाड़ भागा की खूबसूरती देखने जमशेदपुर से भारी संख्या ने सैलानी पिकनिक स्पॉट पहाड़ भागा पहुंचे,लेकिन उनमें इस बात को लेकर भारी नाराजगी दिखी कि फोर व्हीलर वाहनों से सौ-सौ रुपये वसूली जा रही है। जिस ओर पोटका पुलिस देखकर भी अनजान बनी है। स्वच्छता के नाम पर ग्रामीणों ने लाखों की वसूली की। सैलानियों ने जिला प्रशासन पिकनिक स्थलों पर अवैध वसूली पर रोक लगाने की मांग की है ताकि ज्यादा लोग नये साल पर पहाड़ भागा में पिकनिक का आनंद उठा सके।

### एमएस आइटीआई में कैलेंडर का विमोचन



**जमशेदपुर।** बुधवार को एमएसआईटीआई जवाहर नगर आजाद नगर जमशेदपुर में आईटीए जमशेदपुर झारखंड का सम्मान एवं कैलेंडर वितरण कार्यक्रम बेहद सफल रहा और सम्मानित अतिथि के रूप में प्रोफेसर जावेद अख्तर साहब, समी अहमद साहब उपस्थित रहे। नये सेक सदस्य केंद्रीय सचिव जनाब खालिद इकबाल साहब एवं राज्य सलाहकार परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों खुर्शीद इकराम साहब और नौशाद आलम जमशेदपुर को सम्मानित किया गया है और अल्लाह से उम्मीद है कि ये तीनों सदस्य आईटीए के लिए सक्रिय साबित होंगे, महफूज ने उनके सम्मान में मानद शब्द प्रस्तुत किए। उन्होंने उत्कृष्ट व्यवस्था और उत्कृष्ट कविताओं के साथ सभा का नेतृत्व किया। उन्होंने पवित्र कुरान का पाठ करके कार्यक्रम की शुरूआत की और कैलेंडर को लोगों में बांटा। खुर्शीद ने खालिद इकबाल साहब को एआईटीए जमशेदपुर की ओर से 2025 से 2028 तक केंद्रीय सचिव बनाने का आह्वान किया, जिन्होंने उन्हें आईटीए के लाभों और इसकी जिम्मेदारी और छात्रों और अभिभावक आफताब साहब का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जहांगीर साहब याह्या, शहाबुद्दीन साहब ताहिर सर, मतीन सर, रजिया शाहीन, मेहरून निशा रूमी, अर्शी बानो, नूरजहां, सबा परवीन इस कार्यक्रम को सफल बनाने में का सराहनीय योगदान रहा। मतीन सर ने आभार व्यक्त किया।

### श्याम बाबा की भक्ति में डूबे भक्तों ने भजनों के साथ किया नव वर्ष का स्वागत

**जमशेदपुर।** शहर के विभिन्न धार्मिक संस्थाओं से जुड़े श्याम प्रेमियों ने पुराने साल 2024 कि विदाई और नये साल 2025 का स्वागत बाबा श्याम के दरबार में भजनों के साथ धूमधाम से किया। श्याम प्रेमियों द्वारा ह्यनव वर्ष सांवरिया के संगह्य मनाने हेतु साकची श्री अग्रसेन भवन में श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया गया था। मंगलवार और बुधवार के बीच की रात बाबा श्याम की पूजा अर्चना, ज्योत प्रज्जवलित सहित श्री गणेश वंदना से भजनों का शुभारंभ हुआ, जो देर रात तक चला। यजमान रश्मी-सुनील अग्रवाल और चंदा-रतन अग्रवाल ने पूजा की और पंडित रामजी पारिक ने पूजा करायी। इस दौरान लॉटरी के माध्यम से तीन भक्तो को बाबा श्याम का खजाना चांदी का सिक्का उपहार स्वरूप भेंट किया गया। इस अवसर पर स्थानीय भजन गायक क्रमशः अनुभव अग्रवाल, महावीर खण्डेलवाल, कविता अग्रवाल एवं प्रेरणा शर्मा द्वारा बाबा श्याम के चरणों में की गयी भजनों की अमृत वर्षा ने भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मौके पर भजन गायकों ने कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो हैं..., चल खाटू के धाम पता नहीं क्या तुझे मिल जाए...., थाली भरकर लाई रे खीचड़ो ऊपर घी की बाटकी..., बांस की बांसुरी पर घनो इतरवा..., मेरा सांवरिया बड़ा दिलदार निकला..., शरण तुम्हारी जो मिल गयी हैं सांवरे..., श्याम धणी को आयो रे बुलावा...., सांवली सूरत पे मोहन दिल दिवाना हो गया...., श्याम तेरे भरोसे मेरा परिवार..., काली कमली वाला मेरा यार हैं...., लाखों पापी तार दिये सुनते हैं सरकार.... आदि भजनों की प्रस्तुति दी। बाबा श्याम के भजनों की रसधार में श्रद्धालु खुब झूमे। इस धार्मिक कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण श्याम बाबा का भव्य दरबार, केक कटिंग, छप्पन भोग, अखंड ज्योत, श्याम रसोई प्रसाद, भजनों की अमृत वर्षा रहा। सभी श्याम भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मालूम हो कि इस कार्यक्रम के आयोजक करने वाले श्याम-कराने वाले श्याम (श्याम प्रेमी) थे। सैकड़ों श्याम प्रेमी सपरिवार ना डिस्को गये ना होटल गये बल्कि ये तो साकची श्री अग्रसेन भवन में बाबा के चरणों मे हाजरी लगाकर एक-दूसरे को नव वर्ष 2025 की शुभकामनाएं दी। इस धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से मनोज अग्रवाल, विक्की अग्रवाल, पंकज छावछरिया, मालीराम अग्रवाल, विकास अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, लालचंद अग्रवाल, शैलेश अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, श्याम मसाला, चंदन अग्रवाल, अनिल शर्मा, राजेश अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, नवीन कंवाटिया, दीपक सपारिया, कौशल अग्रवाल, नंदलाल शर्मा, उदय अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

## स्वार्थ की नहीं, कृष्ण और सुदामा जैसी मित्रता करो : आशुतोष तिवारी

- भगवान श्री कृष्ण और सुदामा चरित्र की कथा सुनकर भाव विभोर हो गये श्रद्धालु

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गोलमुरी के टुइलाडुंगरी स्थित गाढ़ाबासा कम्युनिटी सेन्टर में चल रहे भागवत कथा के सातवें दिन बुधवार को व्यास पीठ से कथावाचक आचार्य आशुतोष तिवारी शांडिल्य जी महराज (अयोध्या धाम से आये) ने सुदामा चरित्र, शुकदेव विदाई, परीक्षित मोक्ष सहित विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिया। उन्होंने सातवें दिन कृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि परमात्मा बिना मांगे ही भक्तों को सब कुछ प्रदान कर देता है। कथा व्यास ने सुदामा चरित्र की कथा सुनाते हुए कहा कि परमात्मा में आसक्ति मनुष्य को सांसारिक मोह माया से मुक्त करने वाली है और जीव भवबंधन से पार पा जाता है। कथाव्यास ने कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे।



## आधी रात जश्न मना कर लौट रही कार पेड़ से टकरायी, दो की मौत

- नववर्ष के दिन शोक में डूबी टाटा मोटर्स कॉलोनी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** यहां टेल्को थाना क्षेत्र में नये साल का जश्न मना रहे तीन युवकों के साथ एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। टाटा मोटर्स कालोनी के सुमंत मुलगांवकर स्टेडियम के पास देर रात करीब दो बजे उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में दो युवकों की जान चली गयी, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। दूसरी ओर, टाटा स्टील के सीईओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन ने शहरवासियों से सुरक्षित सड़क आवागमन सुनिश्चित करने में यातायात अनुशासन का जिम्मेदारी से पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कार चालकों को सीट बेल्ट लगाना चाहिए और दुपहिया वाहन चालकों को हेल्मेट अवश्य पहनना चाहिए। इससे सड़क दुर्घटना में होने वाली मौत को कम किया जा सकता है। दुर्घटना में कार के पखच्चे उड़ गये जबकि घटनास्थल पर ही बैंक ऑफ इंडिया टेल्को ब्रांच के रोड नंबर एक के के-2/15 निवासी 20 वर्षीय रोशन कुमार की मौत हो गई। वहीं, कार में सवार टाटा कमिंस के कर्मचारी के बेटे 20 वर्षीय आयुष चौहान ने टाटा मोटर्स अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। तीसरा युवक, 20 वर्षीय आयुष मिश्रा, गंभीर हालत में टीएमएच के आइसीयू में भर्ती है। युवकों की मौत से पूरी टाटा मोटर्स कालोनी में शोक की लहर है।


पेड़ से टकराने के बाद कार की हालत।

## गुजरे साल 2024 में सड़क दुर्घटनाओं से जिले की सड़कें रहीं लहूलुहान

- सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2024 की जनवरी से अक्टूबर तक 184 दुर्घटना में 176 की मौत
- इस वर्ष सड़क दुर्घटना में 14.29% वृद्धि, नवबंर-दिसंबर को जोड़ें तो आंकड़ा और बढ़ेगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** गुजरता साल 2024 सड़क दुर्घटनाओं को लेकर गुमला जिला की सड़कें रक्त रंजीत रही है और कई परिवारों के एकलौते चिराग भी दुर्घटना का शिकार होकर दुनिया छोड़ गये। सरकारी आंकडों की मानें तो जनवरी से अक्टूबर 2024 तक के अवधि में कुल 184 सड़क दुर्घटनाओं के मामले सामने आयें। जिनमें 176 मृत्यु घातक दुर्घटनाओं के कारण हुई। इसके अतिरिक्त 45 प्रमुख एवं 2 मामूली चोट के मामले दर्ज किये गये। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में 14.29% की वृद्धि हुई है। जबकि नवंबर व दिसंबर माह के आंकड़ों को जोड़ दिया जाये तो वर्ष 2024 में सड़क हादसों में दो सौ से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और प्रतिदिन घटनाएं घट ही रही है। दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों में ओवरलोडिंग, ओवरस्पीड, रैश ड्राइविंग, नशे में वाहन चलाना, नाबालिगों द्वारा वाहन चालन एवं यातायात नियमों का पालन न करना शामिल हैं। विशेष रूप से टू-व्हीलर चालकों से जुड़े 119 दुर्घटनाओं के मामले सामने आये। जिनका मुख्य कारण तेज गति और यातायात नियमों का उल्लंघन था। परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर सख्ती दिखायी।

## ठंडी हवा के झोकों से तापमान पहुंचा सात डिग्री

- ठंड के कारण लोग परेशान, जनजीवन प्रभावित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** ठंडी हवा के झोंकों के साथ तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गयी है। तापमान 7 डिग्री पहुंच चुका है। बीती रात इस वर्ष का सबसे ठंडी रात थी। दिन में भी धूप होने के बाद भी ठंड से लोग परेशान थे। ठंड के कारण कई तरह की ठंड से प्रभावित स्वस्थ समस्याओं का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। अस्पताल एवं स्वास्थ्य सेवकों के पास ठंड से बढ़ी समस्याओं को लेकर लोग पहुंच रहे हैं। ठंड बढ़ने से बुजुर्ग एवं बच्चों के स्वास्थ्य पर ज्यादा प्रभाव पड़ा है। मौसम विभाग के अनुसार अभी 10 दिनों तक ठंड का प्रभाव इसी तरह रहने का अंदाज लगाया गया है।



# पूर्व सीएम रघुवर की बड़ी बहन प्रेमवती पंचतत्व में विलीन

- बहन की आंचल में मां का स्नेह पाकर बड़े हुए थे रघुवर दास
- सीतारामडेरा के पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्णा साहू की अंत्येष्टि में भी हुए शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बुधवार का दिन ओडिशा के कार्यवाहक राज्यपाल और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के लिए जीवन के सबसे भावुक पल में से एक रहा, जब उन्होंने अपनी बड़ी बहन प्रेमबती देवी को अंतिम विदाई दी। उनको मुखाग्नि बड़े बेटे परमानंद साहू ने दी। स्वर्णरेखा स्थित बर्निंग घाट पर हुआ यह अंतिम संस्कार न केवल एक पारिवारिक शोक था, बल्कि एक ऐसे रिश्ते की भी अंतिम विदाई थी जो मां और बेटे जैसी थी। श्री दास ने हमेशा अपनी बहन को मां के रूप में देखा और अपनी बहन की आंचल से मां के जैसा स्नेह और वात्सल्य पाकर आगे बढ़ते रहे। अंतिम यात्रा के दौरान हर चेहरा गम में डूबा था। एग्रिको स्थित आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं से लेकर अन्य राजनीतिक दलों और कॉर्पोरेट जगत के लोग, सभी ने उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके सहज और सादगीपूर्ण व्यक्तित्व ने हर किसी को छू लिया था। रघुवर जो सार्वजनिक जीवन में अपने धैर्य, कड़े फैसले और दृढ़ता के लिए जाने जाते हैं, इस पल में अपने आंसू रोक नहीं सके। परिवार के करीबी लोगों ने बताया कि प्रेमबती ने पूर्व सीएम रघुवर दास को हमेशा प्रोत्साहित किया और उनकी उनकी सफलता में मां जैसी भूमिका निभायी।


बहन की अर्थी को कंधा देते हुए पूर्व सीएम रघुवर दास।

इस दौरान पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां, पूर्व विधायक अरविंद सिंह, प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले, आस्तिक महतो, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, अभय सिंह, रामबाबू तिवारी, चंद्रशेखर मिश्रा, बिनोद सिंह, राजकुमार श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, गुंजन यादव, अमित सिंह, शिवशंकर सिंह, विजय आनंद मुनका, कुलवंत सिंह बंटी, जटाशंकर पांडेय, संजीव सिंह, सुरेश शर्मा, भूपेंद्र सिंह, टुनटुन सिंह, कमलेश सिंह, अमरजीत राजा मौजूद रहे।

# नये साल में पलामू जिला के कई पिकनिक स्पॉट रहे गुलजार, चौकस रही पुलिस

- नये साल पर शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के बीच दिखा उत्साह
- सरकारी कार्यालय खुला रहने के बावजूद पसरा रहा दिनभर सन्नाटा




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नये साल के आगमन को लेकर लोगों में खासा उत्साह भरा रहता है। नये साल का स्वागत लोग अपने तौर तरीके से विभिन्न प्रकारों से करते हैं। कहीं लोग मध्य रात्रि में पटाखे छोड़कर तो कहीं रातभर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर नये साल का स्वागत करते हैं।

वहीं एक जनवरी को लोग अपने दोस्त सर्किल व घर परिवार के साथ जिले के विभिन्न स्पॉटों पर जाकर आनंद उठाते हैं। पलामू जिला में कई ऐसे पिकनिक स्पॉट हैं जहां पर लोग सैलानियों की तरह पहुंचकर नये साल को मनाते हैं। पलामू जिला में भीमचुल्हा, मोहम्मदगंज कोयल बराज, बटाने डैम, सुखनदिया डैम, कोयल अमानत नदी, रानीताल डैम, मलय डैम, औरंगा नदी समेत कई ऐसे छोटी बड़ी पिकनिक स्पॉट व धार्मिक स्थल हैं जहां पर लोग स्वयं ही खाना बनाकर आनंद उठाते हैं।

पलामूवासी अपने जिला के पिकनिक स्पॉटों के अलावे सीमावर्ती जिला लातेहार के केचरी, बेतला, सुग्गा बांध, मिरचईया फॉल, लोद बांध, नेतरहाट, पलामू किला के अलावे गढ़वा जिला के अन्नराज डैम, सुखलदरी, झारखंड विश्वनाथमंदिर के अलावे विभिन्न स्थलों पर सपरिवार पहुंचकर आनंद उठाते हैं। नये साल के आगमन पर शहर समेत ग्रामीण क्षेत्र के हाट बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। लोगों का यह भावना रहता है कि नये साल का पहला दिन जिस प्रकार सुखद अनुभूति के साथ व्यतीत होगा उसी प्रकार पूरे वर्ष सुखी अनुभूति के साथ व्यतीत होगा। इसलिए लोग स्नान ध्यान कर मंदिरों में पूजा अर्चना कर नव वर्ष सुख शांति व समृद्धि के साथ व्यतीत हो ऐसा कामना करते हैं। कुछ वैसे भी लोग हैं जो साल के पहले दिन अपने घर परिवार के साथ व्यतीत करते हैं। वहीं नव वर्ष को लेकर पुलिस प्रशासन भी काफी चौकसी बरते दिखी। कारण कि कहीं किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना दुर्घटना न घटे इसे लेकर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने जिले के सभी अधिकारियों को विशेष चौकसी बरतने का निर्देश दिया था।

विशेषकर नशापान सेवन करने वाले व तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों पर पुलिस की विशेष नजर थी। जिले के प्रमुख पिकनिक स्थलों पर पुलिस गश्ती दल बढ़ायी गयी। पुलिस द्वारा विभिन्न पथों पर वाहन जांच अभियान चलाया गया जिस कारण लोग काफी सतर्कता बरतते दिखे। नये साल के पहले दिन सरकारी कार्यालय खुले रहे लेकिन आमजनों का आवागमन नहीं के बराबर रहने के कारण कार्यालयों में सन्नाटा पसरा रहा।

## पिकनिक की भीड़ से भरे रहे मनोरम स्थल




**मोहम्मदगंज पलामू।** मोहम्मदगंज भीम चूल्हा,बराज गेट,पर्वतीय विश्राम भवन, काशी सोत डैम,सिताचुआ, सतबहिनी समेत विभिन्न मनोरम स्थल पर नये वर्ष की उमंग में लोगों को वनभोज और नवयुवकों को जमकर मस्ती करने का नजारा बुधवार को सुबह से शाम तक शांतिपूर्ण माहौल में मनाते देखा गया। विभिन्न स्थलों पर बड़ी तादात मे लोगों को तरह तरह के व्यंजन बनाने और खाने के साथ साथ नवयुवकों की टोली को गाने की धून पर थिरकते देखा गया। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में सुरक्षाबल के जवानों की सख्त मुस्तैदी के कारण पिकनिक और भ्रमण को लेकर पहुंचे सैलानी सुरक्षा को लेकर बेफिक्र दिखे।शाम तक मौज मस्ती का दौर जारी रहा। कही से कोई अप्रिय वारदात की खबर नहीं है। भीम चूल्हा मंदिर परिसर और पार्क में बड़ी तादात में लोगों की उपस्थिति दर्ज रही। इस बार वाच टावर से संध्या सूर्य का दर्शन, नौका बिहार का आनंद, बराज गेट, भीम चूल्हा रेल टनल समेत श्रृंखलाबद्ध पहाड़ी पर लोगों को वनभोज और हरे भरे वृक्षों के मनोरम दृश्य का अवलोकन करते देखना भी लोगों के लिए सुखद रहा।

## स्पीड न्यूज

### सामूहिक खान-पान से बढ़ती है समरसता : गिरजा शंकर तिवारी



**मेदिनीनगर।** नववर्ष पर पांकी रोड बारालोटा जनकपुरी मंदिर परिसर में बुधवार को श्री रामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ के पदाधिकारियों ने लिट्टी चोखा कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता 39वें अधिवेशन के महायज्ञ समिति अध्यक्ष समाजसेवी गिरजा शंकर तिवारी व संचालन महायज्ञ समिति के महासचिव सह समाजसेवी ब्रजेश कुमार तिवारी उर्फ बबलू तिवारी ने किया। कार्यक्रम की खास विशेषता रही कि समिति के पदाधिकारियों ने स्वयं से खाना बनाने व खिलाने में हाथ बंटाया। गिरजा शंकर तिवारी ने स्वयं पकौड़ी छानकर लोगों को खिलाया। मौके पर श्री तिवारी ने कहा कि सामूहिक खान-पान का मजा ही अलग है। इस तरह के कार्यक्रम से वैमनस्यता दूर होने के साथ ही आपसी समरसता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि हालांकि हम हिंदुओं का नव वर्ष पंचांग के अनुसार चैत्र माह से शुरू होता है लेकिन सारे सरकारी कार्यक्रम इसी अंग्रेजी कैलेंडर से शुरू और अंत होता है इसलिए यह नववर्ष भी उतना ही महत्वपूर्ण है। साथ ही इस तरह के कार्यक्रम के लिए दिसंबर-जनवरी का माह भी बेहतर होता है। ब्रजेश कुमार तिवारी उर्फ बबलू तिवारी ने कहा कि लिट्टी चोखा पार्टी को सफल बनाने में समिति के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में श्याम लाल तिवारी, संजय तिवारी उर्फ गुड्डू तिवारी, विजय तिवारी, अजीत तिवारी, मिथिलेश तिवारी, नित्यानंद तिवारी, मीना तिवारी, श्याम किशोर तिवारी, विजय तिवारी, अर्जुन तिवारी, अभय पांडेय, रवींद्र तिवारी, शैलेश तिवारी, जनार्दन तिवारी, विनय त्रिपाठी, नित्यानंद पांडे, सोनू तिवारी, शिवज्ञान तिवारी, सुनील मिश्रा, पारस तिवारी, गंगाधर तिवारी, अमरेश तिवारी, बुद्धनाथ तिवारी, सत्यनारायण तिवारी, सच्चिदानंद तिवारी, नंदकिशोर मेहता, अजीत कुमार तिवारी, विजय तिवारी, श्यामलाल तिवारी, बैजनाथ शर्मा, बृजेश कुमार तिवारी, अनिल कुमार चौधरी, सुनील कुमार मिश्रा, मिथिलेश तिवारी आदि उपस्थित थे।

### बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने पलामू जिला के स्थापना दिवस पर की विचार गोष्ठी



**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में पलामू जिला का 133वां की स्थापना दिवस पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की वहीं संचालन संजय कुमार ने किया। मौके पर मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि पलामू जिला का स्थापना 1 जनवरी 1892 को हुई थी। स्थापना के 133 वा वर्ष हो रहा है। जिस गति से पलामू का विकास होना चाहिए वह नहीं हो सका। आज भी पलामू को अकाल, सुखाड़ पलायन के नाम से जाना जाता है। पलामू जिला गरीबी, भूख मरी, बेरोजगारी, कुपोषण से ग्रसीत है। जिले से प्रतिवर्ष मजदूरों, बेरोजगारों का पलायन काम की तलाश में अन्य राज्यों में होता है। पलामू जिला में शिक्षा, चिकित्सा, एवं सिंचाई का घोर अभाव है। पलामू जिला में 13 वृहत सिंचाई योजना है। 500 लिफ्ट एरिगेशन, 5,000 हजार तलाब एवं नदी नाले, 10,000 हजार सिंचाई कूप की व्यवस्था है। लेकिन सभी मृतप्राय है। कोई भी कारगर नहीं है। नीति आयोग में डेल्टा रैंकिंग में पलामू को 104 वा स्थान दिया था, जब कि पलामू जिला आकांक्षी जिला में सामिल है। इसके बाद भी विकास का काम धरातल पर नहीं उतरा। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि शासन एवं प्रशासन में बैठे लोग गंभीरता प्रदर्शित करे और पलामू की जनता को भुख, अकाल, सुखाड़, बेरोजगारी से मुक्ति दिलाए। जयपाल मोची, संजय कुमार ने अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर सूरज कुमार, यशवंत कुमार, दीपक कुमार, सत्यम कुमार अभिषेक कुमार, संजीत कुमार, शनि कुमार, उपेन्द्र तिवारी मिथलेश पासवान, संजय मिस्त्री, संजय चौरसिया, राम नरेश महतो विनय राम अनुज पासवान भी थे। शिव नारायण साव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### शहीद सफदर हाशमी और राम बहादुर की शहादत कला व कलाकारों को नमन



**मेदिनीनगर।** शहीद सफदर हाशमी और कामरेड राम बहादुर की शहादत को याद करते हुए कार्यालय में बुधवार को संकल्प सभा का आयोजन किया गया। संकल्प सभा के दौरान उपस्थित इप्टाकर्मियों ने सफदर हाशमी और राम बहादुर के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपने विचारों को रखा और उनके द्वारा लिखे गीत किताबें करती है बातें के साथ नाटक महंगाई की मार, हत्यारे, राजा का बजा, औरत, मशीन की भी चर्चा की। सभा के दौरान प्रेम प्रकाश ने कहा कि सफदर हाशमी को याद करने का मतलब है अपने दर्शकों के दुख तकलीफ से बाकी होना। साथ ही उनकी समस्याओं के समाधान के लिए आपसी एकजुटता के साथ दर्शकों को संघर्ष के लिए तैयार करना। सफदर हाशमी को याद करने का मतलब यह भी है कि अपने दर्शकों के बीच वैज्ञानिक चेतना के विस्तार के लिए कला की तमाम विधाओं का उपयोग करना। उन्होंने यह भी कहा कि जब सफदर हाशमी अपने कलाकारों के साथ 1 जनवरी 1989 को नाटक हल्ला बोल कर रहे थे तो गुंडो ने उन पर हमला कर दिया। उसे हमले में सफदर हाशमी कलाकारों को बचाते हुए बुरी तरह से घायल हो गए। इसी दौरान सफदर हाशमी को बचाने का प्रयास करते हुए एक दर्शक राम बहादुर घटनास्थल पर शहीद हो गए। दर्शक राम बहादुर की शहादत कला एवं कलाकारों को एक दृष्टि प्रदान करता है। राजीव रंजन ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए समर्पित योद्धा का नाम सफदर हाशमी है। उन्होंने वैज्ञानिक चेतना के विस्तार के लिए न सिर्फ कला बल्कि साहित्य और पत्रकारिता को भी अपना माध्यम बनाया था। राष्ट्रीय परिषद के कार्यकारिणी सदस्य उपेंद्र मिश्रा ने कहा कि 1989 के बाद से निरंतर इप्टा 1 जनवरी को प्रतिरोध दिवस के रूप में मनाती रही है।

## आरपीएफ ने ऑपरेशन आहट के तहत की कार्रवाई

# चार नाबालिग समेत आठ धराये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रेलवे सुरक्षा बल ने ऑपरेशन आहट के तहत चार नाबालिग समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गढ़वा रोड के क्षेत्राधिकार में स्थित डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर 31 दिसंबर को निरीक्षक प्रभारी बनारसी यादव के नेतृत्व में उनि बीर प्रताप सिंह, प्रआ जयराम सिंह, राजेंद्र मिश्रा, प्रआ राजेश पासवान, आ विश्व विजय सिंह, प्रआ बिमलेश कुमार, आ तरुण कुमार, आ अभिषेक सिंह सभी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गढ़वा रोड मौजूदा डाल्टनगंज तथा सउनि रमण जी पासवान व प्रआ रवि कमल डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन परिसर में गश्त कर रहे थे। गश्त में स्टेशन के आटो पार्किंग एरिया में देखा कि 04 नाबालिक बच्चों और 04 बालिक का समूह मौजूद है तथा उस समूह के साथ एक व्यक्ति भी मौजूद है। संदेह होने पर पास जाकर पूछताछ करने पर सभी नाबालिक व बालिक ने बताया कि हम लोग को अजीत कुमार यादव उम्र 33 वर्ष पिता-सीद्धेश्वर यादव निवासी ग्राम देवरिया, पोस्ट-नारेन्द्रखाप, थाना-कुटुंबा, जिला औरंगाबाद, बिहार मौजूदा रमेश तिवारी के घर पर किरायेदार बाल-भारती स्कूल रेडमा के पीछे पांकी रोड, पोस्ट डाल्टगंज, थाना सदर डालटनगंज, पलामू में ट्यूबवेल बोर बेरिंग के लिए काम कराता है।



**जानकारी देते प्रशासनिक अधिकारी व अन्य।**

**खास बातें :** अजीत यादव ने हम सभी को अलग-अलग 5000-5000 रुपये दिया है। हम लोग का टिकट भी अजित कुमार यादव ने डालटनगंज से रांची तक का कटाया है और टिकट का पैसा भी उसी ने दिया है। हम लोग को रेडमा से डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन स्कारपिंयो से अजीत ही लाया है। अजीत से उक्त 04 नाबालिग व 04 बालिग को काम कराने के बाबत कागजात,अधिकार पत्र व नाबालिगों के अभिभावक का सहमती प्रमाणपत्र की मांग की गयी तो मौके पर उसने कुछ भी नहीं दिखा सका। स्कारपिंयो (जेएच 01 एइ 9040) के संबंध में पुछने पर पार्किंग रसीद दिखाते हुए बताया कि यह स्कारपिंयो मेरा है। उक्त नाबालिग और बालिक के संबंध में पूछताछ एवं छानबीन करने पर प्रथम दृष्टया उपरोक्त मामला बाल मजदूरी व मानव तस्करी से संबंधित है।

# मंदिरों और जलाशय वाले पिकनिक स्थलों पर विशेष निगरानी की जरूरत है : डीडीसी

- नये वर्ष पर पिकनिक स्पॉटों पर विधि-व्यवस्था व जिले के पर्यटक स्थलों को विकसित करने को लेकर डीडीसी ने संबंधित पदाधिकारियों संग की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डीडीसी शब्बीर अहमद ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में नये वर्ष के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण एवं भविष्य में जिले के पर्यटक स्थलों को विकसित करने को लेकर विभिन्न पदाधिकारियों संग बैठक की। बैठक में पिकनिक स्पॉटों पर उमड़ने वाड़ी भीड़ को नियंत्रित करने, पर्यटकों को सुविधा प्रदान करने व किसी भी तरह के दुर्घटना से कैसे बचा जाये इस विषय पर चर्चा किया गया।

उन्होंने कहा कि अंग्रेजी नव वर्ष आगमन के उपलक्ष्य में जिले के विभिन्न प्राकृतिक स्थलों पर पिकनिक मनाने के लिए भारी भीड़ की संभावना रहती है। उन्होंने सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी व बीडीओ-सीओ को अपने स्तर से इस पर निगरानी रखने की बात कही। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को उनके क्षेत्र अंतर्गत मंदिरों एवं जलाशय वाले पिकनिक स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने की बात कही है। बैठक में सभी पर्यटक स्थलों पर सेल्फी बूथ, पर्याप्त लाइट एवं समुचित शौचालय की व्यवस्था के अलावे क्या-क्या किया जा सकता है से संबंधित विषय पर भी चर्चा किया गया। बैठक में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, निदेशक डीआरडीए रतन सिंह, एनडीसी विक्रम आनंद, कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू, शिक्षा अधीक्षक, डीआईओ रणबीर सिंह समेत अन्य मौजूद थे।



**बैठक करते डीडीसी।**

**जल स्रोतों के निकट जाने में सावधानी बरतें, शराब का सेवन कर वाहन चलाने से बचने की अपील :** डीडीसी ने आमजनों से प्राकृतिक स्थलों विशेषकर जल स्रोतों के निकट जाने में सावधानी बरतने की अपील की है। साथ ही बोटिंग आदि करने से पूर्व सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान रखने का अनुरोध किया है। उन्होंने जलाशयों में स्नान करने या पानी में उतरने से बचने की अपील की है। उन्होंने वाहनों का परिचालन करते समय शराब का सेवन नहीं करने की अपील की है।

## भौराहा पर्वत निरीक्षण भवन के दिन जल्द बहुरने के हैं आसार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मोहम्मदगंज पलामू।** मोहम्मदगंज उत्तर कोयल सिचाई परिसर पहाड़ पर भ्रमण और प्राकृतिक सौंदर्य के अवलोकन स्थल के रूप में भौंराहा पर्वत मध्य में स्थित खंडहरनुमा पर्वतीय निरीक्षण भवन के दिन बहुरने के आसार बढ गए हैं। संरक्षण के अभाव में इसके खंडहर में परिवर्तित होने की जानकारी मिलने पर सांसद विष्णु दयाल राम ने इसे गंभीरता से लिया है। सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि जल्द ही संबंधित विभागीय अभियंताओं की टीम इसका मुआयना करने के साथ ही इसके कायाकल्प को लेकर प्राक्कलन बनाकर काम कराएगी। पर्वतीय निरीक्षण भवन का पुनरुद्धार कार्य, निरीक्षण भवन तक जाने के सड़क का पुनर्निर्माण, सुलभ शौचालय, पेयजल की समुचित सुविधा, सुव्यवस्थित पार्क, कैंटीन, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं के साथ आकर्षक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की योजना है।

## मनरेगा योजना का प्रखंड स्तरीय जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाटन पलामू।** प्रखंड सभागार में मनरेगा योजना का प्रखंड स्तरीय जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जन सुनवाई में 2020 से लेकर 2023 तक की योजनाओं का सोशल औडिट किया गया। कार्यक्रम में पाटन प्रमुख शोभा देवी, जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, लोकपाल शिव शंकर प्रसाद, पाटन बीपीओ स्वीटी सिन्हा, जेपीएस अहमद शक्ति, शंकर गुप्ता, मुखिया मनोज कुमार, जैनुल सिद्दीकी, सुमन गुप्ता, विरेन्द्र पासवान, जयशंकर प्रसाद, शिव सा गुडु यादव, अजय पासवान सहित प्रखंड के सभी पंचायत सेवक, रोजगार सेवक एवं मुखिया उपस्थित थे। जन सुनवाई कार्यक्रम में लोकपाल शिव शंकर प्रसाद ने कहा कि जन सुनवाई का मतलब मनरेगा योजना में पारदर्शिता लाना है। जन सुनवाई कार्यक्रम में सभी पंचायतों के मामले को उठाया गया तथा उसका निराकरण किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में कई योजनाएं बिना अभिलेख के पारित करने का मामला रखा गया।

### नशे में धुत्त युवक गिरकर हुआ घायल



**मोहम्मदगंज पलामू।** थाना क्षेत्र के कादल कुर्मी गांव के समीप थर्ड रेल लाइन के बगल में गिर कर युवक घायल हो गया। वह नशे में धुत्त था। उसकी पहचान आशीष कुमार के रूप में हुई, वह ऊंटारी रोड थाना के बाधपर गांव का निवासी है।

### लक्ष्मीनगर में रामजी प्रसाद का निधन

**छतरपुर पलामू।** थाना क्षेत्र के लक्ष्मी नगर निवासी रामजी प्रसाद का असामयिक निधन बुधवार को हो गया। वे पारा शिक्षक थे और 2006 से प्राथमिक विद्यालय कोकड़ो में पदस्थापित थे। 17 वर्ष कार्य करने के बाद उन्हें जांच से अवैध साबित कर दिया। मामला कोर्ट में लंबित है परंतु बहुत जल्द वैधता का सर्टिफिकेट मिलने वाला था लेकिन इलाज के अभाव में मौत हो गयी। जानकारी मिलने पर जिलाध्यक्ष मनोज सिंह, प्रखंड अध्यक्ष राजेश मिश्रा, प्रखंड सचिव बैजनाथ प्रसाद, टेट संघ के अध्यक्ष संजय यादव, बसंत कुमार, अजीत कुमार, सतदेव सिंह, दिनेश गुप्ता, लवलेश यादव, समाजसेवी और सैकड़ों पारा शिक्षक दाह संस्कार में शामिल हुए। साथ ही इसकी मौत पर शोक व्यक्त किया।

### बजरंगी प्रजापति की प्रतिमा क्रांति के तलवार को तेज करेगा : अविनाश देव



**पांकी, पलामू (शिवशंकर पासवान)।** पांकी प्रखंड में महापुरुष बजरंगी प्रजापति की प्रतिमा अनावरण समारोह किया गया। झारखंड कुम्हार समन्वय समिति पलामू ने उनकी प्रतिमा लगायी। प्रखंड कमेटी ने महत्वपूर्ण भूमिकी निभायी। मौके पर संत मरियम स्कूल के निदेशक अविनाश देव ने प्रतिमा का अनावरण किया। श्री देव व दिवंगत बजरंगी प्रजापति की पत्नी के साथ प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। कमेटी के लोगों ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। वरिष्ठ साथी और उनके समकालीन सदस्य संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर की मूर्ति को देकर बजरंगी जी के विचारों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। श्री देव ने कहा कि महापुरूष स्व बजरंगी प्रजापति के आदर्शों को अपनाकर ही कुम्हार समाज का विकास होगा। उनकी प्रतिमा क्रांति के तलवार की धार को तेज करेगा और समाज को आगे बढ़ने की निरंतर प्रेरणा देता रहेगा। हम सबकी नैतिक जवाबदेही है उनके विचारों को प्रसारित करें। आज भी देश के आकांक्षी जिलों में पलामू सुमार है शिक्षा स्वास्थ्य लचर है केंद्रीय मंत्री रिपोर्ट लेकर गये। बंधुआ मजदूरी चर्चा में आयी तो कैलाश सत्यार्थी जैसे पलामू आये और नोबेल पाये। पलामू के पांकी जमींदारों का गढ़ मना जाता है जहां कभी लाल फरेरे इसके खिलाफ लड़े। आज भी पांकी में शोषण दमन कम नहीं हुआ है। सामाजिक संगठन से जुड़ कर समाज में हो रहे दमन को रोकने मुकाबले करने हर मोर्चे पर अपना जान जोखिम में डाले। अपने मित्र के बेटी चंदा की जब हत्या हुई तो प्रजापति संगठन के पलामू जिला अध्यक्ष से मिल कर सहयोग लिया।

## पाटन प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में नव वर्ष को लेकर लोगों में दिखा उत्साह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- घर के बाहर लोगों ने पिकनिक मनाकर नया साल का मनाया जश्न



**पाटन पलामू।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में नव वर्ष को लेकर लोगों में विशेष उत्साह देखा गया। लोगों ने घर से बाहर जाकर पिकनिक मनाकर नये साल का जश्न मनाया। वहीं मंदिरों में लोगों ने पुजा अर्चना कर नववर्ष की शुरुआत कर एक दूसरे को शुभकामना दी। मंदिरों में महिलाओं एवं बच्चों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। लोगों ने नव वर्ष के शुभ अवसर पर नदी एवं जलाशयों में जाकर पिकनीक का आनंद उठाया। क्षेत्र में शांति व्यवस्था को लेकर पाटन नावा जयपुर एवं किशुनपुर टीओपी की पुलिस गश्त करती रही। वहीं पुलिस कर्मी जगह-जगह पिकनिक मनाने जा रहे लोगों के वाहनों की जांच करते देखे गये।

# अखबार विक्रेता हॉकर संघ ने केक काटकर मनाया नया साल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** हर साल की भांति इस साल भी अखबार बिक्रेता हॉकर संध ने केक काट कर बुधवार को नया साल मनाया। साथ ही नये साल का स्वागत किया। गोपाल प्रजापति ने कहा कि हमलोग वर्ष 2024 को विदाई देकर नये साल 2025 में प्रवेश किये हैं। नया साल सभी के जीवन में खुशहाली लाये यही ईश्वर से कामना करते है। अखबार विक्रेता नये साल में नये जोश व उमंग के साथ अधूरे कार्यों को पूरा करेंगे। नव वर्ष सबके लिए मंगलमय हो यही कामना करते हैं। अखबार बिक्रेता हॉकर संघ ने एक दूसरे को बधाई देकर नये वर्ष का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अखबार बिक्रेता समन्वय बनाकर काम करें। मौके पर सचिव बीरेंद्र प्रजापति, मनोज प्रजापति, अमित राज, अभिषेक कुमार, अमित पाण्डेय, हैदर अली, पिंटू तिवारी, प्रेम प्रजापति, संतीश कुमार, मुकेश कुमार, भुनेश्वर प्रजापति, दिलीप दुबे हाई लाईट समेत कई लोग शामिल थे।

# जन कल्याण ट्रस्ट ने होमगार्ड हवलदार सीताराम यादव को दी भावपूर्ण विदाई

- प्रधान डाकघर परिसर में आयोजित हुआ कार्यक्रम
- हवलदार सीताराम के नेतृत्व में जवानों का कर्तव्य निर्वहन काफी सराहनीय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रधान डाकघर परिसर में जन कल्याण ट्रस्ट के द्वारा विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह का संचालन होमगार्ड जवान कुमार सौरव ने किया। समारोह में होमगार्ड के हवलदार सीताराम यादव को भावभीनी विदाई दी गयी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान डाकघर के पोस्ट मास्टर रूपेश कुमार, ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत दुबे, सचिव नंदलाल दुबे मौजूद थे। कार्यक्रम में पोस्ट मास्टर रूपेश कुमार ने कहा कि हवलदार सीताराम यादव के नेतृत्व में जवानों ने जो अपना कर्तव्य का निर्वहन किया है वह काफी सराहनीय है।

कहा कि श्री सीताराम के साथ बिताये समय हमेशा यादगार रहेगा। जन कल्याण ट्रस्ट की अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे ने कहा कि होमगार्ड के हवलदार सीताराम यादव 60 वर्ष के उम्र तक होमगार्ड विभाग में अपनी सेवा दी।

इनकी कार्यशैली से होमगार्ड के जवानों को सीख लेने की जरूरत है। ट्रस्ट के सचिव नंदलाल दुबे ने बताया कि सीताराम यादव कर्मठ हवलदार के रूप में बेहतर कार्य किये हैं। हर क्षण वे समाज के लिए कार्य किया है।

विदाई समारोह में जवान राजेंद्र यादव, योगेंद्र कुमार सिंह, शैलेश कुमार सिंह, चंचल कुमार, परमेश्वरी सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, जिंदल कुमार, प्रमोद ठाकुर, हवलदार अशोक कुमार, नंदू ठाकुर, प्रभु यादव, विकास यादव, पवन बैठा, प्रधान डाकघर के सुरक्षा प्रहरी मोहम्मद कलाम समेत कई लोग शामिल थे।



**विदाई समारोह में शामिल लोग।**

# दुर्गा बाड़ी में मना कल्पतरू उत्सव


**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** श्री रामकृष्ण मां शारदा सेवा समिति के तत्वावधान में दुर्गाबाड़ी के प्रांगण में कल्पतरू उत्सव का आयोजन किया गया। मौके पर संस्था के अध्यक्ष राजदेव उपाध्याय व पुरोहित देवी प्रसाद बनर्जी ने संयुक्त रूप से भगवान श्रीरामकृष्ण, जगत जननी मां शारदा, श्रीमद स्वामी विवेकानंद, आद्या शक्ति मां काली, भगवान शिव की पूजन अर्चना व हवन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आगत भक्तों का स्वागत करते हुए श्री रामकृष्ण वचनामृत का पाठ कर कल्पतरू उत्सव पर प्रकाश डाला। कहा कि अवतार वरिष्ठ भगवान श्रीराम कृष्ण अपने जीवन के बाल्य काल से ही भक्ति का दिव्य रूप भक्त वत्सल चीनूशखारी को अपना चरण देकर दर्शाया।



**कार्यक्रम की प्रमुख बातें :** केवट को जिस तरह अपने पैर धोने के लिए भगवान श्रीराम दिये थे। वहीं दर्शन चीनू शखारी को हआ। दक्षिणेश्वर मंदिर में मां की काली की पूजा करते समय अनेक लीलीएं हुई। मां काली का अदभूत दर्शन, गुरू तोतापुरी का साान्निध्य, श्रीमद स्वामी विवेकानंद का सानिध्य एवं देव जननी मां शारदा के संगिनी बनना, कोलकाता की महारानी रानी रसमणि एवं मथुर बाबू का ठाकुर के शरणागति लेना कोलकाता कई विद्वानों द्वारा भगवान श्रीराम कृष्ण के शरणागति लेना व उनके दिव्या संदेश को पूरे विश्व में प्रसारित करना भगवान श्रीमकृष्ण जीवन के अंतिम कालखंड में काशीपुर में 1885 के 25 दिसंबर से ठाकुर अधिक बीमार थे। एक नवरी 1886 को अचानक भगवान श्रीरामकृष्ण कल्पतरू के रूप में अवतरित होकर भक्तों को उन्होंने सब कुछ दिया। भजन कीर्तन आरती व प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर मानस अड्डी, केएस भट्टाचार्य, ब्यासमुनी त्रिपाठी, शांति भट्टाचाय, नुपूर विश्वास, दुर्गेश सिंह, संगीता देवी, सुनीता देवी, प्रशांत भट्टाचार्य, चंद्रकांत सिंह, शुभम प्रसाद, श्रीदेव उपाध्याय, नवल किशोर तिवारी, सचिन मिश्रा, रितेश कुमार, त्रिदेव उपाध्याय, ओम प्रकाश प्रसाद समेत कई भक्त मौजूद थे।

# प्रकृति की गोद में नव वर्ष का लोगों ने किया स्वागत


## नागफेनी नदी तट में परिवार के सदस्यों के साथ लोगों ने मनाया जश्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** प्रकृति की गोद में नव वर्ष का जश्न लोगों ने मनाया। खुले आसमान व मनमोहक वादियों के बीच परिवार के साथ लोगों ने पिकनिक मनाकर नए वर्ष का शुभारंभ किया। नववर्ष को लेकर जिले के सभी पिकनिक स्पॉट गुलजार रहे हैं। नागफेनी स्थित दक्षिणी कोयल नदी में शहर के लोग भारी संख्या में पहुंचे थे। जहां नदी के पवित्र सरोवर में स्नान किया और मंदिर में पूजा अर्चना किया। इसके बाद परिवार के सदस्यों के साथ नागफेनी नदी तट पर है भोजन नाश्ता आदि बनाकर खाया। शहर से युवाओं की टोली भारी संख्या में नागफेनी नदी तक पहुंची थी। इधर रात के 12:00 बजे नववर्ष के जश्न में लोग डूब गए। लोग मोबाइल से परिजनों को नववर्ष की बधाई देने लगे। वहीं कई लोगों ने केक काटकर नव वर्ष का स्वागत किया। नववर्ष को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। यदि तत्वों में बच्चे कलकल बहती जल धाराओं के बीच अठखेलियां करते नजर आए। जिले के रायडीह प्रखंड के शंख नदी, डुमरी प्रखंड का बासा, नदी चैनपुर प्रखंड का शंख नदी, घाघरा प्रखंड में टांगर शिकवार, पालकोट प्रखंड में ऋषि मुख पर्वत व पहाड़ों के बीच लोगों ने नववर्ष का जश्न मनाए। शहर से भारी संख्या में लोग अपने वाहनों से इन स्थानों पर परिवार के साथ पिकनिक मनाने पहुंचे थे। नव वर्ष का शुभारंभ लोगों ने मंदिरों में पूजा अर्चना की। मंदिरों में भगवान की प्रतिमाओं के समक्ष मत्था टेक कर अपने परिवार की सुख समृद्धि व शांति की कामना लोगों ने की।

## कलिगा गांव की सड़क हो चुकी है जर्जर, जगह-जगह सड़क पर हुआ कटाव

गुमला। गुमला सदर प्रखंड का कलिगा पंचायत की सड़के पूरी तरह जर्जर हो गई है। सड़क पर जगह-जगह कटाव हो गया है और बोल्डर भी निकल आये हैं। जिसे वाहन चलाने पर चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कलिगा पंचायत की कुल आबादी लगभग 8 हजार के आस-पास है। पंचायत में हजार घर हैं। क्षेत्र कृषि प्रधान भी है। लेकिन सड़क नहीं होने के कारण किसानों को अपना उत्पाद बाजार तक लाने में पसीने छूट जाते हैं। हालांकि गांव आबादी व घरों के हिसाब से काफी समृद्ध नजर आता है लेकिन कलिगा पंचायत के गांवों का विकास शायद जर्जर सड़क के कारण नहीं हो पा रहा है। क्षेत्र के लोग स्थानीय जनप्रतिनिधि, सांसद व विधायक से सड़क की अविलंब मरम्मत कराने की मांग की है।

## स्पीड न्यूज

### बसिया : सड़क हादसे में एक की मौत

**गुमला।** बसिया थाना अंतर्गत कोयल नदी पुल के निकट बुधवार दोपहर 2 बजे सड़क हादसे में एक की मौत दूसरा गंभीर। मिली जानकारी के अनुसार सोलंगबिरा पखनाटोली निवासी हेमंत लकड़ा पिता आलोक लकड़ा उम्र 20 वर्ष अपने दोस्त अंकित पन्ना उम्र 18 वर्ष ग्राम कुनकुरी जुमरकेला बरटोली छत्तीसगढ़ निवासी के साथ बसिया की और आ रहा था तभी कोयल नदी पुल के निकट रांची की और जा रही एक टेलर को ओवरटेक करने के क्रम में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिस कारण हेमंत लकड़ा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि अंकित पन्ना को गंभीर चोट लगी है। जिसे तत्काल ग्रामीणों के सहयोग से रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया। जहां सदर अस्पताल में जांच के बाद चिकित्सकों ने अंकित पन्ना को भी मृत घोषित कर दिया। हेमंत लकड़ा के पिता आलोक लकड़ा ने बताया कि हेमंत लकड़ा के बड़े भाई की मौत भी पिछले वर्ष सड़क दुर्घटना में एकलब्य स्कूल सोलंगबीरा के पास हुई थी। सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही बसिया पुलिस अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया है।

### जारी प्रखंड के पारियों में हुआ मिस्सा पूजा, नूतन वर्ष का किया गया स्वागत



**जारी।** जारी प्रखंड के चारों पल्लियों में खीस्तीय विश्वासियों ने नया साल हर्षोउल्लास के साथ मनाया तथा चारों पल्लियों में मिस्सा अनुष्ठान का भी आयोजन किया गया?। वहीं खीस्तीय विश्वासियों ने रात्रि से ही नए साल के आगमन तथा पुराने साल के बिदाई की तैयारी में जुटे रहे। अंततः 12:00 बजे रात के बाद नए साल का स्वागत में सभी पल्लियों मिस्सा किया गया और पुराना वर्ष 2024 का विदाई की साथ ही 2025 का स्वागत किया गया। वहीं जरमाना पल्ली में फादर निरंजन एक्का भिखमपुर पल्ली में फादर संदीप परसा पारिश में फादर अमित डांग बारडीह पल्ली में फादर अजित केरकेट्टा ने मुख्य अधिष्ठाता की भूमिका निभायी। वहीं मिस्सा अनुष्ठान के बाद भिखमपुर पल्ली के मुख्य अधिष्ठाता फादर संदीप ने अपने संदेश में कहा कि आज हमलोग नया साल 2025 में प्रवेश कर गये है। आज से पुरानी बातों को भुलकर नया जिन्दगी जीयें। उन्होंने कहा कि आज युवा वर्ग नशे के दल दल मे फंसते जा रहे हैं। अभिभावक अपने बच्चों पर ध्यान दें। साथ ही मोटरसाइकिल चलाने से आज दुर्घटना ज्यादा हो रही है और इसलिए सावधानी बरतें। वहीं जरमाना पल्ली के मुख्य अधिष्ठाता फादर निरंजन एक्का ने कहा कि नया साल शान्तिपूर्ण तरीके से मनाएं और नया साल से कुछ नई सोच के साथ आगे बढ़े शिक्षा पर विशेष ध्यान दे। साथ ही कहा कि ईश्वर पर भरोसा करें पिता ईश्वर सभों पर कृपा करे और नया साल मे नई जिन्दगी जियें पुरानी बातों को भुल जाएं। मौके पर फा ग्रेगोरी कुल्लू फा पात्रिक मिंज, फा अमृत कुजूर फा प्रदीप एक्का फा जोन टोप्पो फा प्रदीप एक्का, प्रेम प्रकाश इन्दवार फा अमृत कुजूर फा ललित जोन टोप्पो सहित सैकड़ो खीस्तीय विश्वासी उपस्थित थे।

## लगन और लगातार अभ्यास से ही अपने मंजिल को पाया जा सकता है : प्रवीण सिंह

### प्रथम लोहरदगा जिला ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का हुआ समापन



खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वाधान में प्रथम लोहरदगा जिला ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला महाविद्यालय लोहरदगा के इंडोर बैडमिंटन हॉल में हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व विधान पार्षद प्रवीण सिंह ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सभी ने पूरे जोश और उत्साह के साथ इस टूर्नामेंट भाग लिया है। लगन और लगातार अभ्यास से ही अपने मंजिल को पाया जा सकता है। मेरा विश्वास है कि आप सब में ऐसी क्षमता है कि आप निश्चित ही लक्ष्य को प्राप्त करेंगे बस केवल स्वयं को निखारने की आवश्यकता है। लोहरदगा जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर गणेश प्रसाद ने बताया कि इस टूर्नामेंट में लोहरदगा, रांची, गुमला तथा लातेहार जिला के अंडर 11, अंडर 15, अंडर 19 तथा सीनियर ग्रुप के खिलाड़ीयों ने भाग लिया। खिताबी मुकाबलों में अंडर 11 बॉयज सिंगल में कुलदीप कुमार ने साद खान को हराकर फाइनल खिताब हासिल किया। अंडर 11 के ही बॉयज डबल में साद तथा आयु की जोड़ी विनर हुई जबकि वंश तथा निशांत की जोड़ी रनर हुई। सीनियर डबल में राहुल तथा गोल्डी की जोड़ी विनर हुए। जबकि वाहिद एवं श्री राम की जोड़ी रनर हुई। अंडर 15 बॉयज सिंगल में आयुष कुमार ने मुजाहिद खान को हराकर खिताब हासिल किया। अंडर 15 बॉयज डबल में संस्कार तथा दिनेश की जोड़ी ने श्रीराम तथा मुजाहिद की जोड़ी को हरा कर विनर बने।

### कैरो : बच्चो को सामूहिक भोजन कराके मनाया नव वर्ष



**कैरो।** नए वर्ष के अवसर पर हुडदंग और डीजे साउंड की धुन में तो नाचते गाते बहुत पिकनिक देखा जाता है, किन्तु यह तस्वीर अपने आप में बहुत कुछ बयां करती है। वैसे तो नंदनी डैम से लेकर पूरे क्षेत्र में 1 जनवरी को लेकर तरह तरह का आयोजन की धूम रही किन्तु यह तस्वीर कुछ अलग ही सन्देश दे रही है। प्रखंड के खरता में वैसे बच्चे जो सुबह से दुःखी दिखाई दे रहे थे जिन्हें गांव की समाजसेवी व महिला स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष सिंधु कुमारी द्वारा सामूहिक भोजन की व्यवस्था करके दर्जनों बच्चों को भोजन तैयार करके करवाया गया।

## गुमला : राष्ट्रीय खादी व सरस मेला में गुमला के ग्रामीण उत्पादों की मची है धूम

### लाखों रुपये के उत्पादों की अब तक हो चुकी हैं बिक्री



खबर मंत्र संवाददाता

**गुमला।** रांची के मोराबादी मैदान में आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस मेला में झारखंड के गुमला जिले के पांच स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।गुमला की ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों की धूम मची हुई है। गुमला जिले के पलाश अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को मेले में भारी सराहना मिल रही है। खासकर, चमेली महिला मंडल, सेरका बिशुनपुर द्वारा आचार एवं अन्य उत्पाद लगाया गया है। सिसई के दीदियों द्वारा बनाए गए आदिवा ज्वेलरी का स्टॉल, जिसे रोजगार महिला समूह द्वारा संचालित किया जा रहा है। अब तक 40,000 का कारोबार किया जा चुका है। वहीं रायडीह प्रखंड के शक्ति महिला मंडल द्वारा लगाए गए आचार, लाल चावल, उरद बरी, जामुन सिरका, उरद दाल, कुरथी दाल के स्टॉल ने 90,000 की बिक्री की है। बिशुनपुर प्रखंड के आचार का स्टॉल भी आकर्षित कर रहे हैं बिशुनपुर प्रखंड अंतर्गत सर्वेश्वरी महिला समूह द्वारा सभी प्रकार के आचार, शहद, जामुन सिरका के स्टॉल ने अब तक 3,00,000 की बिक्री की है। इसके साथ ही रागी मिशन गुमला अंतर्गत उत्पादित उत्कृष्ट खाद्य पदार्थों ने मेले में आए लोगों का ध्यान खींचते हुए 3,20,000 लाख की बिक्री कर ली है। वहीं एक और लक्ष्मी महिला मंडल कुड़लगा बसिया ने आचार एवं अन्य उत्पादो में 45000 की बिक्री कर चुकी है गुमला के ये सभी स्टॉल न केवल ग्रामीण महिलाओं की मेहनत और आत्मनिर्भरता को दर्शा रहे हैं, बल्कि स्थानीय कला और संस्कृति को भी बढ़ावा दे रहे हैं। मेला 6 जनवरी 2025 तक जनता के लिए खुला रहेगा।

### सांस्कृतिक विरासत को संरक्षण की है जरूरत : मंगल सिंह

गुमला। गुमला के बरगांव में बुधवार को पारंपरिक पूस मेला का आयोजन किया गया। परंपरा से चली आ रहे मेला में दैनिक उपयोग के सामग्री, साग सब्जी, मिठाई, खिलौने और सिंगार की दुकानें सजी थी। वहीं वर्तमान परिवेश के अनुरूप बरगांव मेला में सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता मंगल सिंह और जिप उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर रंगारंग कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मेला को संबोधित करते हुए भाजपा नेता मंगल सिंह ने कहा कि यह क्षेत्र कृषि प्रधान है और जब अगहन में किसान कृषि कार्य से मुक्त होते हैं। तब अपने रिश्तेदारों के गांव घर में मेहमानी के लिए यात्रा करते हैं। उसी यात्रा को जातरा और मेला के नाम से जानते हैं। गीत संगीत से रीझ रंग करना है और अपनी कला संस्कृति को अक्षुण्ण रखने का प्रयास करना है। जिप उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने आयोजन समिति और कलाकारों के नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जीतबाहन सिंह, भुवन सिंह आदि ने अतिथियों का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। सुहाना देवी, विंदेवरी देवी, चंदन दास आदि ने एक से बढ़कर एक ठेठ नागपुरी गीत प्रस्तुत कर समा बांधने का काम किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप सिंह ने की।

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**निविदा सूचना सं. : डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-67-2024,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), राँची-834003 के द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **सूचना सं. : डीआरएमईएनजीजी आरएनसी-67-2024, कार्य का नाम:** हटिया यूनिट के लिए ओपन लाइन में आपदा प्रबंधन रोलिंग स्टॉक रखरखाव सुविधाओं का उन्नयन/विस्तार। **निविदा मूल्य:** रु. 69,80,482.23, **बयाना राशि:** रु.1,39,600/- **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 24.01.2025 को 15.00 बजे। निविदाकार ऑनलाइन निविदा करने के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-967)

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए मद के सामने उल्लिखित तिथि को 15.00 बजे से पूर्व ई-निविदा आमंत्रित की जाती है एवं 15.30 बजे खोली जाएगी: **क्रम सं., निविदा सं. एवं कार्यों का विवरण** निम्नानुसार हैं: **(1) ई-केजीपीडब्ल्यू-डीईएन-20-2024,** एडीईएन/डब्ल्यूएसपी/केजीपी के अधिकार क्षेत्र में वर्ष 2024-2025 और 2025-2026 (दो वर्ष) के लिए मुख्य वर्कशॉप, नई वैगन शॉप और एनएस यार्ड परिसर के अंदर और बाहर विविध (पी-वे जोनल) ट्रैक कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 2,21,07,686.92, **बयाना राशि:** रु. 2,60,500/-, **(2) ई-केजीपीडब्ल्यू-डीईएन-21-2024,** केजीपीडब्ल्यू की टीआरएस-पीओएच शॉप और प्रोडक्शन शॉप में 'कर्मचारी कल्याण उपायों (टीआरएस-पीओएच शॉप कैंटीन, महिला विश्राम कक्ष, शौचालय ब्लॉक, पोर्टा कैंटीन) के प्रावधान' के तहत प्रस्तावित कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु. 21,45,393.18, **बयाना राशि:** रु.42,900/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0 प्रत्येक हेतु। **खुलने की तिथि :** क्रम सं. 1 हेतु दिनांक 08.01.2025, क्रम सं. 2 हेतु दिनांक 10.01.2025, **कार्य की समापन अवधि:** क्रम सं. 1 हेतु 24 माह, क्रम सं. 2 हेतु 9 माह। **बोली प्रारंभ होने की तिथि :** क्रम सं. 1 हेतु दिनांक 10.12.2024 से 08.01.2025 को 15.00 बजे तक, क्रम सं. 2 हेतु दिनांक 17.12.2024 से 10.01.2025 को 15.00 बजे तक। इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/ विनिर्देश के लिए वेबसाइट wwwireps.gov.in देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। इन कार्यों के लिए किसी भी मैनुअल निविदा को स्वीकार नहीं किया जाएगा। **द्रष्टव्य:** प्रत्याशित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए "www.ireps.gov.in" नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-966)

## लोहरदगा : देवदर्शन से लोगों ने की नववर्ष की शुरूआत





खबर मंत्र संवाददाता

**भंडरा।** थर्टी फर्स्ट को युवा पीढ़ी ने उत्सव के साथ बीत रहे साल को विदा किया तो बुधवार को नए साल के पहले दिन लोगों ने अखिलेश्वर धाम सहित अन्य मंदिरो मे देवदर्शन कर दिन की शुरूआत की।

भंडरा के अखिलेश्वर धाम मंदिर में बड़ी संख्या में लोग सुबह से ही भोलेनाथ के दर्शन के लिए पहुंचे। सुबह के समय पुजारियों ने मंदिर के पट खोल भगवान को नववर्ष की पहली पूजा और भोग अर्पण किया। जिन लोगों के घर के नजदीक कोई देव स्थान नहीं था। वें लोग निजी वाहनों या टैक्सी से अपने इष्टदेव के मंदिर अखिलेश्वर धाम पुहंचे। देवदर्शन का ये सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। मंदिर पहुंचे लोगों ने देवदर्शन के साथ ही अपने, परिवार के और समाज के लोगों की खुशहाली- समृद्धि की मनोकामना की। मौसम पिछले दिनों की तरह ही ठंडा रहा। पूजा के बाद लोग अपने परिजनों के साथ नंदनी डैम पर पिकनिक मनाने भी पहुंचे। नंदनी डैम मे हजारों की संख्या मे सौलनी पिकनिक मानाने पहुचे।

### वनभोज के साथ नये वर्ष का स्वागत

ठंड की लहरों के साथ नये वर्ष का आगाज हुआ। प्रकृति के आंचल में नववर्ष 2025 का स्वागत प्रखंडवासियों ने वनभोज के साथ किया।

नववर्ष की खुशी में सराबोर प्रखंड वासी बुधवार को पहले दिन रोमांचित और नयापन महसूस किए। साल का पहला दिन होने के कारण लोग देर से ही सही पर पूरी तैयारी के साथ जश्न मनाने के लिए घर से निकले। नववर्ष पर मौसम का मिजाज बुधवार की सुबह से ही अनोखा था। सुबह में कोहरा के बाद महज कुछ समय के लिए लोगों को सूर्य के दर्शन हुए और फिर पूरा दिन आकाश में कभी बादल तो कभी धुप छाया रहा।

खट्टी-मिठी यादों के साथ वर्ष 2024 को विदा करने और नववर्ष के आलिंगन के लिए लोगों ने प्राकृतिक स्थल को चुना। नंदनी डैम पर वनभोज के साथ लोगों ने नई उम्मीदों के साथ जश्न्न मनाया। नववर्ष के पहले दिन नंदनी डैम ने लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। नंदनी डैम पर मेले सा माहौल रहा।

## कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची।

### खुला डाक की सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विभागीय परिपत्र संख्या 114 दिनांक 18.1.1992 के आलोक में राँची जिला के नगड़ी, राहे, नामकुम, लापूँग, माण्डर, रातु, ईटकी, चान्हो, काँके, ओरमाँझी एवं तमाड़ प्रखंड के संलग्न सूची के राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बदोन्बस्ती खुला डाक द्वारा वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की अवधि के लिए दिनांक 17.01.2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची के कार्यालय प्रकोष्ठ में की जाएगी। शेष बचे जलकरों की बंदोबस्ती पुनः खुले डाक के द्वारा दिनांक 24.01.2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न एवं उसके पश्चात् दिनांक 01.02.2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से जिला जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची के कार्यालय प्रकोष्ठ में की जाएगी।

डाक की शर्तें निम्न प्रकार हैं–

1. निर्धारित वार्षिक सुरक्षित जमा राशि से कम राशि पर बन्दोबस्ती नहीं की जाएगी।
2. डाक में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति को जमानत राशि के रूप में वार्षिक सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत राशि जमा करना होगा।
3. उच्चतम डाक वक्ता की जमानत राशि को राजस्व राशि से समायोजित की जाएगी तथा अन्य डाक वक्ता की जमानत राशि वापस कर दी जाएगी।
4. डाक राशि जमा नहीं करने पर जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी।
5. उच्चतम डाक वक्ता को मत्स्य बीज की प्राप्ति के श्रोत से अवगत कराना होगा।
6. बन्दोबस्तदार को राजस्व राशि जमा करने के एक सप्ताह के अन्दर एकरारनामा कराना होगा। एकरारनामा के समय एक पासपोर्ट आकार का फोटो जमा करना होगा। संपादित एकरारनामा का निबंधन बन्दोबस्तदार को स्वयं के खर्च पर कराना होगा।
7. डाक के एक सप्ताह के अन्दर एकरारनामा नहीं कराने की स्थिति में बन्दोबस्ती की स्वीकृति नहीं दी जाएगी तथा पुनः बन्दोबस्ती करने की प्रक्रिया अपनायी जाएगी।
8. किसी भी डाक/बन्दोबस्ती को रद्द करने या स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित है।
9. डाक वक्ता को पहचान के रूप में आवश्यक कागजात प्रस्तुत करना होगा।
10. बकायेदार व्यक्ति को डाक में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**प्रखण्ड – नगड़ी**

नगड़ी प्रखंड के वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की अवधि में अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु जलकरों की सूची।

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | अंचल | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा | सुरक्षित जमा की राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | बालालौंग तालाब | बालालौंग | नगड़ी | – | 281 | 2.00 | 1600 |
| 2 | सेम्बोगागी तालाब | सेम्बो | नगड़ी | – | – | 1.00 | 1600 |
| 3 | खुँटा तालाब | खुँटा | नगड़ी | – | – | 0.76 | 1000 |

**प्रखण्ड – राहे**

राहे प्रखंड के वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की अवधि में अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु जलकरों की सूची।

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | अंचल | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा | सुरक्षित जमा की राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | बुन्दीआरू तालाब | बुन्दीआरू | राहे | 82 | 643 | 1.00 | 1000 |
| 2 | बदालू तालाब | बदालू | राहे | – | – | 1.00 | 500 |

**प्रखण्ड – नामकुम**

नामकुम प्रखंड के वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की अवधि में अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु जलकरों की सूची।

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | अंचल | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा | सुरक्षित जमा की राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | बेरमाद तालाब | बेरमाद | नामकुम | 57 | 395 | 1.77 | 2800 |
| 2 | तुपुदाना तालाब | तुपुदाना | नामकुम | 95 | 1379 | 1.01 | 8000 |

**प्रखण्ड – लापूँग**

लापूँग प्रखंड के वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की अवधि में अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु जलकरों की सूची।

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | अंचल | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा | सुरक्षित जमा की राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | नवाटोली तालाब II | नवाटोली | लापूँग | – | 484 | 0.75 | 1000 |
| 2 | तेतरा तालाब | तेतरा | लापूँग | – | 164 | 0.52 | 1000 |
| 3 | नवाटोली तालाब I | नवाटोली | लापूँग | – | 416 | 0.36 | 800 |
| 4 | रायटोली तालाब | रायटोली | लापूँग | – | 547 | 0.32 | 600 |

**प्रखण्ड – माण्डर**

माण्डर प्रखंड के वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की अवधि में अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु जलकरों की सूची।

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | अंचल | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा | सुरक्षित जमा की राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हारिल टैंक | हारिल | माण्डर | 121 | – | 0.51 | 1200 |
| 2 | टोटाम्बी टैंक | टोटाम्बी | माण्डर | 183 | 229 | 1.12 | 1600 |

**प्रखण्ड – रातु**

रातु प्रखंड के वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की अवधि में अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु जलकरों की सूची।

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | अंचल | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा | सुरक्षित जमा की राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | गुडु तालाब | गुडु | रातु | – | – | – | 2000 |
| 2 | परहेपाट तालाब | परहेपाट | रातु | 61 | 170 | 0.24 | 1600 |
| 3 | मालमाडु तालाब | मालमाडु | रातु | 41 | 467, 466 | 2.70 | 2000 |

**प्रखण्ड – ईटकी**

ईटकी प्रखंड के वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की अवधि में अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु जलकरों की सूची।

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | अंचल | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा | सुरक्षित जमा की राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | पुरियो तालाब | पुरियो | ईटकी | 132 | 2251, 2252 | 1.52 | 2400 |
| 2 | तिलकसुती तालाब | तिलकसुती | ईटकी | 47 | 225 | 0.65 | 1000 |
| 3 | पलमा तालाब | पलमा | ईटकी | 7 | 538 | 0.94 | 1200 |
| 4 | गढ़गांव तालाब | गढ़गांव | ईटकी | 204 | 2218 | 1.12 | 1600 |
| 5 | मुकुन्दा बाँध | मुकुन्दा | ईटकी | 4 | 1053 | 1.26 | 1200 |
| 6 | मोरो तालाब | मोरो | ईटकी | 186 | 697 | 1.66 | 8000 |
| 7 | चिनारो तालाब | चिनारो | ईटकी | 36 | 168 | 2.63 | 8000 |
| 8 | मलती तालाब | मलती | ईटकी | 86 | 457 | 0.57 | 800 |
| 9 | भण्डरा टैंक | भण्डरा | ईटकी | 48 | 140 | 3.48 | 3600 |
| 10 | बोड़ेया तालाब | बोड़ेया तालाब | ईटकी | 60 | 522 | 2.48 | 3600 |
| 11 | कुली तालाब 1 | कुली | ईटकी | 195 | 428 | 0.52 | 800 |
| 12 | कुली तालाब 2 | कुली | ईटकी | 195 | 491 | 0.93 | 1400 |
| 13 | मुकुन्दा तालाब 1 | मुकुन्दा | ईटकी | 4 | 1053 | 1.26 | 1200 |
| 14 | चचगुड़ा तालाब | चचगुड़ा | ईटकी | 100 | 498 | 0.69 | 1600 |
| 15 | तुरूगुरू तालाब | तुरूगुरू | ईटकी | – | 820 | 0.35 | 1000 |
| 16 | सेमरा तालाब | सेमरा | ईटकी | 65 | 302 | 1.73 | 1280 |
| 17 | बिन्धानी तालाब | बिन्धानी | ईटकी | 89 | 585 | 0.88 | 1000 |

**प्रखण्ड – चान्हो**

चान्हो प्रखंड के वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की अवधि में अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु जलकरों की सूची।

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | अंचल | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा | सुरक्षित जमा की राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | तरंगा तालाब 1 | तरंगा | चान्हो | – | 1941 | 0.43 | 600 |
| 2 | तरंगा तालाब 2 | तरंगा | चान्हो | 223 | 1050 | 1.01 | 600 |
| 3 | मुरतो तालाब | मुरतो | चान्हो | 140 | 1356, 1357 | 1.06 | 1200 |
| 4 | हुरहुरी तालाब | हुरहुरी | चान्हो | 211 | 1092 | 1.00 | 1000 |
| 5 | मुरतो बाँध | मुरतो | चान्हो | 140 | – | 0.23 | 600 |
| 6 | ओपा तालाब | ओपा | चान्हो | 118 | 441 | 1.18 | 800 |
| 7 | सोंस तालाब | सोंस | चान्हो | 105 | 883 | 1.23 | 1000 |
| 8 | सिलागाई तालाब 2 | सिलागाई | चान्हो | 243 | 2982, 2983 | 1.66 | 1600 |
| 9 | पतराहातु बाँध | पतराहातु | चान्हो | 315 | 1676 | 1.15 | 1200 |
| 10 | पण्डरी बाँध | पण्डरी | चान्हो | 128 | 1116, 1196 | 1.71 | 2000 |
| 11 | बलसोकरा बाँध | बलसोकरा | चान्हो | 159 | 1010, 1020 | 3.31 | 3000 |
| 12 | रोल तालाब | रोल | चान्हो | 17 | 1134 | 2.78 | 2600 |
| 13 | रानीचांचो तालाब | रानीचांचो | चान्हो | 13 | 325 | 1.86 | 1000 |
| 14 | सिलागाई तालाब 1 | सिलागाई | चान्हो | – | 2475 | 4.23 | 7600 |

**प्रखण्ड – काँके**

काँके प्रखंड के वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की अवधि में अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु जलकरों की सूची।

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | अंचल | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा | सुरक्षित जमा की राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | संग्रामपुर तालाब II | संग्रामपुर | काँके | – | 532, 533 | 1.39 | 1200 |
| 2 | संग्रामपुर तालाब III | संग्रामपुर | काँके | – | 899, 900 | 1.17 | 800 |
| 3 | नगड़ी टैंक | नगड़ी | काँके | – | 197 | 0.51 | 1000 |
| 4 | खटंगा नाला | खटंगा | काँके | – | 1216, 1217 | 0.25 | 500 |
| 5 | संग्रामपुर तालाब I | संग्रामपुर | काँके | – | 498, 499 | 2.23 | 2000 |
| 6 | बाढु तालाब | बाढु | काँके | 713 | 103 | 0.80 | 2000 |
| 7 | जमुआरी तालाब | जमुआरी | काँके | – | – | 0.65 | 1000 |
| 8 | चंदवे टैंक | चंदवे | काँके | – | 266, 355 | 1.23 | 1200 |
| 9 | मेसरा टैंक | मेसरा | काँके | – | 355 | 0.50 | 800 |
| 10 | रोल तालाब | रोल | काँके | 72 | – | 0.70 | 520 |
| 11 | पोड़तोल तालाब | पोड़तोल | काँके | – | 456, 457 | 0.83 | 600 |
| 12 | होम्बई तालाब | होम्बई | काँके | – | 686, 687 | 1.43 | 2000 |
| 13 | सुगनु तालाब | सुगनु | काँके | – | 1189 | 1.43 | 600 |
| 14 | किशुनपुर तालाब | किशुनपुर | काँके | – | 471, 472 | 0.73 | 600 |

**प्रखण्ड – ओरमाँझी**

ओरमाँझी प्रखंड के वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की अवधि में अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु जलकरों की सूची।

| क0 | जलकर का नाम | ग्राम | अंचल | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा | सुरक्षित जमा की राशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हेन्देबिली तालाब III | हेन्देबिली | ओरमाँझी | – | 1223 | 0.72 | 2000 |
| 2 | सिलदिड़ी तालाब | सिलदिड़ी | ओरमाँझी | 508, 105 | 330 | 1.24 | 1300 |
| 3 | जीरावार तालाब II | जीरावार | ओरमाँझी | 330 | 337 | 4.00 | 1000 |
| 4 | डटमा तालाब | डटमा तालाब | ओरमाँझी | – | 267 | 0.27 | 480 |
| 5 | हेन्देबिली तालाब I | हेन्देबिली | ओरमाँझी | 102 | 325 | 4.00 | 7200 |
| 6 | हतवाल तालाब | हतवाल | ओरमाँझी | 1 | 192 | 0.42 | 500 |
| 7 | मन्दरो तालाब | मन्दरो | ओरमाँझी | – | – | 0.52 | 1200 |
| 8 | गगारी तालाब | गगारी | ओरमाँझी | – | – | 0.57 | 800 |
| 9 | चकला तालाब | चकला | ओरमाँझी | – | 1017, 1018 | 2.92 | 5600 |
| 10 | पालू तालाब | पालू | ओरमाँझी | – | 707, 708 | 1.15 | 1600 |

विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्यावधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची।

PR 343373 Fish(24-25)D

# डॉक्टरों की कमी

यूनेस्को कई बार बता चुका है कि भारत के कई स्थानों पर एक हजार व्यक्तियों पर एक चिकित्सक भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में यदि देश के कई मेडिकल कॉलेजों के चिकित्सा पाठ्यक्रमों में सीटें खाली रह जाएं तो इसे देश के लिये विडंबना ही कहा जाएगा। इस ज्वलंत मुद्दे पर देश की शीर्ष अदालत ने संज्ञान लेते हुए निर्देश दिए कि इस माह के अंत तक देश के सभी मेडिकल कालेजों के चिकित्सा पाठ्यक्रमों में रिक्त पड़ी सीटों को तुरंत भरा जाए। जाहिर है जब देश में पहले से ही डॉक्टरों के कमी है तो ये सीटें क्यों खराब की जा रही हैं? देश में चिकित्सकों की कमी को देखते हुए पिछले दिनों बड़ी संख्या में नये मेडिकल कालेज खोले गए हैं, लेकिन इनमें सीटों की संख्या दुगनी हो जाने के बाद भी डॉक्टरों की कमी बनी हुई है। वैसे निजी अस्पतालों में तो डॉक्टरों की कमी नहीं है, लेकिन सार्वजनिक अस्पतालों व डिस्पेंसरियों में डॉक्टरों की कमी बराबर बनी रहती है। खासकर ग्रामीण इलाकों में तो स्थिति बहुत खराब है। यही वजह है कि देश के बड़े चिकित्सा संस्थानों मसलन एम्स व पीजीआईएमईआर जैसे संस्थान मरीजों के दबाव से चरमरा रहे हैं। साथ ही चिकित्सक बेहद दबाव में काम कर रहे हैं। यह सुखद ही है कि देश की शीर्ष अदालत ने इस संकट की गंभीरता को महसूस करते हुए निर्देश दिए हैं कि इस महीने के अंत तक काउंसलिंग करा कर उन सीटों को तुरंत भरा जाए। निश्चित रूप से इस पहल से देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को संबल मिल सकेगा। उनके लिये विदेशों में भो रोजगार के आकर्षक अवसर होते हैं। पूरी दुनिया में भारतीय डॉक्टरों की मांग है साथ ही देश को मेडिकल हब बनाने की पूरी संभावना है झारखंड में हेमंत सरकार ने सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज हॉस्पीटल खोलने का साहसिक निर्णय लिया है। यह एक बेहतरीन निर्णय है।

## कार्टून वर्ल्ड




## आज का राशिफल

मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

कर्क : राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

# 2024 : बड़ी उपलब्धियों का साल रहा, देश को मिली बड़ी सफलता

2025 की शुरूआत हो चुकी है। देश की राजनीति के लिहाज से देखें तो 2024 बहुत खास रहा क्योंकि इसी साल देश में आम चुनाव हुए। भाजपा अपने दम पर तो नहीं लेकिन अपने सहयोगियों के साथ से तीसरी बार नरेंद्र मोदी का नेतृत्व में सरकार बनाने में कामयाब हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार कहते रहे हैं कि उनकी सरकार लोगों के हितों के लिए काम करती रहेगी और यही कारण है कि इस साल भी मोदी सरकार की ओर से कुछ बड़ी घोषणाएं की गई। आज हम आपको विगत वर्ष घोषित की गई कुछ सरकारी योजनाओं के बारे में बताने जा रहे हैं।

## राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन का विस्तार

पहले शुरू किए गए राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन की सफलता के आधार पर, केंद्र सरकार ने 2024 में दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों सहित भारत के सभी क्षेत्रों को कवर करने के लिए इसके विस्तार की घोषणा की। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को डिजिटल स्वास्थ्य सेवा, इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड और टेलीमेडिसिन तक पहुंच प्रदान करना है। इसका उद्देश्य डिजिटल प्रौद्योगिकी को एकीकृत करके, देश भर में स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच और गुणवत्ता में सुधार करके और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में अंतराल को संबोधित करके स्वास्थ्य सेवा वितरण में क्रांति लाना है।

## राष्ट्रीय शिक्षा सुधार कार्यक्रम


मोदी सरकार ने 2024 में एक प्रमुख राष्ट्रीय शिक्षा सुधार कार्यक्रम शुरू किया, जिसका उद्देश्य सभी स्तरों पर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना है। सुधार कौशल विकास, परीक्षा के दबाव को कम करने और नवीन शिक्षण विधियों को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित हैं। इसमें शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग बढ़ाना, डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म को बढ़ाना और ग्रामीण स्कूलों में बुनियादी ढांचे में सुधार करना शामिल है। कार्यक्रम का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक छात्र, चाहे उनका स्थान कुछ भी हो, उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त करे जो उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करे।

## गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान विस्तार

2024 में, केंद्र सरकार ने देश भर में



बुनियादी ढांचे की कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए 'गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान' का विस्तार किया। शुरूआत में 2021 में शुरू की गई यह पहल परिवहन, लॉजिस्टिक्स और संचार जैसे क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की एकीकृत योजना पर केंद्रित है। यह विस्तार राज्यों को कार्यान्वयन प्रक्रिया में अधिक सक्रिय रूप से भाग लेने, प्रमुख आर्थिक क्षेत्रों के विकास को लक्षित करने और व्यापार और विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए सुचारू रसद की सुविधा प्रदान करने की अनुमति देगा। इस कदम का उद्देश्य परिवहन लागत को कम करना, नौकरियां पैदा करना और वैश्विक व्यापार केंद्र के रूप में भारत की स्थिति में सुधार करना है।



- अंकित सिंह

> बीते साल, केंद्र सरकार ने देश भर में बुनियादी ढांचे की कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए 'गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान' का विस्तार किया। शुरूआत में 2021 में शुरू की गई यह पहल परिवहन, लॉजिस्टिक्स और संचार जैसे क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की एकीकृत योजना पर केंद्रित है। यह विस्तार राज्यों को कार्यान्वयन प्रक्रिया में अधिक सक्रिय रूप से भाग लेने, प्रमुख आर्थिक क्षेत्रों के विकास को लक्षित किया।

## राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन

भारत को स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करने के लिए इस वर्ष राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन शुरू किया गया था। मिशन नवीकरणीय ऊर्जा द्वारा संचालित इलेक्ट्रोलिसिस के माध्यम से हरित हाइड्रोजन, एक नवीकरणीय और टिकाऊ ऊर्जा स्रोत का उत्पादन करने पर केंद्रित है। सरकार का लक्ष्य स्टील, सीमेंट और परिवहन जैसे उद्योगों में हरित हाइड्रोजन के उपयोग को बढ़ावा देना, कार्बन उत्सर्जन को कम करना और देश के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना है। यह पहल स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में निवेश को आकर्षित करेगी और बड़ी संख्या में हरित नौकरियाँ पैदा करेगी।

## महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा पैकेज

महिलाओं को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, सरकार ने 2024 में महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा पैकेज लॉन्च किया। इस योजना में महिला उद्यमियों के लिए बढ़ी हुई वित्तीय सहायता, संकट में महिलाओं के लिए एक नई हेल्पलाइन और लिंग आधारित हिंसा से निपटने के लिए सख्त कानून के प्रावधान शामिल हैं। . यह पहल सुरक्षित सार्वजनिक स्थान प्रदान करने और सरकारी और निजी क्षेत्रों में नेतृत्व की भूमिकाओं में महिलाओं के लिए अवसर बढ़ाने पर भी केंद्रित है।

## ओलंपिक में मनु भाकर छाई

पेरिस ओलंपिक में भारत टोक्यो ओलंपिक के रिकॉर्ड को भले ही नहीं तोड़ सका लेकिन भारत की युवा स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने इतिहास रच कर कमाल किया। टोक्यो ओलंपिक में निराशाजनक तरीके से अपने अभियान का समापन करने के बाद मनु भाकर ने अकल्पनीय वापसी की। जिसके बाद उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल कैटेगरी में व्यक्तिगत और टीम इवेंट में दो ब्रॉन्ज मेडल हासिल करके सनसनी मचा दी। वह एक ही ओलंपिक में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट बनीं।

## नीरज चोपड़ ने जीता सिल्वर

साथ ही टोक्यो ओलंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक में भी सिल्व मेडल जीता और इतिहास रचा। हालांकि, वो अपना गोल्ड मेडल बचाने में असफल रहे। लेकिन नीरज का सिल्वर पेरिस में भारत का सबसे बड़ा मेडल साबित हुआ जो इस स्टार एथलीट के कद और प्रदर्शन को बयां करने के लिए काफी है।

## पैरालंपिक एथलीट्स ने दिखाई ताकत

पेरिस ओलंपिक के बाद पैरालंपिक खेलों में भारत का प्रदर्शन काबिले-तारीफ रहा। इन खेलों में भारत ने इतिहास रच दिया। भारत ने पेरिस पैरालंपिक में कुल मिलाकर 29 पदक जीते, जिसमें सात गोल्ड मेडल थे, इसके अलावा 9 सिल्वर मेडल और 13 कांस्य पदक भी जीते। इससे पहले भारतीय पैरालंपिक खिलाड़ियों ने टोक्यो 2020 खेलों में अपना बेस्ट प्रदर्शन किया था, जिसमें उन्होंने 19 मेडल हासिल किए थे जिसमे 5 गोल्ड मेडल शामिल थे।

## शतरंज में डी गुकेश ने रचा इतिहास

ये साल शतरंज में भी भारत के हक में रहा। महज 18 वर्षीय डी गुकेश ने वर्ल्ड चेस चैंपियन बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने इस दौरान असाधारण प्रदर्शन कर चीन के डिंग लिरेन को हराकर खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ भारत को 11 साल बाद ये खिताब एक बार फिर वापस मिला।

## लेटर टू एडिटर

### न्याय की तार्किकता

**सत्तारूढ़** बीजेपी सरकारों द्वारा गंभीर अपराधों, अनधिकृत कब्जों के खिलाफ पीला पंजा इस्तेमाल कर मकानों को गिराने की नीति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिशा-निर्देश जारी करने पर चर्चा करने वाला था। अपराध साबित होने से पहले किसी का मकान गिराना उसके पूरे परिवार से अन्याय है, अगर बाद में व्यक्ति बेकसूर साबित हो जाए तो इसकी क्षतिपूर्ति कौन करेगा। कई बार देखा गया है कि बुलडोजर की कार्रवाई समाज के एक वर्ग विशेष के लोगों के खिलाफ ही की जाती है। बुलडोजरी न्याय पर प्रतिबंध, जनहित में न्याय संगत तथा काबिलेतारीफ है।

**-अनिल कौशिक, रांची**

### गरिमापूर्ण जीवन

**सुप्रीम** कोर्ट का आदेश जेलों में जाति के आधार पर काम के बंटवारे में सुधार लाने के लिए ऐतिहासिक और स्वागतयोग्य है। यह अंग्रेजी शासन की बर्बरता को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**-ईश्वर गर्ग, हजारीबाग**

## ट्वीट

**वर्तमान** में जीना और अपने प्रयासों को उच्च लक्ष्यों की ओर केंद्रित करना ही जीवन को सार्थक बनाता है। सत्यनिष्ठा और यथार्थवाद हमें सही दिशा में ले जाते हैं, जबकि उत्साह, साहस, धैर्य और आत्मविश्वास हमें हर चुनौती का सामना करने की शक्ति प्रदान करते हैं। समय के साथ स्वयं को ढालना और अपने संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करना ही सफलता का मूलमंत्र है।

**– अवधेशानंद गिरी**

नए वर्ष का पहला निर्णय हमारे देश के करोड़ों किसान भाई-बहनों को समर्पित है। हमने फसल बीमा के लिए आवंटन बढ़ाने को मंजूरी दी है। इससे जहां अन्नदाताओं की फसलों को और ज्यादा सुरक्षा मिलेगी, वहीं नुकसान की चिंता भी कम होगी।

**– नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

# सार्क में भारत ने बनायी अपनी पहचान विश्व को दिया बड़ा संकेत

**-डॉ. सत्यवान सौरभ**

## सामयिक

**सार्क** के संस्थापक सदस्य के रूप में भारत ने क्षेत्रीय सहयोग के लिए लगातार पहल की है। हालांकि, भारत के प्रयासों के बावजूद, संगठन अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर रहा है, जिसके परिणामस्वरूप पिछले कुछ वर्षों में इसकी प्रभावशीलता सीमित रही है। भारत सार्क के भीतर आर्थिक सहयोग, संपर्क और क्षेत्रीय विकास को आगे बढ़ाने में केंद्रीय भूमिका निभाता रहा है। भारत दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र समझौते में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है, जिसका उद्देश्य अंतर-क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा देना था। भारत ने आतंकवाद और सीमा पार खतरों से निपटने के लिए सार्क के प्रयासों का नेतृत्व किया है, जिसमें कई सुरक्षा सहयोग पहलों का प्रस्ताव दिया गया है। भारत ने 1987 में आतंकवाद के दमन पर सार्क क्षेत्रीय सम्मेलन के निर्माण का नेतृत्व किया। हालांकि, इन प्रयासों के बावजूद, कई चुनौतियों के कारण सार्क की प्रभावशीलता सीमित बनी हुई है।

साफ्टा के बावजूद, अंतर-सार्क व्यापार 5% से कम बना हुआ है, जो खराब आर्थिक एकीकरण और सार्क की आर्थिक क्षमता को साकार करने में सीमित सफलता को दर्शाता है। आसियान के साथ भारत का व्यापार सार्क देशों के साथ उसके व्यापार से अधिक है, जो महत्वपूर्ण आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने में सार्क की विफलता को रेखांकित करता है। प्रमुख राजनीतिक मतभेदों, विशेष रूप से भारत और पाकिस्तान के बीच, ने शिखर-स्तरीय सहभागिताओं को बाधित किया है, जिससे निर्णय लेने की प्रक्रिया रुक गई है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण 2016 का सार्क शिखर सम्मेलन अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया था, जो राजनीतिक सामंजस्य के टूटने का संकेत था। सार्क की निर्णय लेने की प्रक्रिया में आम सहमति की आवश्यकता होती है, जिससे पहल धीमी हो गई है, क्योंकि सदस्य देशों के बीच असहमति अक्सर प्रगति को रोक देती है। पाकिस्तान की आपत्तियों के कारण सार्क मोटर वाहन समझौता लागू नहीं हो पाया है, जिससे क्षेत्रीय संपर्क प्रयास रुक गए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे भू-राजनीतिक तनाव ने अक्सर सार्क की पहल को पटरी से उतार दिया है और इसकी समग्र प्रभावशीलता को सीमित कर दिया है। 2016 में उरी हमले के कारण भारत ने सार्क शिखर सम्मेलन का बहिष्कार किया, जिससे क्षेत्रीय सहयोग को और झटका लगा। सार्क सदस्यों, विशेष रूप से भारत और छोटी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापक आर्थिक मतभेदों ने समान आर्थिक सहयोग हासिल करना चुनौतीपूर्ण बना दिया है। भारत का सकल घरेलू उत्पाद पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद से आठ गुना अधिक है, जिससे व्यापार वार्ता और अपेक्षाओं में असंतुलन पैदा होता है। राजनीतिक इच्छाशक्ति और क्षमता की कमी के कारण सार्क समझौतों को अक्सर कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण देरी का सामना करना पड़ता है। खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए सार्क खाद्य बैंक का कम उपयोग होने के कारण व्यावहारिक प्रभाव बहुत कम रहा है।

कई सार्क देश आर्थिक और रणनीतिक सहायता के लिए चीन जैसी बाहरी शक्तियों पर निर्भर हैं, जिससे सार्क का आंतरिक सहयोग कमजोर हुआ है। नेपाल और श्रीलंका की चीनी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर बढ़ती निर्भरता ने सार्क की क्षेत्रीय एकता को कमजोर किया है। सार्क के पास निर्णयों को लागू करने या अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत सुपरनैशनल निकाय का अभाव है, जिससे यह क्षेत्रीय नीतियों को लागू करने में अप्रभावी हो गया है। यूरोपीय संघ के विपरीत, सार्क के पास निर्णयों को लागू करने या विवादों को हल करने के लिए अधिकार रखने वाले संस्थान नहीं हैं।

भारत अलग-अलग सार्क सदस्यों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, विश्वास और सहयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर सकता है जिससे अधिक बहुपक्षीय सफलता मिल सकती है। कनेक्टिविटी और व्यापार पर बांग्लादेश के साथ भारत के हालिया प्रयासों ने सार्क की सीमित प्रगति के बावजूद द्विपक्षीय सहयोग में सुधार किया है। भारत सार्क की निर्णय लेने की प्रक्रिया में सुधार के प्रयासों का नेतृत्व कर सकता है, आम सहमति के बजाय बहुमत आधारित निर्णयों की वकालत कर सकता है, जो अक्सर प्रगति को रोकता है। भारत बिम्सटेक तंत्र के समान सुधारों का प्रस्ताव कर सकता है, जिसने क्षेत्रीय समझौतों में अधिक लचीलापन दिया है। भारत सार्क ढांचे के भीतर व्यापार सुविधा, संपर्क परियोजनाओं और निवेश को बढ़ाकर गहन आर्थिक एकीकरण के लिए प्रयास कर सकता है। बांग्लादेश, भूटान और नेपाल के साथ परिवहन संपर्क पर भारत की बीबीआईएन पहल पाकिस्तान की अनिच्छा को दरकिनार करती है और उप-क्षेत्रीय सहयोग की क्षमता को प्रदर्शित करती है।

# कृषि में महिलाओं को सशक्त बनाती नमो ड्रोन दीदी योजना



**डॉ उषा किरण**

## विकास

**नमो** ड्रोन दीदी सटीक कृषि और संसाधन अनुकूलन में योगदान दे सकती है। भारत का कृषि क्षेत्र प्रौद्योगिकी-आधारित समाधानों के एकीकरण के साथ परिवर्तन के शिखर पर है। ड्रोन प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित करने वाली नमो ड्रोन दीदी जैसी योजनाएँ सटीक कृषि और संसाधन अनुकूलन के माध्यम से खेती को आधुनिक बनाने की क्षमता प्रदान करती हैं, जो कृषि में प्रमुख चुनौतियों का समाधान करती हैं। ड्रोन उर्वरकों और कीटनाशकों के सटीक अनुप्रयोग को सक्षम करते हैं, अपव्यय को कम करते हैं और समान वितरण सुनिश्चित करते हैं। नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत ड्रोन रासायनिक उपयोग में 30% तक की कमी सुनिश्चित करते हैं। ड्रोन फसलों की वास्तविक समय की निगरानी की अनुमति देते हैं, फसल के स्वास्थ्य, मिट्टी की स्थिति और समय पर हस्तक्षेप के लिए प्रारंभिक रोग का पता लगाने पर डेटा प्रदान करते हैं। आंध्र प्रदेश में, ड्रोन ने कीटों के हमलों का समय पर पता लगाने के कारण फसल के नुकसान को 20% तक कम करने में मदद की। ड्रोन फसल के विकास पैटर्न, मिट्टी के स्वास्थ्य और उपज के अनुमान पर सटीक डेटा प्रदान करते हैं, जिससे खेत प्रबंधन और निर्णय लेने में सुधार होता है।

वैश्विक स्तर पर, ड्रोन तकनीक ने कृषि सहित कई उद्योगों में क्रांति ला दी है। भारत में, ड्रोन में अपार संभावनाएं हैं: वे बड़े क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर सकते हैं, फसलों की निगरानी कर सकते हैं, बीमारियों या कीटों का पहले से पता लगा सकते हैं और कीटनाशकों और उर्वरकों के सटीक उपयोग की सुविधा प्रदान कर सकते हैं। यह सटीक खेती का तरीका पारंपरिक खेती के तरीकों से जुड़ी लागत और बबार्दी को कम करते हुए फसल की पैदावार को बढ़ाता है।

हालांकि, भारतीय कृषि में ड्रोन को अपनाना धीमा रहा है। उच्च लागत, सीमित जागरूकता और ग्रामीण क्षेत्रों में अपर्याप्त तकनीकी बुनियादी ढांचे ने व्यापक कार्यान्वयन में बाधा उत्पन्न की है। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए, नमो ड्रोन दीदी योजना न केवल ड्रोन तकनीक को बढ़ावा देती है बल्कि ग्रामीण महिलाओं को सशक्त भी बनाती है। महाराष्ट्र में तैनात ड्रोन ने किसानों को पैदावार का बेहतर अनुमान लगाने और उत्पादकता बढ़ाने में सक्षम बनाया। ड्रोन पोषक तत्वों जैसे इनपुट के परिवर्तनीय दर अनुप्रयोग की अनुमति देते हैं, विशिष्ट क्षेत्र की जरूरतों के अनुसार समायोजन करते हैं, इनपुट दक्षता को अधिकतम करते हैं।

ड्रोन तकनीक में स्वचालन कीटनाशकों या उर्वरकों के छिड़काव जैसे कार्यों में मानवीय त्रुटि को कम करता है, जिससे अधिक प्रभावी संचालन होता है। मध्य प्रदेश में एक पायलट परियोजना ने कीटनाशक छिड़काव में कम त्रुटियों को दिखाया, जिससे फसल की उपज में 15% सुधार हुआ। ड्रोन मिट्टी में नमी के स्तर का आकलन करने में मदद करते हैं, जिससे सटीक सिंचाई की सुविधा मिलती है, जिससे पानी का संरक्षण होता है और यह सुनिश्चित होता है कि केवल आवश्यक क्षेत्रों में ही पानी मिले।

ड्रोन-सहायता प्राप्त सिंचाई ने गुजरात के जल-दुर्लभ क्षेत्रों में पानी के उपयोग को 15% तक कम कर दिया। इनपुट लागत में कमीः उर्वरकों और कीटनाशकों जैसे इनपुट के सटीक उपयोग से, किसान लागत बचाते हैं, जिससे बेहतर संसाधन प्रबंधन में योगदान मिलता है। पंजाब में स्वयं सहायता समूह ने नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत ड्रोन का उपयोग करके इनपुट पर 20% लागत बचत की सूचना दी। ड्रोन कीटनाशकों और उर्वरकों के छिड़काव जैसे कार्यों में मैनुअल श्रम की आवश्यकता को कम करते हैं, जिससे किसानों को श्रम लागत में कटौती करने और परिचालन दक्षता में सुधार करने में मदद मिलती है। नमो ड्रोन दीदी के तहत ड्रोन सेवाओं को अपनाने के बाद हरियाणा के किसानों ने श्रम व्यय में 25% तक की कमी का अनुभव किया। ड्रोन तकनीक बड़े खेतों में छिड़काव और निगरानी जैसे कार्यों के लिए आवश्यक समय को काफी कम कर देती है, जिससे समग्र कृषि उत्पादकता में सुधार होता है।

राजस्थान में, ड्रोन की सहायता से कीटनाशक के छिड़काव ने संचालन में लगने वाले समय को 7 दिनों से घटाकर 2 दिन कर दिया, जिससे उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। ड्रोन सटीक कीट प्रबंधन में मदद करते हैं, कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग को कम करते हैं, जिससे दीर्घकालिक मिट्टी और पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य में सुधार होता है। तमिलनाडु के किसानों ने ड्रोन-सहायता प्राप्त कीट प्रबंधन प्रणालियों का उपयोग करके फसल की गुणवत्ता में 10% सुधार की सूचना दी। नमो ड्रोन दीदी योजना खेती को आधुनिक बनाने, सटीक कृषि को बढ़ाने और इष्टतम संसाधन उपयोग सुनिश्चित करने में प्रौद्योगिकी-आधारित कृषि की अपार क्षमता को प्रदर्शित करती है। हालाँकि भारत कृषि में ड्रोन को एकीकृत करने वाला पहला देश नहीं है, लेकिन तकनीक के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने पर इसका ध्यान अद्वितीय है। निरंतर सरकारी समर्थन, बेहतर बुनियादी ढाँचे और किसानों की बढ़ती जागरूकता के साथ, नमो ड्रोन दीदी योजना में खेती को आधुनिक बनाने, खाद्य सुरक्षा बढ़ाने और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की क्षमता है।

# निधि इवेंटस के धूम मचाले में उमड़ी भीड़

**सांस्कृतिक कार्यक्रम से समाज में बढ़ता है मेल-जोल : अमित सिन्हा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** रांची रोड स्थित गंगा रेजेंसी में नववर्ष की पूर्व संध्या पर मंगलवार को निधि इवेंटस ने धूम मचाले कार्यक्रम किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जाने माने समाज सेवी अमित कुमार सिन्हा, विशिष्ट अतिथि नंदकिशोर गुप्ता, विनोद कुमार, रंजन फौजी, हरि रत्नम साहू एवं निधि इवेंटस के राजू कैंथ मौजूद थे। अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके उपरांत गणेश वंदना से कार्यक्रम आरंभ हुआ। धूम मशाला कार्यक्रम के दौरान कोलकाता से आए प्रसिद्ध डीजे श्रेया ग्रूप द्वारा पेश गायन और नृत्य में उपस्थित लोग थिरकने को विवश हो गए। इस क्रम में ग्रूप ने बेहतरीन गायन और नृत्य का नमूना पेश किया। डीजे ग्रूप के बेहतरीन कार्यक्रम से उपस्थित लोग इतने मंत्रमुग्ध हो गए की कार्यक्रम के दौरान घंटो थिरकते रहे। कार्यक्रम के दौरान दिप्ती और पार्थो प्रतीम द्वारा एक से बढ़कर एक गाने पेश किये गये। आज की रात मजा हुस्न का लीजिये..., सहित कई गाने पेश किये गये जिसपर उपस्थित लोग जमकर थिरकते रहे। झारखंड के नजराज ग्रुप के कलाकरों द्वारा एक से बढ़कर एक डांस पेश किया गया। अमित कुमार सिन्हा ने लोगों को नववर्ष की शुभकामाएं देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम का काफी महत्व है। क्योंकि इस तरह के कार्यक्रमों से जहां लोगों में उत्साह का संचार होता है वहीं, लोगों के बीच आपसी मेलजोल भी बढ़ता है। इस प्रकार के कार्यक्रम काफी महतपवूर्ण होते हैं। कार्यक्रम की निर्णायक मंडली में आरडी शर्मा, महेंद्र मोदी, अन्नू सिन्हा, सूरज जायसवाल, शामिल थे। निर्णायक मंडली द्वारा कार्यक्रम के दौरान लक्की कूपन से 10 लोगों को नवाजा गया। जबकि 3 लोगों को लक्की कपल से नवाजा गया। अमितेष प्रकाश व पूनम सिंह को वेस्ट कपल के खिताब से नवाजा गया। नितिन कपूर व पत्नी मनीषा को द्वितीय और पूलक व पत्नी आलिया को तृतीय वेस्ट कपल के खिताब से नवाजा गया। मौके पर सत्येंद्र गांधी, संतोष गुप्ता, राजू राठौर, रोहित, हीना कोटेचा, देव कुमार, अजय सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।





# पतरातू डैम में उमड़ा जनसैलाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** नववर्ष 2025 को लेकर कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को पिकनिक की धूम रही। इस दौरान लोगों ने एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों के साथ मनोहारी नृत्य और संगीत के बीच अपने आप को सराबोर करते दिखें। मालूम हो कि पतरातू डैम की पहचान एक प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट के रूप में की जाती है। यहां जलाशय बाहें फैलाए सैलानियों का इंतजार करते रहती है। प्रत्येक नये वर्ष के अवसर पर इस जलाशय पर पिकनिक मनाने के लिए सैंकड़ों लोग आया करते हैं। छुट्टियों और नये वर्ष के अवसर पर हजारों की संख्या में सैलानी पतरातू डैम पहुंचकर अपनी थकावट को दूर करने के साथ-साथ हसीन वादियों के बीच पिकनिक मानने का भी लुत्फ उठाते हैं। इधर दिसंबर माह से पतरातू डैम में रामगढ़, रांची, गिद्दी, रेलीगढ़ा, उरीमारी, सेंट्रल सौंदा, सौंदा डी, रीवर साईड, चिकोर, पाली, निम्मी, सुद्दी, देवरिया, मतकमा, जवाहर नगर, पगला आश्रम, लपंगा, चैनगडा, बरकाकाना, भुरकुंडा, भदानीनगी व बासल सहित विभिन्न क्षेत्रों के हजारों लोग नववर्ष 2025 के आगमन के अवसर पिकनिक में लजीज व्यंजनो का जमकर आनंद लिया। साथ ही एक-दूसरे के गले मिलकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी। वहीं आईएजी डैम, दोमुहानी, रीवर साईड दामोदर नदी तट सहित अन्य क्षेत्रों के नदी और तालाबों में लोगों ने नववर्ष का जमकर लुत्फ उठाया। लोग सुबह ही अपने-अपने घरों से पिकनिक स्पॉटों के लिए निकले जहां जमकर मौज-मस्ती की। साथ ही लोगों ने नाव व बोट के माध्यम से पतरातू डैम भ्रमण का भी जमकर आनंद लिया। विधि-व्यवस्था बनाए रखने में चौक-चौराहों सहित पिकनिक स्पॉटों पर पुलिस-प्रशासन दल-बल के साथ मुस्तैद दिखी। जवाहरनगर भुरकुंडा निवासी पिन्कू सिन्हा कहते हैं कि पिकनिक मौज-मस्ती करने का बेहतर जरिया होता है। पिकनिक के दौरान लोग एक अलग ही दुनिया में चले जाते हैं, जहां सिर्फ मौज-मस्ती व खाने-खिलाने का दौर चलता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनो से मन आनंदित और प्रफुल्लित होकर आत्मसंतुष्टि से ओत-प्रोत हो जाता है। साथ ही पिकनिक दोस्तों के साथ अधिक से अधिक समय बिताने का अवसर भी देता है। पिकनिक के जरिए आपसी भाईचारगी तो प्रगाढ़ होती ही है मन आनंदित एवं फ्रस्टेशन कम हाने के साथ-साथ कई बेहतरिंग यादों को संजोने का भी मौका मिलता है। श्री सिन्हा कहा कि पिकनिक तरोताजा व आनंदित होने का एहसास तो कराता ही है, यह आपसी प्रेम व भाईचारगी को और प्रगाढ़ भी करता है।



## झरपो स्वास्थ्य उपकेंद्र में समय से पहले लटक जाता है ताला :मुखिया

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के झरपो पंचायत में स्थित करोड़ों की लागत से बने प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र की कुव्यवस्था को देखकर टाटीझरिया प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सह झरपो मुखिया शिबू प्रसाद सोनी ने झरपो अस्पताल का निरीक्षण 1 जनवरी 2025 दिन बुधवार को शाम 2:41 में पहुंचे तो प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र में ताला लटका पाया गया तो नाराजगी जताया। उन्होंने कहा कि पंचायत वासियों द्वारा कई बार अस्पताल व्यवस्था को लेकर शिकायत मिली जिसे सुधार को लेकर चिकित्सक , एएनएम , जीएनएम को विधि व्यवस्था सुधार के लिए हिदायत दिया गया । लेकिन विडंबना है कि ये लोग धड्डले से अपने मन की मर्जी करने लगे रहते है। झरपो मुखिया ने कहा कि यह अस्पताल में झरपो भराजो पंचायत समेत आस पास के कई पंचायत से लोग प्राथमिक स्वास्थ्य चिकित्सा एवं प्रसव महिलाओं का आवागमन होता है। लेकिन यह अस्पताल की स्थिति ऐसा रहता है यहां के डॉक्टर, एएनएम,जीएनएम सहिया कर्मी,अस्पताल सुरक्षा प्रहरी भी गायब रहते है। जब मुखिया ने एएनएम तारावती कुमारी से पूछताछ किया तो उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर को सरकारी नियमावली के अनुसार शाम 3:00 बजे बंद करने का समय है। मौके पर कौलेश्वर मिश्र उपस्थित थे ।



# डीइओ को झामुमो नेता ने धमकाया, प्राथमिकी दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता ने जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम को उनके कार्यालय में घुसकर धमकाया और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। यहां तक की गोला प्रखंड के प्लस टू उत्क्रमित विद्यालय डिमरा के प्राचार्य और शिक्षकों को भी धमकी दी गई। यह पूरा मामला तब उजागर हुआ जब जिला शिक्षा पदाधिकारी ने रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बुधवार को बताया कि यह सारे अनैतिक कार्य झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता श्रवण कुमार पटेल के जरिये किया गया है। इस मामले में अब कानूनी कार्यवाही आवश्यक है। उनके जरिये विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकों को पहले भी धमकी दी जाती रही है। इसके बाद वे जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में घुसकर सरकारी काम में बाधा पहुंचाने और सरकारी कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने जैसी हरकत भी कर चुके हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि 28 दिसंबर को गोला प्रखंड के डीमरा गांव निवासी श्रवण कुमार पटेल ने कार्यालय में प्रवेश कर सरकारी कार्य में बाधा डाली और अभद्र व्यवहार किया। साथ ही अभद्र एवं अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया। श्रवण पटेल ने स्वयं को नेता बताते हुए कथित रूप से मंत्री के प्रभाव का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी एवं कार्यालय कर्मचारियों को धमकाया। डीईओ ने रामगढ़ थाने में श्रवण कुमार पटेल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में कहा गया है कि श्रवण मुख्यमंत्री के साथ अपने संबंधों का इस्तेमाल कर डीईओ का तबादला किसी कनिष्ठ पद पर करा देंगे या उन्हें कॉलेज प्रिंसिपल के रूप में नियुक्त कर देंगे। डीईओ ने बताया कि इसी तरह की एक घटना चार सितंबर को भी हुई थी। इसमें श्रवण पटेल ने धमकियां दी और कार्यालय परिसर के भीतर अनुचित आचरण किया। साथ ही लिपिक का स्थानांतरण उनके अनुसार करने का दबाव डाला था। ये कोई मंत्री के संबंधी नहीं है ये सिर्फ एक दलाली का काम करते हैं। श्रवण पटेल की ओर से कहा गया है कि उनके पिता पारा टीचर है उन्हें छुट्टी नहीं दी जा रही है। इस संबंध में डीईओ ने बताया कि यह मेरे कार्य क्षेत्र से बाहर है। यह जिला शिक्षा अधीक्षक के अंदर में आता है।

## रामप्रकाश भाई पटेल को झामुमो के कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

विष्णुगढ़। पूर्व विधायक स्व. टेकलाल महतो के ज्येष्ठ पुत्र सह झामुमो के वरिष्ठ नेता दिवंगत रामप्रकाश भाई पटेल की द्वितीय पुण्यतिथि बुधवार को चानो में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी तथा संचालन टीपूलाल महतो ने किया। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी डॉ. गीता मेहता, ज्येष्ठ पुत्र झामुमो के युवा नेता गौरव पटेल समेत बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने दिवंगत रामप्रकाश भाई पटेल के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

उनके पुत्र गौरव पटेल ने कहा कि मेरे पिता सह झामुमो के पूर्व केंद्रीय सदस्य स्व. रामप्रकाश भाई पटेल ने झामुमो को सींचने का काम किया। झारखंड आंदोलन में भी अपने पिता स्व. टेकलाल महतो के साथ कदम से कदम मिलाकर चले। आज वे हमारे बीच नहीं है लेकिन उनके विचार आज भी हम सबों को प्रेरित करते हैं। कार्यकताओं ने उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के बीच कई महिलाओं शॉल तथा ग्रामीणों को हरा गमछा देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बगोदर विस के युवा नेता नीतीश पटेल, पूर्व जिप सदस्य यशोदा देवी, सोनू सोहेल, प्रखंड कोषाध्यक्ष राणा इकबाल खान, अनुराग बर्मन, संतोष पटेल, जितेंद्र पांडेय, महादेव मुर्मू, रोहित दास, विष्णु गुप्ता, प्रसादी यादव, शेख वसीम, चंडी बॉस, रकीब अंसारी, आफताब अली, फलेंद्र यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भद्रकाली मंदिर में मनोज यादव ने की पूजा-अर्चना

**बरही।** नये वर्ष के पहले दिन इटखोरी स्थित ऐतिहासिक मां भद्रकाली मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। इस अवसर पर बरही विधायक मनोज कुमार यादव भी माँ भद्रकाली के दरबार पहुंचे। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। मंदिर परिसर में पहुँचते ही विधायक मनोज कुमार यादव ने पुजारियों के मार्गदर्शन में मंत्रोच्चार के बीच मां भद्रकाली की आराधना की। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर माता के चरणों में फल-फूल अर्पित किए और क्षेत्र के लोगों की भलाई व तरक्की की कामना की। पूजा के बाद उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास भी किया। विधायक मनोज यादव ने इस मौके पर कहा कि नववर्ष का यह पावन दिन मां भद्रकाली के चरणों में बिताना सौभाग्य की बात है। मैंने माता से प्रार्थना की है कि इस साल हमारे क्षेत्र के हर घर में खुशहाली और समृद्धि का वास हो। इस अवसर पर विधायक के साथ कई नेता और समर्थक भी मौजूद थे।



## नव वर्ष में मंदिर जंगल और पहाड़ गुलजार

**बरही।** नववर्ष में बाजारों में सन्नाटा रहा वहीं सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। जंगल, पहाड़ और डैम पिकनिक मनाने वालों से गुलजार रहा। बरही के जवाहर घाट, पोड़ैया से लेकर तिलैया डैम पुल तक के जंगल, पहाड़ और डैम के किनारे पिकनिक मनाने के लिए लोग जमे थे। यहां लोग दूर दूर से पिकनिक मनाने आए थे। पिकनिक स्पॉट पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। बरही पुलिस लगातार गश्ती करती रही। बाइक सवारों की जांच की जा रही थी। परिवार समेत पिकनिक मनाने वालों की अच्छी खासी भीड़ थी। पिकनिक स्पॉट पर बच्चे खेलकूद कर आनंदित हो रहे थे, तो परिवार के अन्य लोग पेड़ के झुरमुट में भोजन बनाने में मशगूल थे।

# बरही में विश्व हिंदू परिषद ने किया कंबल का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**▸▸ समाज का संरक्षण और संवर्द्धन परिषद का उद्देश्य : गुरुदेव गुप्ता**

**बरही।** विश्व हिंदू परिषद की बरही प्रखंड इकाई ने रविदास टोला में कंबल वितरण किया। विश्व हिंदू परिषद इंटर कॉलेज बरही के पास सैकड़ों जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, जिला परिषद सदस्य प्रीति गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, प्रखंड अध्यक्ष निरंजन केशरी, सह मंत्री प्रदीप चंद्रवंशी, तारा देवी, काजल कुमारी, अंशराज सहित कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुरुदेव गुप्ता ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद सनातन धर्म और संस्कृति के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए सतत कार्यरत है। समाज के अभिन्न अंग को सहयोग प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। इसी क्रम में ठंड से राहत देने के लिए यह कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने परिषद के इस प्रयास की सराहना की और कंबल वितरण से लाभान्वित हुए। लाभुकों में देवकी देवी संजू देवी रीना देवी सुरेखा देवी अर्चना देवी ललिता देवी गिरिजा देवी दीपाली देवी सुनीता देवी नीलम देवी सीता देवी गीत देवी परमेश्वरी देवी किरण देवी ज्योति देवी मालती देवी आरती कुमारी मनीषा देवी सीमा देवी सहित 36 लाभुक शामिल थे।



## पदमा में पिकनिक स्पॉट पर उमड़ी भीड़

पदमा। पदमा प्रखंड में नव वर्ष का प्रथम दिन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। बुधवार को विभिन्न पिकनिक स्पॉट पर लोगों की भीड़ लगी रही। वहीं सरकारी कार्यालयों में कर्मी तो पहुंचे लेकिन ग्रामीणों के नही पहुंचने से सन्नाटा पसरा रहा। वहीं पदमा के प्रसिद्ध पिकनिक स्थल सोतिया, मंगर दाहा, लोटवा जलाशय, बड़की बांध, चतमाथान,रेलवे स्टेशन, राजा रामगढ़ किला, हवा महल, रानी तलाब आदि स्थानों पर लोगों ने पिकनिक का खूब मजा लिया। इस अवसर पर युवक डीजे की धुन पर खूब थिरके। लोगों में हर्ष और उल्लास देखते बन रहा था।कहीं से किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना या मारपीट की सूचना नहीं मिली।

**स्पीड न्यूज**

## उपायुक्त ने नये साल पर दी बधाई



रामगढ़। नववर्ष के अवसर पर उपायुक्त चंदन कुमार ने सभी जिले वासियों को शुभकामनाएं दी है। उपायुक्त ने कहा कि 2025 में भी शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, नियुक्ति के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर जिले का विकास किया जाएगा । वहीं, उन्होंने सभी जिलेवासियों से भी रामगढ़ जिले के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की है।

## मां छिन्नमस्तिके मंदिर में उमड़ी भीड़



**रजरप्पा।** नववर्ष पर माँ छिन्नमस्तिका मंदिर में वर्ष के पहले दिन अहले सुबह चार बजे ही मंदिर का पट खोलकर मंगल आरती हुई। इसके बाद पूजा अर्चना के लिए यहां दिनभर भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। पुजारी छोटू पंडा एवं लोकेश पंडा ने कहा कि यहां लगातार सुबह से लेकर शाम एक मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। पुलिस द्वारा एक किमी पहले ही बैरियर लगाकर वाहनों को रोका जा रहा था। खुद पुलिस कप्तान अजय कुमार मौजूद जवानों एवं न्यास समिति के लोगों को दिशा निर्देश देते रहे. नववर्ष शुरू होने पर लोगों ने यहां पूजा-अर्चना कर मां से अपने व अपने परिवार की कुशल जीवन की कामना की। इस दौरान पवन सारेगामा के निदेशक पवन कुमार नववर्ष के पहले दिन अपनी पत्नी के साथ मां छिन्नमस्तिके देवी की आशीर्वाद के साथ नववर्ष का आगाज किया। उसके बाद लोगों ने अपने परिजनों व दोस्तों के साथ यहां पिकनिक का भी आनंद लिया। लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाते देखे गए। पूजा अर्चना के बाद कई टोलियों ने यहां पहाड़ों और जंगलों सहित दामोदर भैरवी नदी के किनारे भोजन बनाकर व्यंजनों का लुत्फ उठाया। लोगो ने बताया कि रजरप्पा में पिकनिक मनाने का मजा कुछ और है। इसके अलावे विभिन्न पिकनिक स्पॉट पर खूब धमाल भी हुआ। डीजे के धूम में सुबह सुबह युवाओं की दर्जनों टोलिया पिकनिक के लिए रवाना होते दिखे। डीजे की धुन पर पीले मोरे राजा ओ बोरे जानी' गीत पर लोग थिरकने लगे। रात 12 बजते ही लोग नए साल के जश्न में झूमने लगे। वही बाम्हणधारा, कोचीनाला, कुंदरुकलां, बोरोबिंग दामोदर नदी तट आदि जगहों पर लोग पिकनिक करते दिखें।

## रामगढ़ में बंद घर से लाखों की चोरी



रामगढ़। बंद घर में चोरों ने की चोरी घर के मालिक परिवार के साथ घूमने के लिए काठमांडू गये थे। जिसके बाद मौके पर फायदा उठाते हुए चोरों ने घर से डेढ लाख नगद, बीस ग्राम सोना, 700 ग्राम चांदी व एक लैपटॉप चोरी कर लिया। घर के मालिक तुलसी अग्रवाल, को जब इसकी खबर मिली तब वह बनारस से घर पहुंचे। उन्होंने बताया कि घर से डेढ लाख नगद, बीस ग्राम सोना, 700 ग्राम चांदी व एक लैपटॉप चोरी हुई है। साथ ही व्यवसाय से संबंधित 5 पेन ड्राइव चोरी हुई है। घटना की सूचना के बाद रामगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की।

## नव साल पर ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह

बरही। प्रखंड और उसके आसपास के ग्रामीण इलाकों में नव वर्ष के मौके पर विशेष उत्साह का माहौल देखने को मिला। गांवों के लोग पूरे परिवार के साथ अपने घरों से बाहर निकलकर लजीज व्यंजनों और वन भोज का आनंद लेते नजर आए। सभी ने मिलकर एक-दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं और खुशी के इस मौके को सांस्कृतिक रंग में रंग दिया। ग्रामीणों ने इस दिन को पूसालू के रूप में बड़े उत्साह के साथ मनाया। पूसालू का ग्रामीण क्षेत्रों में खास महत्व है और इसे पारंपरिक रूप से मनाने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि हर साल पूस के महीने में वे परिवार और दोस्तों के साथ वन भोज का आनंद लेते हैं। इस बार नव वर्ष के अवसर पर यह परंपरा और खास हो गई। वन भोज के दौरान ग्रामीणों ने तरह-तरह के पकवान बनाए और सभी ने मिलकर भोजन का आनंद लिया। इस मौके पर विशेष रूप से मोहन प्रजापति, मंटू पंडित, मनोज पंडित, सुभाष पंडित, पंकज कुमार, सुरेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार, धीरेंद्र कुमार यादव, दीपक कुमार, रामदेव पंडित, अजित कुमार और रंजीत कुमार सहित स्थानीय ग्रामीणों ने उत्सव में भाग लिया। नव वर्ष के इस उल्लासपूर्ण मौके पर जहां एक ओर ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों को जीवंत रखा, वहीं दूसरी ओर सभी ने आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश भी दिया। इस तरह, बरही प्रखंड और उसके आसपास के गांवों में नव वर्ष का यह जश्न ग्रामीण संस्कृति और

सुप्रभात
गुरुवार 02.01.2025
धनबाद, वर्ष 01, अंक 252
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



# नव वर्ष में पिकनिक स्पॉट पर उमड़े सैलानी, मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** नव वर्ष के प्रथम दिन एक ओर जहां पिकनिक स्पॉट पर सैलानियों की भीड़ रही, वहीं दूसरी ओर शहर के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। लिलौरी स्थान, खड़ेश्वरी मंदिर, शक्ति मंदिर, महावीर मंदिर, सर्वेश्वरी स्थान, मा तारा मंदिर, भुई फोड़ मंदिर सहित अनेक धर्मस्थलों में श्रद्धालुओं ने मत्था टेका और मन्नतें मांगीं। गुरुद्वारों में सिख श्रद्धालुओं का जुटान रहा।

शहर के पार्कों में नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ परिवार के लोगों ने रेडिमेड भोज्य सामग्री से पिकनिक का आनंद उठाया, वहीं हाई प्रोफाइल के लोग डेमो व होटलों में लुत्फ लेते देखे गए। शक्ति मन्दिर में मातारानी के दर्शन को हजारों की संख्या में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी 'आज 425 लीटर दूध की खीर का वितरण हुआ' मन्दिर कमिटी द्वारा महिलाओं एवं पुरुषों की अलग अलग लाइन की व्यवस्था की गई थी। कोरोना काल के बाद भक्तों की इस वर्ष रिकार्ड भीड़ रही। मन्दिर के पट्ट सुबह पांच बजे खुल गये थे और बंद दोपहर डेढ़ बजे हुए। पुनः पट्ट चार बजे खुले।

भक्तों को कोई असुविधा नही हो, उसको लेकर अध्यक्ष एस पी सोंधी के नेतृत्व में अरुण भण्डारी, आइ एम मेनन, राजीव सचदेव, विपिन अरोड़ा, सुरेंद्र अरोड़ा, राहुल भण्डारी, सोमनाथ प्रुथी, दिनेश पुरी, कनर्व बाली, रवि गंडोतरा, साकेत साहनी, अशोक अरोड़ा, अशोक भसीन, अरुण गुजराल, निरंजन चोटालिया, रूप किशोर टण्डन, ब्रजेश मिश्र, पुजारी मुकेश पाण्डेय, राधे श्याम पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, जमुना पाण्डेय, गौरव अरोड़ा, प्रमोद सिंह, पवन सिंह, जितेन्द्र मालाकार, धर्मेन्द्र कुमार, सतेन्द्र कुमार, सुभाष मण्डल आदि सक्रिय रहे।

## नववर्ष के पहले दिन पर्यटकों से गुलजार रहा मैथन डैम



मैथन। नए साल के पहले दिन बुधवार को मैथन डैम पर्यटकों से गुलजार रहा। हल्के कोहरे के बीच पिकनिक मनाने के लिए लोगों की रिकॉर्ड भीड़ जुटी। एक लाख से अधिक पर्यटक डैम पर पहुंचे और नववर्ष का जश्न मनाया। धनबाद सहित झारखंड के विभिन्न जिलों व पश्चिम बंगाल के दूरदराज से लोग परिवार के साथ डैम पहुंचे थे। सैलानी सर्द मौसम में प्राकृतिक सुंदरता का मजा लेते नजर आए। डैम के विशाल जलाशय में जमकर नौकाविहार का आनंद भी उठाया। मिलेनियम पार्क, गोल्डन पार्क, हिरण पार्क, सुलेमान पार्क, फूलबागान, चम्मच पहाड़ आदि जगहों की प्राकृतिक सुंदरता से सभी अभिभूत दिखे। फूलबागान को रंग-बिरंगे फूलों से खूबसूरत ढंग से सजाया गया था, जो सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा, जहां सैलानियों ने जमकर मोबाईल फोन से सेल्फी ली। इस मौके पर डैम और पार्कों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। स्थानीय पुलिस, सीआईएसएफ के जवान जगह-जगह मुस्तैद दिखे। डैम मार्ग पर वाहनों की प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी। पुलिस द्वारा डैम के दोनों छोर झारखंड और पश्चिम बंगाल क्षेत्र में बैरियर लगा दिया था, ताकि कोई वाहन डैम मार्ग पर न पहुंच सके। सैलानियों को बैरियर के आगे पैदल ही जाने की अनुमति थी, इसके बावजूद सैलानियों का हुजूम उमड़ पडा।

## भटिंडा में उमड़ा नव वर्ष का उल्लास, सैलानियों ने की मस्ती



**पुटकी।** कोयलांचल के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मुनीडीह भटिंडा फॉल में वर्ष के पहले दिन हजारों सैलानियों ने परिवार के साथ पिकनिक आनंद उठाया। कोई अपनी धुन में झूम रहा था, तो कोई खाना बनाने में व्यस्त रहा। वर्ष के पहले दिन लोग मौज मस्ती के मूड में दिखे। सभी फॉल के मनोरम यादगार पल को अपने कैमरे में कैद करते रहे। बिनोद बिहारी स्मारक समिति के सदस्य पार्किंग सहित अन्य सुविधाएं जुटानें में मुस्तैद रहे। इधर विधि-व्यवस्था व पार्किंग को लेकर मुनीडीह ओपी प्रभारी संतोष कुमार महतो एवं समिति के सदस्य भी चौकस रहे। समिति के अध्यक्ष संदीप महतो ने बताया कि लगातार 21 वर्षों से समिति इस फॉल में पूरे वर्ष सक्रिय रहकर सैलानियों की सेवा करती है। इस मौके पर समिति के सूरज महतो, लखीराम बाउरी, मनोरंजन बाउरी, किशुन महतो, साजन दास, आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### बीइंग काइंड एंड हैप्पी संस्था ने किया पौधरोपण



कतरास। बीइंग काइंड एंड हैप्पी संस्था द्वारा नव वर्ष के अवसर पर बुधवार को निचितपुर में तालाब के चारों ओर पौधरोपण किया गया। नीम, बरगद, गुलमोहर और पीपल के पौधे संस्था के अध्यक्ष डॉ स्वतंत्र कुमार द्वारा उपलब्ध कराये गए थे। संस्था के सचिव राणा प्रताप सिंह ने अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ रखने की अपील भी की। मौके पर कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, सबिता देवी, ज्ञान महतो, विवेक महतो, चिन्मय कुमार, सौरभ मिश्रा, पुरूषोत्तम कुमार, पिंटू महतो, अनिकेत पांडेय, विकास महतो, विजय, अनिल आदि मौजूद थे।

### मां कल्याणेश्वरी मंदिर में दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

सैलानियों ने नववर्ष की शुरुआत मां कल्याणेश्वरी की पूजा अर्चना से की। डैम पहुंचे सैलानियों ने साल 2025 में घर-परिवार की सुख-समृद्धि के लिए डैम के समीप स्थित मां कल्याणेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। मंदिर के बाहर सड़क पर दूर तक भक्तों की कतार लगी रही।

### नये साल के जश्न में डूबा रहा कतरास-बाघमारा कोयलांचल

**कतरास।** बाघमारा व कतरास के आसपास का इलाका बुधवार को नये साल के जश्न में डूबा रहा। चिटाही स्थित रामराजमंदिर, लिलोरी मदिर, सूर्य मंदिर में हजारों लोगों ने पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। अमृतपार्क, माटीगढ़ा डैम, तेलमच्चो स्थित दामोदर नदी तट समेत ग्रामीण क्षेत्रों में खेत खलिहानों में हजारों लोगों ने पिकनिक मनाते हुए प्राकृतिक सौंदर्य के साथ स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद उठाया। रामराज मंदिर के पास नदी में नौका विहार का भी आनंद लिया।

### कुमारधुबी पोस्ट ऑफिस के रिटायर्ड कर्मी को दी गई विदाई



**मैथन।** कुमारधुबी पोस्ट ऑफिस में बुधवार को रिटायर्ड कर्मी ओम प्रकाश झा के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन हुआ। उनके कार्यकाल की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी। लोगों ने कहा कि ग्राहकों के साथ उनका कुशल व्यवहार था। सेवा भावना से उन्होंने बेदाग कार्यकाल पूरा किया। मौके पर पोस्टमास्टर धनंजय मंडल, डाक सहायक समीर मित्र, देवगोपाल मंडल, चंदू लाल मंडल, बिनोद, हबीबुल, मनीष सिंह, मनोज सिंह, तपन टुडू, प्रदीप पंडित, चंदन मिश्र, प्रो उमेश कुमार, हलीम अंसारी थे।

# कोदंबरी में दो जेवर दुकान से नगदी समेत 30 लाख के आभूषण की चोरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गिरिडीह।** हीरोड़ीह थाना क्षेत्र के कोदंबरी में मंगलवार की रात चोरों ने दो जेवर दुकान से नगदी समेत 30 लाख के जेवरात पर हाथ साफ किया है। जिन दो दुकानों में चोरी हुई उनमें हीरोडीह थाना इलाके के कोदंबरी में संचालित वंदना ज्वेलर्स और आरएस ज्वेलर्स शामिल हैं। भुक्तभोगी सीताराम स्वर्णकार और सुधीर स्वर्णकार ने बताया कि हर दिन की तरह कल रात भी दोनों अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे। सुबह पहुंचे तो देखा कि दोनों ही दुकान का शटर टूटा हुआ था और सारा सामान बिखरा पड़ा था। दुकान के अंदर रखे हुए सोने-चांदी के जेवर के अलावा नगदी गायब थे। आरएस ज्वेलर्स के संचालक के मुताबिक उनके दुकान से करीब 6 लाख का जेवर और 85 हजार रुपये नगद गायब है। वंदना ज्वेलर्स के संचालक का कहना है कि चोरों ने उनकी दुकान से लगभग 20 से 30 लाख के सामान की चोरी की है। उनका कहना है कि चोरों ने दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी को तोड़ दिया और डीबीआर भी ले गए। सूचना मिलने के बाद खोरीमहुआ एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया है, जो चोरों की गिरफ्तारी को लेकर सघन छापेमारी में जुटी हुई है।

## गिरिडीह पुलिस ने चार शातिर साइबर अपराधियों को दबोचा

गिरिडीह। गिरिडीह पुलिस ने फर्जी अधिकारी बनकर लोगों को ठगने वाले चार शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में अहिल्यापुर के पंडरिया निवासी अफजल अंसारी, मो शमीम, गांडेय के घाटकुल निवासी मो मनीर अंसारी और रयूफ अंसारी शामिल हैं। पुलिस ने गांडेय थाना क्षेत्र के मोहनपुर जंगल में छापेमारी कर उन्हें रंगे हाथ पकड़ा। उनके पास से 14 मोबाइल फोन और 20 सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। साइबर डीएसपी आबिद खान ने प्रेसवार्ता में बताया कि एसपी डॉ विमल कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी जंगल में छिपकर साइबर अपराध को अंजाम दे रहे हैं। टीम ने तुरंत कार्रवाई कर उन्हें गिरफ्तार किया। ये अपराधी कोरियर कंपनियों की वेबसाइट पर फर्जी नंबर डालकर और एयरटेल पेमेंट बैंक के फर्जी अधिकारी बनकर लोगों को ठगते थे।

## बड़ा गुरुद्वारा में प्रकाश पर्व को समर्पित रक्तदान शिविर आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** बड़ा गुरुद्वारा बैंक मोड धनबाद में माता गुजर कौर के चार साहिबजादे की शहादत को नमन करते हुए एवं गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व को समर्पित रक्त दान कैंप आयोजित किया गया, जिसमें 38 लोगों ने रक्त देने के लिए जांच कराई, उनमें आठ लोग उपयुक्त नहीं पाए गए। 30 पुरुष एवं महिलाओं ने रक्तदान किया।

यह रक्त दान जरूरतमंदों के लिए एसएनएमएमसीएच को दिया गया। रक्तदाता समाजसेवी सतपाल सिंह ब्रोका ने कहा कि 50 से ज्यादा रक्तदान कर चुके हैं। वही बताया कि रक्तदान से गंभीर बीमारियों जैसे लीवर, पेट, फेफड़े और गले के कैंसर का खतरा कम हो जाता है।

वही शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के डॉक्टर प्रोफेसर अजय कुमार, डॉक्टर स्मृति कुमार टेक्नीशियन संजीव कुमार, शिव प्रसाद महतो, नीलम कुमारी, मरियम खातून, राजू महतो मौजूद थे।

## विधायक मथुरा महतो और एसएसपी जनार्दन ने बिरहोर परिवार के साथ मनाया नव वर्ष का जश्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मौके पर थे मौजूद :** मौके पर डीएसपी पुरुषोत्तम कुमार सिंह, पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय झा, बीडीओ एजाज अंसारी, सीओ डॉ संजय सिंह, इंस्पेक्टर सह तोपचांची थाना प्रभारी डोमन रजक, एडवोकेट राधेश्याम गोस्वामी, जगदीश चौधरी, अकबर अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी, लालचंद महतो, मुमताज आलम, दिनेश महतो, विकाश महतो, सहित कई झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

**तोपचांची।** विधायक मथुरा महतो और एसएसपी एचपी जनार्दन ने तोपचांची के चलकरी में आदिम जनजाति बिरहोर परिवार के बीच नव वर्ष का जश्न मनाया। इस हसीन पल में धनबाद जिला के कई आला अधिकारियों ने भी शिरकत की। चलकरी में जश्न का माहौल था, जिसमें पुलिस अधीक्षक, विधायक के साथ जिले के बहुत सारे अधिकारी उन्हें नूतन वर्ष की बधाई दे रहे थे।

एसएसपी और विधायक ने केक काट कर बिरहोर के बच्चों के बीच बांटा और ऊनी वस्त्र एवं कंबल वितरण कर नए साल की सौगात दी। बिरहोर परिवार के लोगों ने कहा कि आज का दिन चलकरी के लोगों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं है, वे बेहद खुशी महसूस करते हैं। मौके पर कई झामुमो कार्यकर्ता भी मौजूद थे। विधायक मथुरा महतो ने कहा कि वह आदिम जनजाति बिरहोर परिवार के साथ नव वर्ष मनाने के लिए यहां आए हैं और खुशी महसूस कर रहे हैं।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में इन हाउस ट्रेनिंग संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गिरिडीह।** बिल्डिंग कैपेसिटी प्रोग्राम के तहत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में इनहाउस ट्रेनिंग संपन्न हुआ। तनाव प्रबंधन विषय पर रिसोर्स पर्सन निलेश कुमार ने बारीकी से विषय को संपादित किया। प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष डॉ सतीश्वर प्रसाद सिन्हा ने रिसोर्स पर्सन को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

प्रधानाचार्य आनंद कमल ने कहा कि यह प्रशिक्षण तनाव को कम करने के लिए कई तरह की तकनीक और रणनीतियों को सिखाता है। रिसोर्स पर्सन निलेश कुमार ने कहा कि तनाव प्रबंधन लोगों के उनके जीवन पर पड़ने वाले तनाव के प्रभाव से मुक्त होने में मदद कर सकता है। जिससे वह अधिक खुश, स्वस्थ और अधिक उत्पादक बन सकते हैं। इसका उद्देश्य काम, रिश्तों, आराम और मौज मस्ती के लिए समय निकालना है। साथ ही दबाव से निपटने और चुनौतियों का सामना करने की ताकत भी है। ध्यान, योग, स्वस्थ आहार, पर्याप्त नींद, विश्राम, सामाजिक समर्थन, समय प्रबंधन आदि से हम अपने तनाव को कम कर सकते हैं। प्रशिक्षण में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थी।

## टी के सेनगुप्ता के निधन पर शोक



**धनबाद।** रेल मंडल के पूर्व यूनियन नेता टी के सेनगुप्ता के निधन की खबर सुनकर ईसीआरकेयू मैं शोक की लहर दौड़ गई। विभिन्न शाखाओं के प्रतिनिधियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। वह कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और सियालदह में निजी अस्पताल में भर्ती थे। वह अपने पीछे एक लड़क,ा एक लड़की और पत्नी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये। यूनियन के मीडिया प्रभारी ने बताया कि श्री सेनगुप्ता मंडल के गोमो शाखा में एक दशक से ज्यादा समय तक शाखा सचिव पद पर रहे और बाद में उन्होंने केंद्रीय पदाधिकारी का भी पद संभाला। ईसीआरकेयू केंद्रीय अध्यक्ष डीके डी के पांडेय, मोहम्मद जियाउद्दीन, ओपी शर्मा, नेताजी सुभाष, सोमेन दत्ता, एन के खवास के अलावा धनबाद मंडल के सभी शाखा अध्यक्ष और सचिवों पीके सिन्हा, ए के भगत, बीके झा, पीके मिश्रा, जे के साव, बी के दुबे, आर के सिंह, एन के खवास, वी के डी द्विवेदी, उमेश कुमार सिंह ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## एक नजर में

### कुमारधुबी में ट्रेन से गिरकर युवक घायल



**मैथन।** कुमारधुबी रेल अंडर ब्रिज के समीप बुधवार को सुबह ट्रेन से गिरकर एक युवक घायल हो गया। लोगों ने रेल पुलिस, स्थानीय पुलिस और सरकारी 108 एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना पर कुमारधुबी ओपी प्रभारी पंकज कुमार एवं रेल पुलिस के दो जवान के साथ एंबुलेंस पहुंची और घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच भेज दिया गया। प्रत्यक्षदर्शी स्थानीय बलराम अग्रवाल उर्फ बल्लू ने बताया कि युवक अहले सुबह डाउन लाइन पर यात्री ट्रेन से गिर गया। उसके बाएं पैर में गंभीर चोट लगी है। सूचना रेल पुलिस एवं स्थानीय पुलिस को दी गई। साथ ही एंबुलेंस को सूचना दी गयी। पर तत्काल पुलिस पहुंची और घायल से पूछताछ की। पूछताछ में उसने अपना नाम पवन कुमार, पिता सिद्धेश्वर पाल अकबरपुर, नवादा (बिहार) बताया। उसके पास एक बैग भी था, जिसमें बैंक पासबुक सहित कई पहचान पत्र हैं। उसने बताया कि वह रिश्तेदार के घर आसनसोल (पश्चिम बंगाल) जा रहा था। वह किस परिस्थिति में ट्रेन से गिरा उसे कुछ मालूम नहीं है। रेल पुलिस व कुमारधुबी पुलिस उसके परिजनों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है।

### दिव्यांगों के साथ ग्रामीण एकता मंच ने मनाया नववर्ष का पहला दिन



**पुटकी।** ग्रामीण एकता मंच (गोपालीचक) ने नया वर्ष करकेंद गांधी ग्राम स्थित लेप्रोसी कॉलोनी के दिव्यांग लोगों के साथ केक काटकर व अपाल्हार बांटकर मनाया। मंच के अध्यक्ष रंजीत सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा कि ग्रामीण एकता मंच के स्थापना काल से ही नववर्ष का पहला दिन दिव्यांगों के बीच रहकर मनाते आ रहें हैं। मंच द्वारा लेप्रोसी कॉलोनी के आसपास कई फलदार व छायादार पौधे भी लगाए। नए साल में जिला प्रशासन से पुरे क्षेत्र को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने की मांग की गई। मौके पर मंच के अध्यक्ष के अलावा डेफोडिल्स अकादमी, करकेंद के प्राचार्य तापस बनर्जी, राजेश भारती, भोला शर्मा, रामदेव चौहान, विनोद सिंह, सुभाष पासवान, अजय पासवान, दिलीप सिंह, संजय चौहान, बुद्धेश्वर टुडू, संतोष बाऊरी, राकेश सिंह, राजेश भर्ती, दिलीप सिंह आदि मौजूद थे।

### युवा अंबेडकर मंच अध्यक्ष ने पूर्व पार्षद को केक खिलाकर मनाया नववर्ष



**सिंदरी।** युवा अंबेडकर विचार मंच के अध्यक्ष बुधन राम ने नव वर्ष पर पूर्व पार्षद दिनेश सिंह के सिंदरी शहरपुरा स्थित कार्यालय पहुंचे और उन्हें केक काटकर व खिलाकर नववर्ष की बधाई दी। पूर्व पार्षद ने कहा कि नववर्ष पर युवाओं के मन में बुजुर्गों और बड़ों को सम्मान पैदा करना है। अध्यक्ष ने कहा कि पूरा विश्व नववर्ष की बधाई अपने तरीकों से मना रहा है। हम सभी को अपने बुजुर्गों की सलाह और आशीर्वाद लेकर नववर्ष की शुरुआत करनी चाहिए। मौके पर संतोष कुमार गुप्ता, सागर शर्मा, अविनाश राम, आकाश राम, रोहित गुप्ता, यश राम, शिव बिहारी, ब्रजेश सिंह, सुनिल सिंह, ओमप्रकाश सिंह, बासुकी प्रसाद मौजूद थे।

### विकास नगर के युवक की हत्या, पुलिस ने दो लोगों को भेजा जेल



धनबाद। बैंक मोड़ थाना क्षेत्र अंतगर्त विकास नगर में युवक रवि कुमार की हत्या कर लाश नाले में फेंक दी गई। बुधवार को यह खबर फैलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। युवक कोयला कारोबारी पप्पू मंडल के पास काम करता था। रोज की तरह घर से काम पर गया था। लेकिन वापस नहीं आया तो परिजन खोज बीन करने लगे। तभी उन्हें खबर मिली कि उनके बेटे की हत्या हो गई है। मृत युवक का शव एक नाले में मिला। बैंक मोड़ थाना की पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और हत्या के आरोप में एक युवक को पकड़ कर थाने ले आई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि परिजन पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठा रहे हैं। बैंक मोड़ थाना प्रभारी ने बताया कि दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## झारखंड के खिलाड़ी राष्ट्रीय पिकलबॉल रैंकिंग टूर्नामेंट में दिखाएंगे दमखम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** पिकल बाल झारखंड एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बी सुधीर ने बताया कि भुवनेश्वर में 3 से 5 जनवरी तक आयोजित आरवाईएफ राष्ट्रीय पिकलबॉल रैंकिंग टूर्नामेंट में झारखंड के 35 खिलाड़ी राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। झारखंड पिकलबॉल संघ के सचिव प्रभात कुमार के नेतृत्व में यह दल राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगा।

इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अनुभवी खिलाड़ी और ऑल इंडिया पिकलबॉल के वरिष्ठ सदस्य गौरव कुमार भी मैदान में उतरेंगे। उनके साथ मुंबई में संपन्न वर्ल्ड पिकलबॉल चैंपियनशिप के गोल्ड मेडलिस्ट सोनू कुमार विश्वकर्मा भी चुनौती पेश करेंगे। इसके अलावा रांची जिमखाना क्लब के खिलाड़ी दीपक अग्रवाल, सुचेता, प्रचेता, शशि कुमार, जैद, दीपक, जिगर, और अन्य खिलाड़ी भी टूर्नामेंट में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। पिकलबॉल संघ ने खिलाड़ियों की तैयारी और रणनीति को लेकर व्यापक योजना तैयार की है। संघ के उपाध्यक्ष बी सुधीर ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें प्रेरित किया कि वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें और राज्य के लिए सम्मान अर्जित करें। इस प्रयास से न केवल खेल को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान भी मिलेगी।


## भव्य कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय भागवत कथा शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** धनसार मोड़ स्थित सिद्धि विनायक होटल में सात दिवसीय भागवत कथा धूमधाम से शुरू हो गई। इसके पहले बुधवार को भव्य कलश यात्रा शक्ति मंदिर से निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और भक्ति के रंग में झूमते-नाचते नजर आए। कलश यात्रा में गाजे-बाजे की धुन पर राधा-कृष्ण के रथ पर सजीव झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए इस यात्रा को और पवित्र बना दिया। भागवत कथा में प्रसिद्ध कथावाचिका जया किशोरी अमृतमयी वाणी से भक्तों को कृष्ण की लीलाओं और धर्म का संदेश देंगी। आयोजन स्थल को पूरी तरह से भक्ति मय वातावरण में सजाया गया है। भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। आयोजन समिति के अनुसार, तीन दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तों के शामिल होने की उम्मीद है।

# नववर्ष पर पिकनिक स्थल गुलजार, शहर में पसरा सन्नाटा







**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** नववर्ष पर जहां जिले के पिकनिक स्पटों पर मेले जैसा माहौल रहा, वहीं शहर में सन्नाटा पसरा रहा। बैंकों के अलावा सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों में उपस्थिति काफी कम रही। साल के पहले दिन लोग तनाव से खूद को दूर रखा और प्रति की शांत वादियों में सुकून के कुछ पल बीताकर आनंद की अनुभूति की। जिले के पिकनिक स्पट तिलैया डैम, गझंडी का वृंदाहा, घ्वजाघारी घाम, विशुनपुर रोड स्थित श्री हंस योग साघना केंद्र, झरनाकुंड, झुमरीतिलैया नगर पर्षद के चिल्ड्रन पार्क, जिमखाना क्लब समेत कई अपार्टमेंट की छतों, ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की भीड़ बुघवार को लगी रही। काफी संख्या में लोग पिकनिक स्थल पर पहुंचे और किसी ने स्वयं खाना बनाया तो किसी ने होटल, रेस्टोरेंट आदि जगहों से खाना मंगाकर पिकनिक का आनंद उठाया। तिलैया डैम में नौकाविहार का लोगों ने लुत्फ उठाया। जगह-जगह पर गीत-संगीत का भी आयोजन की धूम रही। पर्यटक स्थलों पर वाहनों को बैलून एवं फूलों से सजाकर निकले तो कई लोग दोपहिया वाहनों पर तीन से चार लोग भी सफर करते नजर आये।

समाचार लिखे जाने तक जिले में किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। आम-अवाम अपने परिजनों के साथ जिले के विभिन्न इलाकों के अलावा इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर, रामगढ़ स्थित रजरप्पा मंदिर, गिरिडीह के पारसनाथ मंदिर भी रवाना हुए। वहीं प्रखंड मुख्यालय के समीप चिल्ड्रन पार्क में लोगों ने डांस-मस्ती कर धमाल किया, यहां डीजे की धून पर बच्चे, युवा, युवतियां झूमते नजर आए। झूला एवं पिकनिक मनाकर अभिभावकों ने भी बचपन को याद किया। खासकर झूला के समीप माता-पिता लुत्फ उठाते रहे। बाहर में कई ठेलों पर गुपचुप एवं अन्य खाने-पीने की सामग्री हो रही थी। विभिन्न पर्यटक स्थलों पर लोगों ने भोजन बनाकर पिकनिक का मजा लिया तथा सेल्फी का दौर चलता रहा। नये वर्ष को लेकर एसएमएस, वाट्सअप, टयूटर फोन के जरिए सगे-संबंधियों, परिजनों को बधाई का संदेश देते रहे।

**भव्य आतिशबाजी एवं डीजे की धून पर थिरके लोग :** 2024 की विदाई एवं 2025 के आगमन को लेकर रात्रि 12 बजते ही आतिशबाजी का दौर शुरू हो गया। युवक डीजे की धून पर थिरकते नजर आये। कई लोग टीवी में आयोजित कार्यक्रम को देखकर नववर्ष का जश्न मनाया। इस अवसर पर लोगों ने रात्रि में वाट्सअप, एसएमएस एवं मोबाइल के जरिए नववर्ष की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया।

**मंदिरों एवं गुरुद्वारा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ :** जिले के ध्वजाधारी धाम, झुमरीतिलैया के स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर, कोडरमा स्टेशन स्थित काली मंदिर, सामंतो काली मंदिर, बंगाली मुहल्ला स्थित देवी मंदिर, गायत्री मंदिर, चमत्कारी बाबा मंदिर, गुरुद्वारा रोड स्थित गुरुद्वारा, डक्टर गली स्थित कलगीार गुरुद्वारा समेत विभिन्न मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु पूजा-अर्चना में लगे रहे। नये वर्ष पर सुख-समृद्धि बने रहे इसकी कामना लोगों ने की।

नववर्ष को लेकर पूरे अभ्रकांचल क्षेत्र में मौसम के परिवर्तन के बाद भी लोग परिजनों एवं शुभचितकों के साथ मौज-मस्ती के लिए निकले। झुमरीतिलैया शहर के विभिन्न गली-मुहल्लों के अलावा पर्यटक स्थलों में लोग वाहनों एवं पिकनिक स्थल पर डीजे लगाकर थिरकते नजर आये। सर्द रात में भी पार्टी की मस्ती में लोग नजर आए।

### बंद रही शहर की दुकानें

नववर्ष 2025 के आगाज को लेकर शहर में सन्नाटा पसरा रहा। शहर के पूर्णिमा टकिज के समीप अटो स्टैंड पर अटो नदारद रहे। वहीं विभिन्न जिलों के लिए खुलने वाली बसें भी सरकारी बस स्टैंड में खड़ी रही। अकितर दुकानें में कर्मचारी नहीं आये। ऐसे में नववर्ष के पहले दिन बुावार को शहर के फूटपाथ पर लगने वाली चाय के ठेले, सब्जी एवं फलों के ठेला भी लगभग नहीं के बराबर लगे। दूसरी ओर नववर्ष को लेकर जाम भी खूब छलका एवं लोगों ने मांसाहार की खरीदारी भी की।

एक नजर में

## उपायुक्त ने बुजुर्गों के बीच कंबल व खाद्य सामग्री का किया वितरण



**खबर मन्त्र संवादाता**

**कोडरमा।** नए साल के पहला दिन उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने झुमरीतिलैया नगर परिषद् स्थित वृद्धा आश्रम में रह रहे बुजुर्गों के बीच बिताया। उपायुक्त ने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों से उनका हाल-चाल जाना और वृद्धों के बीच कम्बल और खाद्य सामग्री वितरीत की। वहीं उन्होंने वृद्धों से वृद्धाश्रम में होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी भी ली, इसके पश्चात उन्होंने कोडरमा स्टेशन स्थित काली मंदिर में पूजा अर्चना की व वहां मौजूद सभी जरूरतमंदों के बीच कम्बल व खाद्य सामग्री का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने जिलेवासियों को नए साल की बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे में ये वृद्ध अकेलापन महसूस न करें, इसलिए वे इनके बीच पहुंचकर कम्बल व खाद्य सामग्री का वितरण किया है। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम में रह रहे लोगों के द्वारा एजेंसी के बारे में कई शिकायतें मिल रही थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए समाज कल्याण विभाग को नई एजेंसी को इसकी देखभाल करने का जिम्मा देने का निर्देश दिया है। मौके पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीतीश कुमार निशांत, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार व अन्य मौजूद थे।

### कोडरमा में अहिबरन जयंती और मिलन समारोह का आयोजन

# सामाजिक संगठन को मजबूत करने की जरूरत : नारायण मोदी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** नए साल पर बुधवार को बरनवाल सेवा सदन में अहिबरन जयंती सह परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि पेंशनर समाज के अयक्ष नारायण मोदी, रेड क्रॉस के चेयरमैन अजीत बरनवाल, बनन बैंक के प्रबंधक जय कुमार, कन्हैया लाल बरनवाल, निरंजन प्रसाद मौजूद थे। वहीं अतिथियों के साथ ही समाज के सतीश कुमार दीपू, शम्भू लाल, महादेव लाल और गोपाल प्रसाद ने महाराज अहिबरन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम का संचालन आरके बसन्त ने किया। पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी ने कहा कि इस तरह के आयोजन जरूरी हैं। समाज को आगे बढ़ाने और संगठन को मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में यह समाज आगे बढ़ रहा है, यह हर्ष का विषय है। रेड क्रस के चेयरमैन अजीत बरनवाल ने नए साल की शुभकामना देते हुए कहा कि इससे समाज की एकता को बल मिलता है।

उन्होंने कहा कि समाज संगठित रहेगा तो आगे बढ़ेगा। बैंक प्रबंधक जय कुमार ने समाज की एकता पर बल देते हुए सकारात्मक कार्य करने की अपील की। इस दौरान आयोजित म्युजिकल चेयर में रेखा बरनवाल, सोनी बरनवाल, श्वेता आनंद, जलेबी रेस में अमाया, तानवी, आरुही, चम्मच दौड़ जूनियर में ऋषिका बरनवाल, आरव, काव्या और सीनियर में तानवी, नित्या और प्रिंस आर्या विजयी रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजीव समीर, निरंजन लाल, महादेव लाल, अक्षय बरनवाल, आशीष कुमार, संजय कुमार, विक्की बरनवाल, दिवाकर, रमेश, सुबोध, बिट्टू, राहुल, दीपक, उमेश लाल, दीपक, परमानंद, जनार्दन, कांता लाल, अशोक बरनवाल, प्रमोद, गोपाल प्रसाद, आनंद बरनवाल, सविता देवी, सीमा देवी, सुजाता बरनवाल, मधु कुमारी, पूजा, चंचला, रीता देवी, रेखा देवी, अंजू बरनवाल, नीरा देवी, अंकिता, संध्या, ममता, आशा बरनवाल समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे। इस दौरान स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। ग्रुप के सुधीर पांडेय, दीपक सिंह, आनंद मुखर्जी, विकास कुमार, प्रेम भारती, मोना कुमारी, आराना देवी, राजा चौरसिया, पंकज कुमार ने भजन और गानों की प्रस्तुति दी।

## प्रतिबंधित मांस के साथ एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतगर्त चेचाई में बीते रात्रि पुलिस ने छापामारी कर, प्रतिबंाित मांस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मो साहिल पिता फिरोज के रूप में हुई। मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि चेचाई के एक घर में प्रतिबंाित मांस रखा हुआ है। सूचना के आलोक में थाना प्रभारी सुजित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापामारी कर, प्रतिबंाित मांस को बरामद किया, साथ ही उक्त आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी सुजित कुमार ने बताया की मामले को लेकर 6 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है, वहीं मौके पर गिरफ्तार एक आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## सीओ-बीडीओ ने की पहल, 35 वर्षों के बाद विवाद का निपटारा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** एक भूखंड के हिस्सेदारी और दावेदारी को लेकर दो परिवारों के बीच 35 वर्षों से मामला चला आ रहा था। पंचायत और कोर्ट-कचहरी का चक्कर चलाकर दोनों परिवार वर्षो से परेशान थे। नये साल के पहले दिन बुधवार को सीओ उदल राम, बीडीओ कलिंदर साहब, मुखिया महेश दांगी, पूर्व मुखिया राजेन्द्र प्रसाद और अन्य लोगों की उपस्थिति में दोनों पक्षों के बीच बैठक हुई। आपसी समन्वय के बाद भूमि विवाद का निपटारा किया गया। पत्थलगडा के ग्राम बरवाडीह में लगभग 35 वर्षों से हरि प्रजापति, गोविंद प्रजापति एवं उनके परिवार के बीच भूमि को लेकर विवाद था।

विवादित भूमि पर ही दोनों पक्षों को बैठाकर विवाद का निपटारा किया गया। सीओ ने बताया कि आपसी समन्वय से दोनों परिवारों के बीच चले आ रहे भूमि विवाद का निपटारा किया गया है। कुछ दिन पहले सिमरिया एसडीओ सन्नी राज भी इसी मामले को लेकर पत्थलगडा पहुंचे थे और विवादित मामले की जांच की थी। उन्होंने स्थल का भी निरीक्षण कर सीओ को कारवाई के लिए निर्देश दिए थे। उसके बाद दोनों पक्षों को एक साथ बैठाकर और आसपास के लोगों से पूछताछ के बाद मामले का निष्पादन किया गया।

## लोगों ने नववर्ष का जम कर किया स्वागत, जश्न

### गाजे-बाजे पर किया डांस




**खबर मन्त्र संवादाता**

**डोमचांच (कोडरमा)।** वर्ष 2024 की विदाई व 2025 का जश्न डोमचांच नगर व प्रखंड में आम से लेकर खास लोगों ने उत्साह और उल्लास से साथ मनाया। 31 दिसंबर को शाम होते ही खुमारी चढ़ी और धीरे-धीरे पार्टी शुरू हुई। घड़ी की दोनों सुई जैसे एक हुई तो आसमान में आतिशबाजी के साथ म्यूजिक और डांस की धूम शुरू होने लगी। घरों में एक दूसरे के साथ रहकर इस पल को यादगार बना दिया।

**म्यूजिक और पार्टी के बीच लोगों ने किया नए वर्ष का स्वागत :** लोगों ने म्यूजिक और पार्टी के बीच नए वर्ष का स्वागत किया। किसी ने केक काटा तो किसी ने गले लगाकर व हाथ मिलाकर और पुराने गिले-शिकवे को भुलाकर नववर्ष पर रिश्तों को और बेहतर कायम रखने का संकल्प लेते हुए बााई दी। अपनों के साथ लजीज व्यंजनों का जायका भी लिया। देर रात तक लोग डीजे की धुनों पर थिरके और नए साल का स्वागत किया। पूरा डोमचांच हैप्पी न्यू ईयर से गूंज उठा।

### पिकनिक स्थलों में भी खूब चला जश्न

डोमचांच व आस पास क्षेत्रों के पिकनिक स्पट परतांगो, फुटलहिया नदी, ढाब के गोरिया नदी के आस-पास पिकनिक मनाने सैंकड़ों लोग गाजे बाजे के साथ पहुंचे, जहां लोगों ने एक साथ बैठकर पिकनिक का आनंद लिया। नव वर्ष लोग एक त्योहार की तरह मनाया। वहीं बाजार में नानवेज की खूब बिक्री हुई। डोमचांच बाजार रोड में खरीददारों की लम्बी भीड़ देखी गई। वहीं दूसरी ओर वाहनों का परिचालन भी कम हुआ।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# श्रीकोडरमा गौशाला में पहली रोटी गाय की योजना का शुभारंभ





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** गाय को सदियों से पहली रोटी खिलाने की परंपरा चली आ रही है। शास्त्रों के अनुसार गाय में सभी देवी-देवताओं का वास होता है। गाय को पहली रोटी खिलाने से सभी देवी-देवताओं को भोग लग जाता है। वहीं गाय को पहली रोटी खिलाने के कई धार्मिक और आयात्मिक महत्व भी है। हालांकि शहरों में बढ़ते फ्लैट कल्चर की वजह से यह परंपरा विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गई है।

श्री कोडरमा गौशाला समिति स्थापना के 75वें वर्ष को अमृत महोत्सव के रूप में मना रही है। इसके तहत पूरे वर्षभर गौ संरक्षण एवं गौ संवर्धन को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। नव वर्ष के पहले दिन बुधवार को समिति के पदाधिकारी और सदस्यों ने गायों को रोटी और गुड़ खिलाकर पहली रोटी गाय की योजना का शुभारंभ किया। वहीं कोडरमा गौशाला समिति के कार्यकारिणी सदस्य एवं पहली रोटी गाय की योजना के परियोजना निदेशक संजय अग्रवाल ने बताया कि सदियों से चली आ रही परंपरा को जीवित रखने के उद्देश्य से गौशाला में पहली रोटी गाय की योजना शुरू की गई है। इसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति गौशाला को 25 सौ रुपये का सहयोग राशि देकर 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2025 तक गौशाला में प्रतिदिन दो रोटी गौ माता को अपने नाम से खिलाने का पुण्य प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि अभी तक 57 लोग पहली रोटी गाय की योजना का हिस्सा बन चुके हैं। इस योजना के तहत गौशाला में पलने वाली करीब 400 गायों के लिए 400 लोगों को इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना से जुड़ने के लिए गौशाला समिति के किसी सदस्य या गौशाला से संपर्क किया जा सकता है। वहीं समिति के उपाध्यक्ष महेश दारूका ने बताया कि 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन दोपहर करीब 3 बजे से जिले की धार्मिक संगठन श्याम शरण में आजा रे के द्वारा तृतीय वार्षिक श्याम महोत्सव का आयोजन गौशाला परिसर में किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को गौशाला से जुड़ने का अवसर मिलेगा। वहीं कोषाध्यक्ष अविनाश सेठ ने बताया कि आगामी 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन गौशाला परिसर में तुलादान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सनातन धर्म में तुलादान का विशेष महत्व है। भगवान श्री कृष्ण ने भी द्वापर युग में तुलादान किया था। तुलादान व्यक्ति की समृद्धि, पापों के नाश और आध्यात्मिक शुद्धि के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि गौशाला में तुलादान को लेकर बुकिंग शुरू हो गई है। लोग अपना नाम सूची में दर्ज करवा सकते हैं। वहीं संयुक्त सचिव जितेंद्र कुमार उर्फ अरुण मोदी ने बताया कि गौशाला परिसर में तुलादान को लेकर पूरी व्यवस्था की गई है। लोग यहां अपने वजन के बराबर गौ आहार का दान कर सकेंगे। वहीं प्रदीप कंदोई ने कहा कि धरती पर यदि प्रत्यक्ष रूप से कहीं स्वर्ग है तो वह गौशाला है। यहां गौ माता की उचित देखभाल सभी के सहयोग से की जाती है। उन्होंने लोगों को गौशाला से जुड़ने एवं गौशाला के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने कि अपील की है। मौके पर कार्यकारिणी सदस्य सज्जन शर्मा, मनोज चौधरी, विनोद पोद्दार, अंजू कंदोई, कुसुम चौधरी, किशु, कान्हा, यश, आरव खाटूवाला, पायल, समृद्धि, सरिता शर्मा, प्रीति गुटगुटीया, पायल खाटूवाला समेत कई लोग मौजूद थे।

## गौ के प्रति अनूठा प्रेम : महंगे मैट्रेस पर सुकून की नींद पूरी करती है बाछी परी, ओढ़ाया जाता है मखमली कंबल





**कोडरमा।** गाय को भारतीय संस्कृति में पूजनीय माना गया है। शास्त्रों के अनुसार गौ माता में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास है। गौ पालक अपने गाय से विशेष लगाव रखते हैं, लेकिन कोडरमा में एक गौ पालक का अपने गाय की बाछी के प्रति ऐसा अनूठा प्रेम शायद ही आपने पहले कहीं देखा होगा। यहां बाछी का पालन पोषण छोटे बच्चे की तरह किया जा रहा है। बाछी करीब 50 हजार रूपये की मैट्रेस पर सुकून भरी नींद पूरी करती है। शहर के ब्लक रोड़ निवासी बीरु फर्नीचर के संचालक बीरेंद्र यादव (बीरु) से विशेष बातचीत में बताया कि कुछ वर्ष पहले उन्होंने एक 11 महीने की बाछी को पालने के लिए घर लाया था। जिसे उन्होंने राा नाम दिया था।

कुछ महीने बाद गाय ने एक बाछी को जन्म दिया, जिसका नाम उन्हें गौरी रखा था। अब गाय ने करीब एक महीने पहले दूसरी बाछी को जन्म दिया है, जिसका नाम उन्होंने परी रखा है। उन्होंने बताया कि कम समय में बाछी के साथ उनका ऐसा लगाव हो गया कि शाम में घर पहुंचने पर उनकी बुलेट मोटरसाइकिल की आवाज सुनकर बाछी परी अपनी आवाज में उन्हें पुकारना शुरू कर देती है। बीरु यादव ने बताया कि बाछी परी उनके साथ घर के दूसरे तल्ले पर सीढ़ियां चढ़कर पहुंचती है। यहां मुख्य दरवाजा के बाहर ही बाछी गोबर करने के बाद घर में प्रवेश करती है। इसके बाद अन्य दूसरे कमरों को छोड़कर बाछी परी सीधे उनके कमरे के बेड पर चढ़कर बैठ जाती है। उन्होंने बताया कि पिछले 28 दिनों से बाछी परी उनके पलंग पर ही सो रही है।

इस दौरान ठंड से बचाव के लिए उसे मखमली कंबल भी ओढ़ाया जाता है। उन्होंने बताया कि इतने दिनों में आज तक बाछी ने बेड पर कभी गोबर या पेशाब नहीं किया है। प्रतिदिन सुबह करीब 4 बजे बाछी बेड से उतरकर बाथरूम के समीप जाकर पेशाब करती है। उन्होंने बताया कि वह भी परी बाछी की छोटे बच्चे की तरह देखभाल कर रहे हैं। उनके घर में गाय और बाछी को परिवार के सदस्य के रूप में देखभाल की जाती है। बड़ी गाय राधा और बड़ी बाछी गौरी उनके साथ मॉर्निंग वॉक के लिए भी निकलती है। गाय की सेहत और साफ-सफाई देखकर लोग उनके गौसेवा की खूब तारीफ भी करते हैं।

**गाय पालने में हो दिक्कत तो गौशाला में गाय का अभिभावक बनाकर करें सेवा :** उन्होंने कहा कि हमारे धर्म संस्कृति में शुरुआत से ही गौ पालन का विशेष महत्व बताया गया है, लेकिन बढ़ती आबादी में जगह की कमी होने पर कई लोगों ने गौ पालन छोड़ दिया है। ऐसे में उन्हें जिले में संचालित श्री कोडरमा गौशाला से जुड़कर गौसेवा करने का पुण्य कमाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि आप घर में गौ पालन नहीं कर सकते हैं तो गौशाला में पलने वाली गाय का अभिभावक बनकर उनकी सेवा कर सकते हैं। इसके अलावा स्वेच्छा अनुसार गौशाला में दान कर भी गौ सेवा कर सकते हैं।

## नए साल के उपलक्ष में 4:50 लाख की दारू पी गये बालूमाथ वासी

**बालूमाथ।** नए साल 2025 के उपलक्ष्य में बालूमाथ में लोग जश्न मनाते दिखे। बालूमाथ का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस होने के बावजूद लोग अपने घरों से बाहर निकले और नए साल का जश्न मनाया। लोगो ने बालूमाथ के रामघाट नदी, दामोदर नदी समेत विभिन्न पिकनिक स्पॉट में नए साल का जश्न मनाया। वहीं नए साल के उपलक्ष्य में बालूमाथ में करीब 4.50 लाख की शराब की बिक्री हुई। जिसमें 31 दिसंबर को दो लाख 42 हजार वहीं 1 जनवरी को 2 लाख से उपर की बिक्री शाम 4:00 बजे तक हो गई थी । शराब बिक्री का अनुमान पिछले दो दिनों को मिलाकर करीब 5 लाख पार कर जाने का है। हालांकि नए साल के उपलक्ष्य में भी शराब दुकान खुला होने की वजह से लोगों को शराब आसानी से उपलब्ध हो गयी। वही नए साल के उपलक्ष्य में देर शाम 5 बजे तक दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना हुई। जिसमें चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। वहीं बीते मंगलवार को हुए सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए थे जिसमें से एक की मौत इलाज के दौरान हो गई थी।

# चंदवा : नववर्ष पर लोगो में दिखा उत्साह, पिकनिक स्पॉट रहे गुलजार

### प्रसिद्ध मां उग्रतारा नगर मंदिर में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब, भक्तों ने मत्था टेक लिया मां का आशीर्वाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** नए वर्ष का आगाज बुधवार को प्रखण्ड में लोगों ने पूजा पाठ व पिकनिक मनाकर किया। मंगलवार की रात जैसे ही घड़ी की सूई 12 बजे पर पहुंची लोगों में एक-दूसरे को बधाई देनी शुरू कर दी। लोग सड़क पर उतर आए और पटाखे फोड़ कर नववर्ष का आगाज किया। जगह-जगह युवकों ने डीजे की धुन पर देर रात तक मस्ती की। इधर बुधवार की सुबह से ही विभिन्न मंदिरों में भीड़ उमड़ पड़ी। कड़ाके की ठंड के बाद भी लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। लोग अहले सुबह से ही पूजा-पाठ व भक्ति में लीन देखे गए। इसके बाद ही पिकनिक स्पाटों का रुख किए। देर शाम तक पिकनिक स्पाट गुलजार रहे।

### कांति झरना, झुनझुनिया फॉल समेत विभिन्न पिकनिक स्पॉट पर उमड़े पर्यटक




**प्रसिद्ध मां उग्रतारा नगर मंदिर में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब :** नववर्ष के मौके पर प्रसिद्ध चंदवा में नगर स्थित मां उग्रतारा नगर भगवती मंदिर में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर का पट खुलने के साथ ही अहले सुबह से ही मां के भक्तों का तांता मंदिर पहुंचाया शुरू हो गया था, जैसे जैसे दिन चढ़ता गया भक्तों की भींड बढ़ती गयी। देखते ही देखते मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतार लगी।चंदवा, लातेहार समेत पूरे राज्य व दूसरे प्रदेशों से भी हजारों की संख्या में मां उग्रतारा के भक्त मंदिर मंदिर पहुंचे थे, भक्तों ने मत्था टेककर मां का आशीर्वाद लिया व भक्तिभाव के साथ नव वर्ष की शुरूआत की। मंदिर में पूजन के उपरांत मंदिर के आसपास की खूबसूरत वादियों एवं जलाशयों का भी आनंद सैलानियों ने उठाया।

**सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण व विधि व्यवस्था संघारण को लेकर मुस्तैद रही प्रशासन :** नव वर्ष के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने और सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद नजर आई। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व पुलिस कप्तान कुमार गौरव के निर्देशन में चंदवा पुलिस की टीम के द्वारा इंदिरा गांधी चौक पर सघन वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया। इस दौरान दो पहिया वाहन चालकों से अनिवार्य रूप से हेलमेट का उपयोग करने, ट्रिपल लोड बाइक ना चलने, ओवर स्पीड व शराब पीकर वाहन न चलने की अपील भी की। अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, पुलिस निरीक्षक रणधीर कुमार खुद मोर्चा संभाले नजर आए। प्रशासन के अभियान का ही असर रहा कि देर शाम खबर लेकर जाना तक चंदवा में कहीं से किसी प्रकार की सड़क दुर्घटना की अप्रिय सूचना नहीं आयी थी।

# नाच-गाने और आतिशबाजी के साथ नए साल का स्वागत

### देर रात पार्टी में डूबा रहा लातेहार, 12 बजते ही जमकर हुई आतिशबाजी, दोपहर बाद की जमकर मस्ती



खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** नाच-गाने और आतिशबाजी के साथ लातेहार में नए साल का स्वागत किया गया। नए साल की स्वागत करने के लिए मंगलवार की देर शाम से ही युवाओं की टोली अपने-अपने निर्धारित स्थलों में जुटना शुरू हो गए थे। कही डीजे बॉक्स तो कही पारंपरिक वाद्य यंत्र पर लोग जमकर मस्ती करते दिखे।

मंगलवार की रात घड़ी में जैसे ही 12 बजाय लातेहार-चंदवा में हर जगह आतिशबाजी का शोर गूंजने लगा..आसमान सतरंगी रंगों से साराबोर हो गया। लोग खुशी से झूम उठे और सभी और हैप्पी न्यू ईयर की गूंज सुनाई देने लगी। बुधवार की अहले सुबह से ही सोशल मीडिया में हैप्पी न्यू ईयर का मैसेज आदान-प्रदान होना शुरू हो गया। बुधवार की सुबह धार्मिक स्थलों में भारी भीड़ युवाओं की दिखी। जिले के प्रसिद्ध मा उग्रतारा मंदिर में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए और अपनी अपनी मनोकामना मांगे। इसके अलावा अन्य धार्मिक स्थलों में भी बड़ी संख्या में लोग जुटे और अपनी पूजा पाठ और उपासना की। दोपहर बाद दोस्तो की टोली तो कही पारिवारिक समूह जिले के विभिन्न स्थानों में बैठक आंदन लिया।

इधर नववर्ष पर चंदवा के लाधुप पंचायत पंचायत अंतर्गत सेन्हा चौक से लगभग 7 किमी उत्तर दिशा में स्थित प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट कांति झरना में इस वर्ष भी सैलानियों की भारी भींड देखने को मिली, लातेहार जिले साथ लोहरदगा, रांची, गुमला आदि जिले से भी पर्यटक कांति झरना पहुंचे थे, जहां पर्यटकों ने यहाँ को प्राकृतिक छटा व सौंदर्य का लुत्फ उठाया व मौज-मस्ती की। इसके अलावे चंदवा-मैकलुस्कीगंज सीमावर्ती क्षेत्र के झुनझुनिया फॉल, बोदा के समीप स्थिति 27 नम्बर रेलवे ब्रिज, चंदवा के देवनद स्थित एक्को मार्क, हुटाप स्थित हिंडाल्को नर्सरी, देवनद नदी समेत विभिन्न पर्यटनस्थल सैलानियों से गुलजार रहा।

**इन स्थानों में रही काफी भीड़ :** जिले में सर्वाधिक भीड़ नेतरहाट, बेतला नेशनल पार्क, बूढ़ा जलप्रपात,सुग्गा बांध, मरचिया फॉल,कांति झरना, इको पार्क,पाटम डातम समेत कई स्थानों में थी। जहां दोस्तों का समूह और पारिवारिक समूहों ने जमकर मस्ती की।

**पुलिस रही मुस्तैद :** जिले के कप्तान कुमार गौरव के निदेर्शानुसार सभी पिकनिक स्पॉटों पर सुरक्षा की पूरी तैयारी थी। ड्रिंक एंड ड्राइव पर पुलिस का विशेष नजर था जिसे देखते हुए कई मनचले लड़के छिपते भागते नजर आए। कई स्थानों पर हेलमेट चेकिंग अभियान भी चलाया गया।

### पर्यटक स्थल समेत पिकनिक स्पॉट लोगों से रहा गुलजार



**महुआडांड।** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत लोध जलप्रपात, सुरकई वॉटरफॉल समेत सभी पर्यटन स्थल एवं पिकनिक स्पॉट पर पर्यटक एवं पिकनिक मनाने के लिए पहुंचे लोगों से गुलजार रहा। सुबह घने कोहरे के साथ नए साल के दिन की शुरूआत हुई,जिससे नेतरहाट स्थित सूर्योदय पॉइंट पर पर्यटक सूर्योदय के नजरों का लुफ्त नहीं उठा पाने के कारण निराश नजर आए। हालांकि इन सब के बावजूद उनका उत्साह कम नहीं रहा। प्राकृतिक सुंदर वादीयो में पिकनिक के साथ-साथ सुंदर घाटियों के बीच प्राकृतिक वादीयो का लुप्त उठाते नजर आए। प्रखंड मुख्यालय से महज 23 किलोमीटर की दूरी पर स्थित सुगा बांध पर पर्यटकों की काफी भीड़ नजर आई। राज्य के सबसे ऊंची लोध जलप्रपात पर भी लोगों की भीड़ रही। सुबह लगभग 9:30 बजे तक घने कोहरे के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त दिखाई पड़ा लेकिन जैसे ही धूप खिली लोगों की चहल-पहल बढ़ने लगी। लोगों ने नए साल की शुरूआत भगवान का आशीर्वाद लेकर किया जिससे सुबह मंदिरों में भी काफी भीड़ रही। प्रशासन की ओर से भी लोगों की सुरक्षा और विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जगह-जगह पर पुलिस बल के जवान तैनात किए गए। सभी प्रमुख पर्यटक स्थलों पर मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में पुलिस बल के जवान तैनात किए गए। प्रशासन की मौजूदगी से राहत की बात यह रही की नए वर्ष की पहली तारीख को प्रखंड में कहीं से भी किसी दुर्घटना अथवा अप्रिय घटना की खबर नहीं आई। पूरे शांतिपूर्ण माहौल में लोगों ने नए वर्ष का जश्न मनाया और अपने खुशी के पल को कमरे में भी कैद करते नजर आए।

## नए साल को लेकर प्रशासन अलर्ट, पहाड़ी मंदिर बना आकर्षण का केंद्र



परिवार के साथ पिकनिक मनाते लोग

खबर मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह।** नववर्ष के आगमन पर बुधवार को बरवाडीह के विभिन्न पिकनिक स्पॉटो पर पर्यटकों और लोगों का खासा उत्साह देखा गया। बरवाडीह के प्राचीन पहाड़ी शिव मंदिर, सरईडीह शिव मंदिर, बेतला नेशनल पार्क, पलामू किला, कमलदह झील, केचकी संगम, तातहा पानी, मण्डल डैम, पंपु कल, हुँटार नदी आदि अन्य कई पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। इन स्थानों पर स्कूली छात्र-छात्राओं, परिवारों और दोस्तों की टोलियां नए साल का स्वागत करने में मशगूल रहें। जिला प्रशासन के निर्देश पर नए साल के अवसर पर सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बरवाडीह पुलिस प्रशासन बरवाडीह के विभिन्न प्रमुख पिकनिक स्पॉट पर पूरी तरह मुस्तैद रही। पर्यटन स्थलों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई है। थाना क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा था ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। एसडीपीओ भरत राम ने बताया कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। लोगों से अपील की गई है कि वे सुरक्षा नियमों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें। अफजल अंसारी जे एम एम प्रखंड अधक्ष ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए एसडीपीओ भरत राम, अंचल अधिकारी मनोज कुमार, इंस्पेक्टर संजय कु गुप्ता और थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार और उनकी टीम का आभार जताया है। बरवाडीह का ऐतिहासिक पहाड़ी शिव मंदिर इस बार भी पर्यटकों और पिकनिक मनाने वालों के लिए मुख्य आकर्षण बना रहा। यहां सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी हुई थी। स्कूली बच्चे और युवाओं का उत्साह यहां देखते ही बन रहा था। वे पुराने साल को अलविदा कहने और नए साल का स्वागत करने में पूरी ऊर्जा से जुटे हुए थे।

## एक नजर में

### विहंगम योग संस्थान द्वारा विश्व शांति वैदिक महायज्ञ का किया गया आयोजन

**चंदवा।** लुकूइया स्थित विहंगम योग संस्थान में नववर्ष 2025 के आगमन पर मंगलमय जीवन की कामना को लेकर विश्व शांति वैदिक महायज्ञ व हवन का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच चंदवा प्रखंड समेत पूरे जिले से लोगों ने यज्ञ व हवन में हिस्सा लिया व विश्व शांति की कामना की। अपने संबोधन में झारखंड प्रदेश दक्षिणी क्षेत्र सत्संग प्रभारी नवाहिर उरांव, महिला सत्संग प्रभारी नीरा देवी, जिला परामर्शक विष्णु देव प्रसाद, विजय प्रसाद, बद्री प्रसाद आदि ने विहंगम योग की महता बताई। बताया कि वैदिक महायज्ञ से घर-परिवार के साथ क्षेत्र में शांति व समृद्धि आती है।यज्ञ के पूणार्हुति के उपरांत भंडारे रूपी प्रसाद को ग्रहण कर लोगों ने अपने जीवन का कृतार्थ किया। नववर्ष पर आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय पासवान, राम नारायण राणा, मिंटू भुइयां, बाल गोविंद प्रजापति, रामकुमार उरांव, सुरेश राम, रमेश उरांव, केदार प्रसाद, उमेश साव, रविंद्र प्रसाद डॉ. शिव शंकर सिंह, सुखदेव साव समेत अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### डिग्री कॉलेज के पास बाइक और बोलेरो के टक्कर में तीन युवक की मौत

**लातेहार/मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंजो पंचायत स्थित डिग्री कॉलेज के समीप राष्ट्रीय मार्ग-39 पर दिन बुधवार को लगभग 3:00 बजे बोलेरो और बाइक की आमने-सामने के टक्कर में बाइक पर सवार तीन युवकों का दर्दनाक मौत हो गया है। वहीं नए साल के अवसर पर इस हादसा से स्थानीय लोगों में शोक और दहशत का माहौल बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों वाहन एक-दूसरे के विपरीत दिशा से आ रहे थे इसी क्रम में डिग्री कॉलेज के समीप अनियंत्रित होकर दोनों वाहन आपस में टकरा गए,जिसमें बाइक पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं आसपास के ग्रामीणों के द्वारा दुर्घटना की जानकारी थाना प्रभारी मनिका शशि कुमार को दिया गया जिसके तुरंत बाद ही मनिका थाना से पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और 108 एम्बुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक इलाज के उपरांत बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया गया। वहीं सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने घायलों का जांच करने के बाद मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी लातेहार दुलार चौड़े ने बताया कि बाइक सवार तीनों लोग अभी तक अज्ञात है,इनकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस के द्वारा तीनों युवकों का पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है साथ ही बोलेरो के साथ ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की हुई मौत

**बालूमाथ।** बालूमाथ में यात्री बस फुलांग से हुई टक्कर में घायल युवक की मौत मंगलवार देर रात बालूमाथ अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ननकु गंझु 31 वर्ष पिता हीरा गंझु ग्राम दामोदर थाना चंदवा निवासी को बीते 22 दिसंबर को फूलांग नामक यात्री बस ने टक्कर मार दिया था ।जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था ।और उसका इलाज रांची के रिम्स हॉस्पिटल में किया गया था। जहां से वापस लौट कर वह अपने घर आया हुआ था । इसी दौरान मंगलवार की देर रात उसे खून की उल्टी होने लगी ।जहां उसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

### पिता पर बेटी के प्रेमी की हत्या का आरोप, जांच के जुटी पुलिस

**रंका।** अनुमंडल मुख्यालय के रंका कला गांव के युवक शिशिर मेहता की आत्महत्या वाली मौत संदिग बन गई है। मृतक के पिता भीम कुमार मेहता ने इस मामले को प्रेम प्रसंग से जोड़ते हुए अपने पुत्र की हत्या करने अथवा कराने का आरोप प्रेमिका के पिता पर लगाया है। उन्होंने थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस से इसकी बारीकी से जांच की मांग की है। बता दें कि एक जनवरी को रंका कला गांव में शिशिर कुमार मेहता नामक युवक की लाश उसके छत से फंदे से झूलता हुआ बरामद किया गया था। इस मामले में मृतक के पिता ने थाना में आवेदन दिया है। जिसमें कहा गया है कि वह घर पर नहीं थे। एक जनवरी को उसी मुहल्ले की नेहा मालाकार नामक युवती ने उनकी बेटी प्रियंका को फोन कर बताया कि उसका भाई शिशिर अपने छत पर फांसी लगा लिया है। उनकी बेटी जब छत पर गई तो शिशिर के गर्दन में रस्सी बंाा देखी। उसका एक पैर बक्सा पर टिका हुआ था। भीम मेहता ने पुलिस को बताया कि मुहल्ले के पप्पू मालाकार की बेटी नेहा मालाकार उसके बेटा से प्रेम करती थी। पप्पू इस संबंा से नाराज था। उसने रंका के ही बादल साव, मुकेश कुमार और पंचम चौरी के साथ मिलकर शिशिर की हत्या कर दी एवं उसे फांसी का रूप देने के लिए रस्सी से लटका दिया। रंका थाना पुलिस ने बताया कि शिशिर की मौत को फिलवक्त संदिग मानकर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद स्थिति और स्पष्ट हो जाएगी। पुलिस बहुत जल्द सच्चाई का पता लगा लेगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करेगी।

### विकास माली ने अपने जन्मदिन पर किया मरीजों के बीच फलों का वितरण

**गढ़वा।** कन्या विवाह एवं विकास सोसाइटी के सचिव विकास माली ने अपने जन्मदिन और नववर्ष के आगमन पर एक जनवरी को सदर अस्पताल गढ़वा में मरीजों के बीच फल वितरण किया। मौके पर श्री माली ने कहा कि समाज के वंचित वर्गों की सेवा करना ही मेरे जीवन का उद्देश्य है। जन्मदिन पर इससे बड़ा तोहफा और कुछ नहीं हो सकता कि मैं जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान ला सकूं। विकास ने बताया कि उनकी संस्था गरीब कन्याओं की शादी करवाने के साथ-साथ महिलाओं के सशक्तिकरण और रक्तदान जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक कार्यों में भी अग्रणी भूमिका निभाती है। उन्होंने नववर्ष पर एक नई पहल की घोषणा करते हुए कहा कि नए साल में हम समाज के हर वर्ग तक अपनी सेवाएं पहुंचाने का प्रयास करेंगे। हमारा लक्ष्य है कि गढ़वा में किसी भी मरीज को रक्त की कमी के कारण परेशानी न हो। इसी उद्देश्य से इस साल बड़े स्तर पर रक्तदान कार्यक्रम चलाए जाएंगे। विकास माली ने समाज के सभी लोगों से अपील की कि वे आगे आएं और महिलाओं के सशक्तिकरण तथा गरीबों की मदद के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

### ऑटो रिक्शा चालकों के साथ एसडीओ ने किया संवाद

**गढ़वा।** कॉफी विद एसडीएम ने बधुवार को गढ़वा के ऑटो रिक्शा चालकों ने भाग लिया। एसडीओ संजय कुमार के आमंत्रण पर अनुमंडल कार्यालय स्थित सभागार में आहूत इस विशेष कार्यक्रम में चालकों ने गढ़वा क्षेत्र की स्थानीय परिवहन व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को लेकर अपने कई सुझाव दिए साथ ही अपनी समस्याओं को भी एसडीओ के समक्ष रखा। अटो चालकों ने एसडीओ से कहा कि मेराल रोड, चिनिया रोड, मझिआंव रोड, रंका रोड और रेहला रोड में ऑटो रिक्शा चलते हैं किंतु इन मार्गों पर अलग-अलग टेंपो स्टैंड नहीं है। जिससे मजबूरी वश यत्र-तत्र टेंपो खड़े करने पड़ते हैं, जिससे न केवल यातायात बाधित होता है बल्कि रोज-रोज लड़ाई झगड़े और विधि व्यवस्था की समस्या भी उत्पन्न होती है। उन्होंने बताया कि अभी सिर्फ दानरो नदी किनारे ही एक टैक्सी स्टैंड है जो कि पूरी तरह से व्यवस्थित भी नहीं है, टैक्सी चालकों ने एसडीओ से अनुरोध किया कि सभी मार्गों पर डेडीकेटेड टैक्सी स्टैंड बनाया जाए। साथ ही अटो रिक्शा चालकों ने बताया कि कुछ इलाकों में अलग-अलग तरीके से उन लोगों से अवैध वसूली की जाती है, जिससे वे लोग अनावश्यक परेशान होते हैं।

## मंदिरो में दर्शन और पिकनिक स्पॉट्स के भ्रमण में उमड़ी भीड़



पिकनिक मनाते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा में भी पूरी दुनिया साथ ईसा नववर्ष 2025 की घूम देखी गई। इस दिन लोग मंदिरों के दर्शन और पिकनिक स्थल पर भ्रमण में व्यस्त रहे। गढ़वा जिले के श्री रामल्ला मंदिर, मां गढ़देवी मंदिर, श्री बंशीधर मंदिर, राजा पहाड़ी शिव मंदिर, केतार मां भगवती मंदिर, बाबा खोनहरनाथ शिव मंदिर, मां सतबहिनी झरना तीर्थ मंदिर सहित कई मंदिरों एवं पूजा स्थलों पर श्रद्धालुओं की अच्छी भीड़ देखी गई।

वहीं गढ़वा जिले के अनेक पिकनिक स्पॉट्स सतबहिनी झरना तीर्थ, सुखलदारी झरना, पनघटवा डैम, बंबा डैम, मंडल डैम, अन्नराज घाटी डैम, बंडा पहाड़, कोयल नदी, कनहर नदी, सोन नदी आदि पिकनिक स्पोट्र्स पर पिकनिक मनाने की होड लगी थी। वहीं गढ़वा के बिरसा मुंडा पार्क भी लोगों से खचाखच भरी पड़ी थी। कई लोग जिला मुख्यालय के महंगे और लाइन होटलों में भी सुरुचि भोजन के लिए इकट्ठे दिखे। एक जनवरी को पिकनिक की खुमारी इस कदर थी कि जिला मुख्यालय की सड़के खाली और वीरान दिख रही थीं।

इस दिन कोई हादसा न हो जाए इस ख्याल से सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस बल को तैनात किया गया था। वहीं पुलिस के पदाधिकारी अभी संभावित दुर्घटना स्थल पर पेट्रोलिंग भी कर रहे थे। सदर अस्पताल सहित सभी अस्पतालों को अलर्ट मोड में रखा गया था। वहीं एंबुलेंस सेवा भी त्वरित मोड में थी।

# नए साल में सुरकई फॉल जाने वाले पर्यटकों में नाराजगी

### रोड खराब होने के कारण कई पर्यटक आधे रास्ते से वापस लौटे, रोड बनाने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** सुरकई फॉल इन दिनों पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना है।

इस जलप्रपात की खूबसूरती देखने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंच रहे हैं। जंगलों के बीच बहता ये झरना प्रकृति के करिश्मे का एक अनूठा नमूना है।

सुरकई फॉल तक पहुंचने वाली सड़क की जर्जर हालत पर्यटकों के लिए मुसीबत बन गई है। खराब सड़क के कारण यात्रा काफी कठिन हो गई है। रोड के अभाव में यहाँ पर्यटकों की संख्या बहुत ही कम देखने को मिला अगर यहां रोड की समुचित व्यवस्था हो जाए तो आने वाले दिनों में यह सुरकई फॉल के साथ साथ यहां रहने वालें ग्रामीणों के लिए अच्छा खासा रोजगार का साधन हो जाएगा।

स्थानीय पर्यटक जिला प्रशासन से रोड बनवाने की मांग की है वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मजिस्ट्रेट जोगेश्वर उरांव, एस आई शमशेर खान सहित पुलिस जवान मौजूद थे।

## विभिन्न नदियों पर नए साल के अवसर पर लोगों की उमड़ी भीड़



पिकनिक मनाते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत औरंगा नदी, सेमराहट नदी, दोमुहान नदी,समेत विभिन्न नदियों के तट पर दिन बुधवार को नए साल के अवसर पर पर्यटकों की काफी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं आसपास के क्षेत्र के अलावा दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार वालों और दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने के लिए नदी के तट पर पहुंचे हुए थे।

वहीं दिन बुधवार को सुबह से ही कुहासे छाए हुए थे और कनकनाती हुई ठंड का मौसम बना हुआ था फिर भी लोग नए साल की खुशियां मनाने को लेकर नदी पर पहुंचे हुए थे और पिकनिक मनाने के साथ-साथ नदियों के प्राकृतिक खूबसूरती का भी लुफ्त उठा रहे थे। इस अवसर पर मनिका प्रखंड के समाजसेवी रमेश पासवान, उमेश गुप्ता, विकेश ठाकुर, संजीत कुमार, लल्लू राम, मनोज प्रजापति समेत अन्यों के द्वारा शांतिपूर्ण माहौल में मौज-मस्ती के साथ नए साल का जश्न औरंगा नदी के तट पर मनाया गया।

### नव वर्ष के अवसर पर अंजान शाह दाता के मजार पर लंगर खानी किया गया एहतमाम



**महुआडांड़।** नव वर्ष के अवसर पर हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी उर्स कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद मुस्तकीम के द्वारा नगर प्रतापपुर स्थित अंजान शाह दाता के मजार पर लंगर खानी का एहतमाम किया गया।इससे पूर्व अंजान शाह दाता के मजार पर चादर पोशी व फातिहा खानी किया गया। साथ ही देश दुनिया राज्य में अमन शांति कायम रहे इसके लिए दुआ किया गया। लंगर खानी सुबह 11.00 बजे से प्रारंभ कर दिया गया था। लोग अंजान शाह दाता के मजार पर पहुंच कर लंगर का लुत्फ उठाया। मौके पर लातेहार झारखण्ड मुक्ति मोर्चा युवा ज़िला सचिव परवेज आलम, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा महुआडाड प्रखण्ड उपाध्यक्ष प्रवीण कुजूर,मो हमिद अहमद, मो नसीम अंसारी, मेंहदी हशन, रसीद हजाम, अरशद अली, राजू कुजूर सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

# बेरमो : नव वर्ष के पहले दिन बनासो मंदिर परिसर व कोनार नदी तट पर उमड़ा जन सैलाब

## हर तरफ पिकनिक करने वाले समुहों की भीड़ लगी थी





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/जारंगडीह।** बेरमो कोयलांचल का सबसे प्रसिद्ध मंदिर मां बनासो जो कोनार नदी के तट पर वर्षो से स्थित है जहां आम दिन भी भक्तों की भारी भीड़ लगी रहती है।

मगर नये साल के पहले दिन यहां का नजारा कुछ खास हो जाता है जो बुधवार को देखने को मिला। बनासो मंदिर व उसके आसपास नदी तट पर कही भी खाली स्थान देखने को नही मिली। हर तरफ पिकनिक करने वाले समुहो की भीड़ लगी थी। जिसमें घर परिवार के बड़े बुजुर्गों के अलावे बच्चे भी शामिल थे। नये वर्ष के पहले दिन अहले सुबह से ही यहां लोगो का जुटना शुरू हो गया था, जो समय के साथ और बढ़ता ही चला गया। हर पिकनिक समुह व्यंजन बनाने मे मस्त नजर आ रहे थे। घर की महिलाएं जहां एक ओर भोजन बनाने मे व्यस्त थी तो घर परिवार के पुरुष और बुजुर्ग बनासो मंदिर में पुजा पाठ करते नजर आ रहे थे। बताता चलूं कि यह मंदिर शादी विवाह तथा पिकनिक के लिए काफी चर्चित है।

आसपास के इलाके में यह एकलौता स्थल है जहां खास खास मौको पर क्षेत्र के लोगो की भीड़ उमड़ आती है। यहां भीड़ को देख कर यह प्रश्न उठता है कि यहां लोगों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन कुछ कदम अतिशीघ्र उठाना चाहिए ताकि यहां आने वाले लोग सुरक्षित उत्साह मना सके।

# नागरिक विकास मंच ने नव वर्ष के उपलक्ष्य में किया लिट्टी चोखा भोज का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कथारा।** नागरिक विकास मंच कथारा ने लिट्टी चोखा भोज का आयोजन कथारा चार नम्बर सामुदायिक भवन के प्रांगण में किया। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। मंच ने निर्धन एवं असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। मंच के सदस्यों के द्वारा पूर्व सीसीएल कर्मी मंच के साथी रवि कुमार सिंह को सेवानिवृत होने पर उन्हें शॉल बुके देकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि यह कार्यक्रम अपने आप में बहुत ही अनोखा और स्मरणीय है। इस अवसर पर समाज के सभी सदस्य मिलजुलकर देश का प्रतिष्ठित व्यंजन लिट्टी चोखा को पारंपरिक तरीके से लकड़ी के चूल्हे पर बनाते और आनंद लेते है। इस कार्यक्रम में कथारा कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी डीके सिन्हा, कथारा ओपी प्रभारी राजेश प्रजापति, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक जयंत कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक विद्युत एवं यांत्रिक विपिन कुमार, खान प्रबंधक कृष्ण मुरारी, आर के सिंह, परियोजना अभियंता रत्नेश कुमार, कार्मिक प्रबंधक गुरु प्रसाद मंडल, वही नागरिक विकास मंच के अजय कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, चंद्रशेखर प्रसाद, पवन कुमार सिंह, देवासीष आश, संतोष सिन्हा, गुप्तेश्वर पांडेय, भारत प्रसाद मेहता, सुरेश राम, पिंटू शर्मा, सूर्यकांत त्रिपाठी, वेदव्यास चौबे, विजय यादव, रंजय कुमार सिंह, सुबीर राय, मंसूर खान, बीएन तिवारी, कमलकांत सिंह, प्रवीन कुमार सिंह, एम एन सिंह, बच्चू राम, मो कलीम अंसारी, प्रो श्याम नंदन मंडल, कपिल देव यादव, रणजीत सिंह, लक्की सिंह, हेमंत कुमार, चंदू सिंह, घनश्याम प्रसाद, तपेश्वर चौहान, सोनू पांडे, रविकांत मेहता, विक्की चौहान, रवि चौहान, अश्वनी कुमार, दीपक कुमार, गंगा, धनेश्वर, अर्जुन सहित मंच के सदस्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### अग्रवाल कल्याण महासभा ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण



**बेरमो।** बेरमो स्थित पुराना एक्सीवेशन के समीप दुर्गा मंदिर के प्रांगण में अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सह झामुमो नेता अनिल अग्रवाल के द्वारा कड़ाके की ठंड को देखते हुए दर्जनों जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया उन्होंने कहा कि हमारे परिवार व संस्था के द्वारा पिछले कई वर्षों से समाज में जरूरतमंदों के बीच ठंड के मौसम में कंबल वितरण करते आ रही हैं, आज नव वर्ष का पहला दिन जरूरतमंदों के बीच जाकर सेवा देने का काम किया आगे भी जो बन पड़ेगा सेवा देने का प्रयास रहेगा।

### बोकारो : ईडी राजन प्रसाद सहित 49 इस्पातकर्मी बीएसएल से हुए सेवानिवृत्त



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से दिसंबर 2024 माह में सेवानिवृत होने वाले कुल 13 अधिशासी तथा 36 अनाधिशासी कर्मियों के लिए मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ईडी मानव संसाधन राजश्री बनर्जी एवं ईडी माइंस विकास मनवटी उपस्थित थे। सीजीएम हरिमोहन झा ने आगंतुकों का स्वागत किया एवं एजीएम डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अंतिम निपटारा व मैत्री भवन से सम्बंधित जानकारी दी तथा प्रत्येक सेवानिवृत हो रहे कर्मियों का बायोडाटा प्रस्तुत किया। ईडी राजश्री बनर्जी एवं विकास मनवटी ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने सेवा निवृत हो रहे कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र तथा उपहार भी भेंट किये। मौके पर निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ईडी विभिन्न विभागों के सीजीएम तथा विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। सभी ने सेवानिवृत्त हो रहे राजन प्रसाद को उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

### मूल्य से अधिक दर पर ब्रिकी करने पर उत्पाद विभाग ने लगाया 1.05 लाख का जुर्माना



**बेरमो/बोकारो।** उपायुक्त के निर्देश पर बेरमो बीडीओ मुकेश कुमार ने 28 दिसंबर की देर शाम विदेशी शराब दुकान नया रोड फुसरो में ग्राहक बनकर औचक छापेमारी किया। जिसमें बीडीओ ने मूल्य से अधिक दर पर शराब बिक्री करते हुए पाया। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना उपायुक्त व उत्पाद विभाग को दे दिया। इसी आधार पर मंगलवार को उत्पाद विभाग बोकारो के सहायक आयुक्त ने नया रोड फुसरो स्थित दुकान फुसरो नगर परिषद क्षेत्र नंबर—02, अनुज्ञप्ति संख्या बीओके एफएल 032/2022—23 में मूल्य से अधिक दर पर शराब बेचे जाने पर एक लाख पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना झारखंड राज्य बेवरेज कॉपोरेशन लिमिटेड (जेएसबीसीएल) के द्वारा दिये गये (मानव बल प्रदाता एजेंसी) केएस मल्टी सविर्सेस प्राइवेट लिमिटेड को एक लाख रूपया और शराब दुकान के कर्मी पर पांच हजार रूपया लगाया गया है। बेरमो बीडीओ कुमार ने कहा कि किसी भी विदेश शराब दुकान में मूल्य से अधिक दर पर शराब बेचे जाने की सूचना मिलती है तो त्वरित कार्रवाई की जायेगी।

## स्पीड न्यूज

### बोकारो : डॉ प्रत्यूष को आईएनआई-एसएस में पहला स्थान



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के 2002 बैच का छात्र रहे डॉ प्रत्यूष ने एम्स द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल प्रवेश परीक्षा आईएनआई–एसएस 2024 में देशभर में पहला स्थान मिला है। उन्होंने उक्त परीक्षा के एमसीएच सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग में ऑल इंडिया रैंक वन पाकर अपने विद्यालय बोकारो शहर व पूरे झारखंड को गौरवान्वित किया है। डॉ प्रत्यूष वर्तमान में आर्मी में बतौर लेफ्टिनेंट कर्नल एवं जनरल सर्जन के पद पर जम्मू–कश्मीर में सेवारत हैं। इस कामयाबी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं। रिटायर्ड बीएसएल कर्मी एसएन प्रसाद एवं इंदु कुमारी के पुत्र डॉ प्रत्यूष ने बताया कि फौज में सर्जरी डिपार्टमेंट में रहते हुए पढ़ाई के लिए समय निकाल पाना काफी मुश्किल था। इसके बावजूद उन्होंने दिन–रात मेहनत की। अपनी कामयाबी के पीछे डीपीएस बोकारो के योगदान को महत्वपूर्ण बुनियाद बताते हुए उन्होंने कहा कि आज वह जो कुछ भी हासिल कर सके हैं इसमें निश्चय ही डीपीएस बोकारो का केंद्रीय योगदान है। इसके लिए उन्होंने पूरे विद्यालय परिवार के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हर सफलता हर किसी के लिए संभव है।

### ह्रदय गति रुकने से एक व्यक्ति की मौत

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट पंचयत स्थित डी ए वी स्कूल के समीप बसे राजा मोहला के सुरेश राम की बीते रात अचानक ह्रदय गति रुकने से मौत हो गई। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि व सामाज सेवी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया की ठण्ड बढ़ जाने से गरीब गुरबे को बहुत दिक्कत हो गया है और इस बार सरकार से भी न तो अलावे का व्यवस्था की जा रही है न गरीबो को गर्म कपड़े का वितरण किया जा रहा है और ठण्ड का प्रोकोप बढ़ता ही जा रहा है। वहीं मृतक के परिवार को मदद कर मृतक के शरीर को अंतिम क्रिया कर्म के लिये घाट पर पहुंचाया।

### सिकिदिरी में कार के टक्कर से बिजली के दो खंभे टूट कर गिरे

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी–ओरमांझी पथ के भूसूर मड़ाई के समीप मोड़ में एक वैगन आर कार असंतुलित होकर पेड़ और दो बिजली के खम्भे से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना मंगलवार की देर रात करीब एक बजे की है। इस घटना में कार में बैठे वन विभाग के एक कर्मी घायल हो गए। इस दौरान सिकिदिरी पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से घायल व्यक्ति को अस्पताल भेजा। घायल का नाम पता नहीं चल सका है।

# बोकारो : संगीत कला अकादमी में आयोजित प्रदर्शनी में देशभर के चित्रकारों का जुटान





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** गैलेरिया वीएसवी के सहयोग से बोकारो संगीत कला अकादमी में आयोजित शिव शक्ति विषय-वस्तु पर दो-दिवसीय चित्रांकन सेमिनार सह प्रदर्शनी में चित्रकारों ने कैनवास पर एक्रिलिक का इस्तेमाल करते हुए भगवान शिव और देवी दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों को अलग-अलग माध्यमों से दशार्या।

किसी ने प्रकृति को शक्ति का स्वरूप देकर प्रस्तुत किया तो किसी ने देवाधिदेव महादेव और आदिशक्ति जगदंबा के भव्य स्वरूप को दशार्या। आयोजन की सराहना करते हुए मुख्य अतिथि बीएसएल के ईडी राजन प्रसाद ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बोकारो के लिए गर्व की बात हैं।

इस अवसर पर मुख्य रूप से राम प्रवेश पाल (कला लेखक व चित्रकार) व कोऑर्डिनेटर विकास कुमार तथा बोकारो के चित्रकार रंजीत कुमार सुनील मोदी आदि उपस्थित रहे। रांची से पहुंचे कलाकार हिमाद्रि रमानी ने अपनी पेंटिंग में बिंदुओं के माध्यम से आंतरिक ऊर्जा को दशार्या। वरिष्ठ कलाकार सुनील मोदी ने कहा कि फोटो को देखकर नकल करना कोई आर्ट नहीं।

चित्रांकन व्यक्तिगत अंदाज होता है। आर्टिस्ट रंजीत कुमार ने अपनी पेंटिंग में शिव शक्ति के माध्यम से सृष्टि की उत्पत्ति को अमूर्त कला के रूप में प्रस्तुत किया।

धनबाद से पहुंचे संजय शर्मा ने कहा कि कला जिंदगी को जीना सिखाती है। रांची से पहुंचे कलाकार रामानुज शेखर ने अपनी पेंटिंग में प्रकृति की शक्ति और इसके सौंदर्य को दिखाया।

# बेरमो : ढ़ोरी महाप्रबंधक कार्यालय में नववर्ष स्नेह मिलन का आयोजन



>> जीएम रंजय सिंहा ने अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** ढ़ोरी महाप्रबंधक कार्यालय में नववर्ष का स्नेह मिलन समारोह का आयोजित किया गया। जीएम रंजय सिंहा ने कहा कि नए साल का अवसर नए जोश, नई उमंग और नए उत्साह का अवसर होने के साथ ही सकारात्मकता के साथ नए संकल्प लेने का भी है। उन्होंने पूर्ण निष्ठा, लगन और तत्परता से अपने उत्तरदायित्वों को निभाकर सुरक्षित ढंग से कंपनी हित मे काम करने संकल्प लेने का आह्वान किया। एसओ पी प्रतुल कुमार ने कहा कि नया साल केवल एक नई शुरूआत ही नहीं बल्कि यह हमें निरंतर आगे बढ़ने की और नित नया सीखने के लिए भी प्रेरित करता है। बीते वर्ष से सीख लेकर एक नई उम्मीद के साथ आगे बढ़ना है। इस अवसर पर एसओ मनोज कुमार सिंह, एसओईएंडएम जी मोहंती, एसओ सिविल मनोज कुमार। साह, एसओ एक्स यू के पासवान, एसओपी माला कुमारी, कार्मिक प्रबंधक सुरेश सिंह, सहायक कार्मिक प्रबंधक शालिनी यादव सहित आनन्द वर्मा, उमाशंकर, अरुण कुमार, निर्मल नायक व कर्मी उपस्थित हुए।

# युवाओं में व्याप्त शक्ति, दुनिया को बदल सकती है: महेश त्रिपाठी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो में आयोजित चिन्मय यूथ विंटर कैंप में छात्र-छात्राओं ने कई प्रकार के जीवन उपयोगी कौशल को सिखा एवं हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन किया।

समापन समारोह में विद्यालय प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि युवा होना साहस का पर्याय है। क्षमतावान साहसी युवा ही आकाश की ओर देखते हैं मुस्कुराते हैं देखते ही देखते एक ऊंची उड़ान लेते हैं। विद्यालय सचिव महेश त्रिपाठी ने कहा कि युवाओं में वह शक्ति होती है जो दुनिया को बदल सकती है। पूज्य गुरुदेव स्वामी चिन्मयानंद अक्सर कहा करते थे यूथ आर नॉट यूजलेस बट यूज्ड लेस। मौके पर चिन्मय मिशन बोकारो की स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती अध्यक्ष बी मुखोपाध्याय ने सभी बच्चों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के कैंप से सभी बच्चों के अंदर छुपी हुई प्रतिभाएं खुलकर सामने आती है। विंटर कैंप के समन्वयक निशांत सिंह ने सभी को धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यशाला को सफल बनाने में हरिहर पांडेय संजीव सिंह रणविजय ओझा विशाल मौर्य आदर्श आचार्या नितेश पांडेय प्रवीण कुमार ललिता उरांव कल्याणी सिंह पूजा सिंह सोमा रॉय सोनाली गुप्ता अभिनव राखी रवि सुब्रत गुप्ता मनोज गुप्ता प्रिया राजीव श्रुति रंजन स्वाति मिश्रा तवशरण मारवा अभिनव मनोज तिवारी ज्योति कुमारी अंजली अन्वेषा सांजवाल दिनेश शिवन चक्रवर्ती जय किशन राठौर एवं रूपक झा सक्रिय रहे।

### फुसरो मे 2025 के स्वागत के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**बेरमो।** फुसरो के न्यू दिल्ली पब्लिक स्कूल मे 2025 के स्वागत के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि स्कूल के सचिव महारुद्र नारायण सिंह, डायरेक्टर सुषमा सिंह व जीएसटी मनोज सिंह की माता जी अवतारी देवी आदि ने केक काटकर मनाई। साथ ही साथ नव वर्ष की शुभकामनाएँ और बधाई दिया। सिगर सह एडवोकेट मनोज कुमार सिंह, कृष्ण कुमार के द्वारा एक से बढ़कर फिल्मी गानो सहित महिलाओ और लडकिया ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया किया। अतिथियो द्वारा विजेता और उपविजेता को सम्मानित किया गया। मौके पर संजय सिंह, राकेश शर्मा, लाल सिंह, बिजय सिंह, शरण सिंह राणा, दिलीप गोयल, संजय सिंह सुखविंदर सिंह, खुशबू सिंह, प्रवीण कालरा, विनोद चौरसिया, मनोज शर्मा, विजय कुमार, शंभू यादव, अमन वर्णवाल, अलका कालरा, रीना वर्णवाल, नेहा वर्णवाल, पुनम वर्णवाल, नेहा सोनी, सीमा देवी, नीतू देवी, माहीराज, लक्ष्मी, मोनिका, संगीता सिंह, नारायण ठक्कर, आदि लोग उपस्थित हुए।

# बोकारो : त्रिसप्तिका के 24वें वार्षिक कार्यक्रम में कलाकारों ने दिखाई अपनी प्रतिभा




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** त्रिसप्तिका के सेक्टर दो स्थित कला केंद्र में संपन्न 24वें वार्षिक कार्यक्रम सह तृतीय रजनीकांत प्रभाकर मेमोरियल ट्रॉफी झारखंड कला उत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेल के ईडी भूपेंद्र सिंह पोपली, बीएसएल के सीजीएम आर हरकरनी एवं संस्था के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। त्रिसप्तिका के प्रयासों की सराहना करते हुए पोपली ने कहा कि नृत्य -संगीत जीवन का अकेलापन दूर करता है। यह हमें अनुशासन सिखाता है। उक्त प्रतियोगिता के तहत क्लासिकल सोलो डांस में शगुन प्रतीक्षा सिंह और सान्वी ने क्रमश प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। सेमी क्लासिकल डांस में मुग्धा प्रथम स्थान पर शगुन ने दूसरा तथा हिया बनर्जी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। ग्रुप डांस कंपटीशन में सिंजीनी डांस ग्रुप प्रथम कत्थकायन डांस ग्रुप द्वितीय तथा मूनलाइट डांस ग्रुप तृतीय स्थान पर रहा। ओवरऑल विजेता की ट्रॉफी शगुन को मिली। संस्था के निदेशक अंकिता चक्रवर्ती ने त्रिसप्तिका के कार्यों एवं उपलब्धियों पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। सचिव पूनम प्रभाकर ने धन्यवाद ज्ञापन किया। आयोजन को सफल बनाने में धनंजय चक्रवर्ती नीतू कुमारी वंदना पांडेय एवं अन्य की भूमिका रही।

# किसानों को सब्जी की नहीं मिल रही कीमत, फसलों को ट्रैक्टर से रौंद रहे है

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो/कसमार।** पेटरवार थोक आढ़त में किसानों को 50 रूपये किलो की एक बोरी फूलगोभी मात्र 70 रूपए में बेचना पड़ रहा है। दिन रात कड़ी मेहनत कर अपने खेतों में तैयार किये फसल पर किसान ट्रैक्टर चलाने को विवश हो गए है। कसमार प्रखंड अन्तर्गत जम्हार गांव के मढ़ई टोला किसान रमेश वर्मा रामचन्द्र महतो लखन लाल महतो निरंजन महतो आदि ने लगभग 6 एकड़ जमीन पर उच्च दामों में बीज खरीदकर पौधा तैयार किया गया। लेकिन लगातार वर्षा होने से पहली बार के लगे सभी फसल गल गया। फिर दोबारा प्रति 10 ग्राम बीज का कीमत 600 की दर से खरीद कर 35 हजार पौधा तैयार कर फसल लगाये गए थे। दोबारा फसल लगाये गये तो फसल की लागत भी नहीं आया। किसानों का कहना है कि खेत से तोड़कर फसल को बाजार तक लाने में जो खर्च आ रहा है। उतनी कीमत भी उन्हें नहीं मिल रही है। किसानों ने बताया कि हमारा पूरा परिवार कृषि कार्य पर ही निर्भर है। सालों भर हम लोग कृषि कार्य कर अपने परिजनों का भरण पोषण करते है। बड़ी विकट स्थिति पैदा हो गई है।

### छत्तीसगढ़ी एकता मंच ने वनभोज का किया आयोजन



**बेरमो/कथारा।** नव वर्ष के शुभ आगमन पर बुधवार को छत्तीसगढ़ी एकता मंच कथारा रेलवे कॉलोनी शाखा द्वारा दामोदर नदी तट पर वनभोज का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ी समाज के काफी लोग पूरे परिवार के साथ शामिल हो वन भोज का आनंद उठाया। बच्चे ने अपने अंदाजा मे नए साल को मनाया और जमकर नाचने गाने के साथ साथ भोज का आनंद उठा। इस मौके पर राजेंद्र कुमार, प्यारेलाल, फूल कुमार, शिव कुमार, रुद्र कुमार, जगदीश भारती, हरीश भारती, बाबूलाल और महिलाओं में शकुंतला बाई, जमुना बाई, होम बाई, सुमन देवी, जमुना देवी, पार्वती देवी, सुंदर देवी, संतोषी देवी के अलावा बच्चों में संध्या कुमारी, वर्षा कुमारी, बिट्टू कुमारी, खुशी कुमारी, नैना कुमारी, निशा कुमारी, आलोक भारती, अंशु, मनीष भारती, अमन निराला, सुमित, छोटू, जीतू आदि शामिल थे।


# उन्नत प्रौद्योगिकी से लैस होगी सेना : राजनाथ सिंह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने वर्ष 2025 को सुधारों का वर्ष घोषित किया है, जिसका उद्देश्य सशस्त्र बलों को एक साथ कई क्षेत्रों में संचालन में सक्षम बनाना और उन्नत प्रौद्योगिकी से लैस लड़ाकू सेना बनाना है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं, सुधारों और प्रगति की समीक्षा के लिए नव वर्ष की पूर्व संध्या पर मंत्रालय के सभी सचिवों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की। राजनाथ सिंह ने विश्वास जताया कि यह सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने कहा कि यह देश की रक्षा तैयारियों में अभूतपूर्व प्रगति की

### देश की रक्षा तैयारियों में अभूतपूर्व प्रगति की नींव रखेगा रक्षा मंत्रालय

नींव रखेगा, इस प्रकार 21वीं सदी की चुनौतियों के बीच राष्ट्र की सुरक्षा और संप्रभुता सुनिश्चित करने की तैयारी करेगा । सुधारों का उद्देश्य संयुक्तता और एकीकरण पहल को और मजबूत करना और एकीकृत थिएटर कमान की स्थापना को सुविधाजनक बनाना होगा। रक्षा मंत्रालय ने 2025 में साइबर और अंतरिक्ष जैसे नए डोमेन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, हाइपरसोनिक्स और रोबोटिक्स जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों सहित केंद्रित हस्तक्षेप के लिए व्यापक क्षेत्रों की पहचान की है। इसके अलावा, भविष्य के युद्धों को जीतने के लिए आवश्यक संबंधित रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाएं भी विकसित की जाएंगी।




एक अन्य क्षेत्र जिसकी पहचान की गई है, वह है अधिग्रहण प्रक्रियाएं, जिन्हें तेज और मजबूत क्षमता विकास की सुविधा के लिए सरल और समय-संवेदनशील बनाने की आवश्यकता है। रक्षा क्षेत्र और नागरिक उद्योगों के बीच प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और ज्ञान साझा करने को सुविधाजनक बनाने, व्यापार करने में आसानी में सुधार करके सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देने पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

सरकार रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में विभिन्न हितधारकों के बीच सहयोग, अक्षमताओं को खत्म करने और संसाधनों को अनुकूलित करने के लिए प्रभावी नागरिक-सैन्य समन्वय पर भी ध्यान केंद्रित करेगी।

एक अन्य फोकस क्षेत्र भारत को रक्षा उत्पादों के एक विश्वसनीय निर्यातक के रूप में स्थापित करना, ज्ञान साझा करने और संसाधन एकीकरण के लिए भारतीय उद्योगों और विदेशी मूल उपकरण निमार्ताओं के बीच अनुसंधान और विकास और साझेदारी को बढ़ावा देना भी होगा। इस वर्ष के दौरान पूर्व सैनिकों के कल्याण पर भी ध्यान केंद्रित किया जायेगा और उनकी विशेषज्ञता का लाभ उठाया जाएगा। सरकार उनके लिए कल्याण उपायों के अनुकूलन की दिशा में भी काम करेगी। इसके अलावा, सरकार सांस्कृतिक गौरव और विचारों पर भी ध्यान केंद्रित करेगी, स्वदेशी क्षमताओं के माध्यम से वैश्विक मानकों को प्राप्त करने में विश्वास को बढ़ावा देगी, साथ ही देश की परिस्थितियों के अनुकूल आधुनिक सेनाओं से सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाएगी।

## स्पीड न्यूज

### कार्टूनिस्ट हरीश चंद्र शुक्ला का निधन



**नयी दिल्ली।** प्रख्यात कार्टूनिस्ट हरीश चंद्र शुक्ला काक नहीं रहे। 16 मार्च 1940 को उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के पुरा गांव में जन्मे काक ने बुधवार सुबह गाजियाबाद में अंतिम सांस ली। काक ने जनसत्ता, नवभारत टाइम्स, दैनिक जागरण और राजस्थान पत्रिका आदि से जुड़कर कार्टून जगत में अपनी एक अलग पहचान बनाई।

### महाराष्ट्र में नौ बांग्लादेशी गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र एंटी टेरोरिस्ट स्कॉड (एटीएस) की टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से पिछले चार दिनों में मुंबई, नासिक, नांदेड़ और छत्रपति संभाजीनगर में विशेष मुहिम चलाकर नौ बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। इनमें आठ पुरुष और एक महिला है। एटीएस सूत्रों ने बताया कि महाराष्ट्र एटीएस ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने और रहने वाले बांग्लादेशी नागरिकों के विरुद्ध पिछले एक महीने से विशेष अभियान चला रहा है। इस विशेष अभियान के तहत 19 मामलों में कुल 43 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।

### लखनऊ में युवक ने मां व 4 बहनों की हत्या की

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के नाका थाना क्षेत्र के एक होटल में एक युवक ने बुधवार सुबह अपनी मां और चार बहनों की हत्या कर दी। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी जांच टीम के साथ मौके पर पहुंचे।पुलिस उपायुक्त (मध्य) ने बताया कि आगरा जनपद के रहने वाले अरशद ने होटल शरणजीत में अपनी मां अस्मा, बहनों ,आलिया , अल्शिया, अक्सा और रहमीन की हत्या कर दी है।

### कॉमर्शियल सिलेंडर 16 रुपये हुआ सस्ता

**नयी दिल्ली।** 19 किलोग्राम वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 16 रुपये तक सस्ता हो गया है। हालांकि, घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में बदलाव नहीं हुआ है। नई दरें लागू हो गई हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने बुधवार को 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 16 रुपये तक की कटौती की है। राजधानी दिल्ली में इसका दाम 14.50 रुपये घटकर 1804 रुपये हो गया है, जो पहले 1818.50 रुपये में मिल रहा था। वहीं, कोलकाता में इसकी कीमत 16 रुपये घटकर 1911 रुपये हो गई है, जो पहले 1927 में मिल रहा था। मुंबई में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 15 रुपये घटकर 1756 रुपये का हो गया है, जबकि चेन्नई में यह सिलेंडर 1966 रुपये का मिल रहा है।



नये साल पर पटना महावीर मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

### नये साल का शेयर बाजार ने किया स्वागत, सेंसेक्स 368 अंक उछला

# निवेशकों को 3.08 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा

एजेंसी

**मुंबई ।** घरेलू बेंचमार्क सूचकांक बुधवार को सुस्त वैश्विक संकेतों के बीच बढ़त के साथ बंद हुए। एनएसई पर ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, मीडिया, एनर्जी और प्राइवेट बैंक सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सेंसेक्स 368.40 अंक या 0.47 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,507.41 पर और निफ्टी 98.10 अंक या 0.41 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,742.90 पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक 200.40 अंक या 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51,060.60 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 251.45 अंक या 0.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 57,450.90 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 190.60 अंक या 1.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,959.80 पर बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,743 शेयर हरे और 1,240 शेयर



लाल निशान में बंद हुए, जबकि 88 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 444.43 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 441.35 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.08 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। बाजार के जानकारों के अनुसार, 2025 के पहले दिन बाजार की शुरूआत सकारात्मक रही। रिकवरी व्यापक आधार पर हुई, जबकि रुझान की स्थिरता तीसरी तिमाही में आय वृद्धि पर निर्भर करेगी, जहां तिमाही दर तिमाही आधार पर उम्मीद सकारात्मक है। उन्होंने कहा कि कोर सेक्टर के आंकड़ों में तेजी और पूंजीगत सामान, औद्योगिक, ऑटो और बिजली जैसे राजकोषीय सहायता प्राप्त क्षेत्रों के शेष हिस्से में सरकार द्वारा पूंजीगत व्यय में तेजी की संभावना है। सेक्टोरल फ्रंट पर मेटल, रियलिटी और कमोडिटीज में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स पैक में मारुति, एमएंडएम, एलएंडटी, बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक, पावर ग्रिड और एचडीएफसी बैंक टॉप गेनर्स थे। जबकि, टाटा स्टील, जोमैटो, एचसीएल टेक और एसबीआई टॉप लूजर्स में रहे।

### दिसंबर में जीएसटी कलेक्शन 7.3 % बढ़कर 1.77 लाख करोड़

**नयी दिल्ली।** दिसंबर में जीएसटी राजस्व संग्रह सालाना आधार पर 7.3 फीसदी बढ़कर 1.77 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है, जबकि दिसंबर 2023 में यह 1,64,882 करोड़ रुपये था। हालांकि, जीएसटी राजस्व संग्रह नवंबर में सालाना आधार पर 8.5 फीसदी बढ़कर 1.82 लाख करोड़ रुपये रहा था। जीएसटी महानिदेशालय ने बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया कि दिसंबर महीने में सकल जीएसटी राजस्व संग्रह सालाना आधार पर 7.3 फीसदी बढ़कर 176857 करोड़ रुपये (1.77 लाख करोड़ रुपये) पर पहुंच गया। इसमें केंद्रीय जीएसटी संग्रह 32,836 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी 40,499 करोड़ रुपये, एकीकृत आईजीएसटी 47,783 करोड़ रुपये और उपकर 11,471 करोड़ रुपये रहा। आंकड़ों के मुताबक दिसंबर, 2024 के दौरान 22,490 करोड़ रुपये के रिटर्न जारी किए गए हैं।

## अमेरिका में ट्रक ने भीड़ को कुचला, 10 मरे व 30 घायल

वाशिंगटन। एक ओर पूरी दुनिया में लोग बुधवार को नए साल का जश्न मना रहे हैं वहीं अमेरिका के न्यू ऑरलियन्स के फ्रेंच क्वार्टर में कैनाल और बॉर्बन स्ट्रीट पर एक ट्रक ने बड़ी भीड़ को कुचल दिया। इस हमले में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई जबकि कम से कम 30 लोग घायल हो गये। सीएनएन के मुताबिक न्यू ऑर्लीन्स के बॉर्बन स्ट्रीट पर एक वाहन के भीड़ में घुस जाने से कम से कम 10 लोगों की



मौत हो गई और 30 से अधिक घायल हो गए। न्यू ऑर्लीन्स के मेयर ने नए साल के दिन हुई इस घटना को बहुत बड़ा आतंकवादी हमला करार दिया।

### फिलीपींस में नये साल के जश्न में 340 घायल

**मनीला।** फिलीपींस के स्वास्थ्य विभाग (डीओएच) ने बुधवार को क्रिसमस और नए साल के जश्न के दौरान देश भर में पटाखों से संबंधित 340 चोटों की रिपोर्ट की पुष्टि की है। डीओएच ने कहा कि 22 दिसंबर, 2024 से एक जनवरी, 2025 तक दर्ज की गई चोटों की कुल संख्या पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 34 प्रतिशत कम थी। दक्षिणी फिलीपींस के जाम्बोआंगा शहर में गश्त के दौरान एक पुलिस अधिकारी ने मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात बंदूकधारियों को मार गिराया।

